✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पटना मेट्रो टर्मिनल एवं जीरोमाइल मेट्रो स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 84 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, बुधवार, 20 अगस्त 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने सिर में गोली मार की खुदकुशी

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** चिकसौरा थाना अंतर्गत शाहबाजपुर गांव में एक युवक ने सोमवार की रात सिर में गोली मार खुदकुशी कर ली है। मृतक की पहचान शाहबाजपुर गांव निवासी रामजी प्रसाद यादव के 22 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले कुछ समय से डिप्रेशन में चल रहा था। सोमवार की रात उसने घर में खाना खाया और खुद से सिर में गोली मार खुदकुशी कर ली।

### पोखर में डूबने से बच्चे की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** कल्यापुर थाना क्षेत्र में पोखर में डूबने से सात साल के बच्चे की मौत हो गई। वह पहली कक्षा में पढ़ता था। मृतक अबू बसर मंजिल मुबारक वार्ड नंबर-12 में परिवार के साथ रहता था। बच्चे की मौत की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनों को आपदा राहत राशि जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।

### तालाब में उपलाता मिला अधेड़ का शव

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के शाहपुर गांव स्थित तालाब में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान घोसी थाना क्षेत्र के ठाकुर स्थान निवासी मुंशी मांझी (50) के रूप में हुई है। मृतक के भाई प्रेमचंद मांझी ने बताया कि मुंशी 17 तारीख की शाम को घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं आने पर परिवार ने उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। कल देर शाम को भागलपुर के समीप तालाब में शव उपलाने की सूचना मिली। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला।

### मोबाइल नहीं मिलने पर युवती ने लगाई फांसी

**बक्सर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सोहनी पट्टी मोहल्ले में 20 वर्षीय रोहिणी ने मोबाइल न मिलने पर फांसी लगाकर जान दे दी। रोहिणी पिछले दो दिनों से मोबाइल की जिद कर रही थी। उसने खाना-पीना भी छोड़ दिया था। बताया जाता है कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। रोहिणी का एक भाई निजी दुकान पर इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। उसकी मां दिव्यांग हैं और पिता का पहले ही निधन हो चुका है। भाई की सीमित आमदनी में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल था। ऐसे में बहन की मोबाइल की मांग पूरी नहीं कर पाया।

### पुलिस वैन से टकरा बाइक सवार महिला की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** लाखो थाना के इनियार ढाला के पास मंगलवार को पुलिस वैन और बाइक के टकराने से बाइक सवार महिला की मौत हो गयी जबकि उसका पति और पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गये। हादसे में पुलिस वैन के पलटने से उसपर सवार 40 से अधिक प्रशिक्षु होमगार्ड जवानों में से 12 से अधिक घायल हो गये।

## सीएम नीतीश कुमार की कैबिनेट में 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए फीस सौ रुपये, मुख्य परीक्षाएं होंगी फ्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहारवासियों को बड़ी सौगात दी है। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में प्रतियोगी परीक्षा में फीस और अधिक रोजगार देने वाले उद्योग को मुफ्त में जमीन देने समेत 16 महत्वपूर्व प्रस्तावों पर मुहर लगा दी है। सीएम नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार की प्रतियोगी परीक्षाओं का शुल्क घटाकर 100 रुपये करने की घोषणा की थी। आज कैबिनेट से इसे पास कर दिया है। यानी बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, तकनीकी सेवा अयोग, पुलिस अवर सेवा आयोग, केंद्रीय सिपाही चयन पर्षद की ओर से ली जाने वाली पीटी



परीक्षा का शुल्क मात्र 100 रुपये ही लिया जाएगा। वहीं मुख्य परीक्षा में कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने पथ निर्माण विभाग, वित्त, कृषि, सामान्य प्रशासन, आपदा प्रबंधन, पर्यटन, गन्ना उद्योग, राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रस्तावों पर मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री ने राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों की प्रावधानित राशि को बढ़ा दिया है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 से 2026 में शिक्षकों को 15 हजार की बदले 30 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। कैबिनेट की बैठक में राजगीर में पीपीपी मोड में दो फाइव स्टार होटल और वैशाली में फाइव स्टार रिजॉर्ट खोलना का बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार निजी भागीदारी में इस होटल का निर्माण कराएगी। निजी कंपनी को सरकार जमीन उपलब्ध कराएगी। पर्यटन के विकास को लेकर यह बड़ा फैसला लिया गया है। इसके साथ कई उन महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए हैं जिसमें वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 20 बाजार प्रांगण में राष्ट्रीय कृषि बाजार डीपीआर बेस्ड स्कीम अंतर्गत वन टाइम ग्रांट के रूप में 6 करोड़ रुपए व्यय करने की स्वीकृति दी गयी है। बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता संवर्ग नियमावली 2025 की स्वीकृति भी दी गयी है। इस दौरान बड़ा फैसला सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा सड़क को लेकर लिया गया। दरअसल, दो लेन सड़क को फोर लेन सड़क में विस्तार करने के लिए 539 करोड़ 19 लाख रुपये की मंजूरी दी गई। बैठक में जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के झमन बिगहा गांव निवासी स्वर्गीय उपेंद्र नाथ वर्मा की जयंती राजकीय सम्मान के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है।

## सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार

### 21 अगस्त को दाखिल करेंगे नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का ऐलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। श्री खरगे ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की। पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है जो आरएसएस पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के एक अनुभवी भाजपा नेता हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से अपने नाम का ऐलान किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी दलों से समर्थन की अपील करता हूं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन के अनुसार आम आदमी पार्टी भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रेड्डी का समर्थन कर रही है।

## कोचिंग जा रहे छात्रों को ट्रक ने कुचला, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर सदर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड मोड़ के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कोचिंग जा रहे दो छात्रों की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। मृतक छात्रों की पहचान प्रसादी इंग्लिश गांव निवासी रिशु कुमार (17) और दिवाकर कुमार (18) के रूप में हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक भागने की कोशिश कर रहा था। स्थानीय लोगों और सदर थाना पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया है। सदर थाना अध्यक्ष मोहम्मद अली साबरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अरवल सदर अस्पताल भेजा। हादसे की मुख्य वजह




अरवल बाजार में अतिक्रमण है। बाजार की सड़क बेहद संकरी है। दुकानदार सड़क किनारे अपना सामान रखते हैं। इससे पैदल चलने वालों को भी सड़क पर चलना पड़ता है। वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए एक ही रास्ता होने से हादसे का खतरा बना रहता है। घटना की खबर पूरे जिले में फैल गई। सदर अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रसादी इंग्लिश बाजार में मृतक छात्रों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सीएम ने 5353 अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चुनावी वर्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य भर के 5353 अभ्यर्थियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री सचिवालय संवाद कक्ष में आयोजित समारोह में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 4835 विद्यालय लिपिक तथा 518 विद्यालय परिचारी की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को शुभकामनाएं दी। बता दें कि बिहार सरकार ने वर्ष 2006 से शिक्षा विभाग के तहत मृत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पहले इन्हें शिक्षक पद पर नियुक्त किया जाता था लेकिन आवश्यक योग्यताओं की कमी के चलते यह प्रणाली संशोधित की गई। वर्ष 2020 में सरकार ने नया प्रावधान किया जिसके अंतर्गत ऐसे अभ्यर्थियों को विद्यालय लिपिक और विद्यालय परिचारी के पदों पर नियत वेतन पर नियुक्त किया जाने लगा। यह व्यवस्था




वर्ष 2024 तक लागू रही और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। वर्तमान में राज्य सरकार ने इन पदों को राज्यकर्मी की श्रेणी में शामिल कर लिया है। इसके तहत अब अनुकंपा पर नियुक्त विद्यालय लिपिक एवं परिचारी को बेहतर वेतन और सेवा शर्तें प्राप्त होंगी, जिससे उनकी नौकरी अधिक सुरक्षित और स्थायी हो सकेगी। आज पूरे राज्य में कुल 5353 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गई जिसमें 4835 विद्यालय लिपिक और 518 विद्यालय परिचारी शामिल हैं। अकेले पटना जिले में 212 लिपिक और 28 परिचारी नियुक्त किए गए हैं।

## 410 डॉक्टरों को मिला नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में मंगलवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 410 चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभाग का परिवार लगातार बड़ा हो रहा है। हाल के महीनों में विशेषज्ञ चिकित्सक, आयुष डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एएनएम और जीएनएम की बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं। आज 410 एमबीबीएस डॉक्टरों की नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। साथ ही अगले महीने से नए हेल्थ सब-सेंटर खोलने का कार्य भी शुरू होगा। उन्होंने बताया कि केवल पिछले तीन महीनों में ही राष्ट्रीय




स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगभग 1200 चिकित्सकों की नियुक्ति राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा की गई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3000 से अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पिछले 11 महीनों से दवा वितरण के मामले में बिहार पूरे देश में पहले स्थान पर है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक समय पर पहुंचें, इसके लिए ये नियुक्तियां की जा रही हैं। मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के लोगों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आप सभी मृदुभाषी बनें और सेवा को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ निलेश रामचंद्र देवरे, अपर सचिव वैभव चौधरी, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह समेत विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिहार के सरकारी कर्मचारियों को 2026 में मिलेंगी 44 छुट्टियां

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नीतीश सरकार ने आगामी साल 2026 की सरकारी छुट्टियां का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके तहत कुल 44 दिनों की छुट्टियां मिलेंगी। इसकी घोषणा सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव पर नीतीश कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद की गई है। जारी लिस्ट के मुताबिक 2026 में सरकारी कार्यालयों में 11 दिनों का सामान्य अवकाश रहेगा। ये वो छुट्टियां होंगी जब सभी सरकारी दफ्तर पूरी तरह बंद रहेंगे। इसके साथ ही 15 दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके तहत सभी सरकारी कार्यालय पूरी तरह बंद रहेंगे। इसके अलावा कर्मचारियों को 17 दिनों का ऐच्छिक या प्रतिबंधित अवकाश दिया जाएगा। साथ ही एक दिन वार्षिक लेखाबंदी के लिए निर्धारित किया गया है, जब सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। इस तरह कुल मिलाकर 44 छुट्टियों की व्यवस्था की गई है।

## पूर्व मंत्री नागमणि समेत कई लोग भाजपा में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के करीबी व पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा, पूर्व मंत्री नागमणि, उनकी पत्नी सुचित्रा सिन्हा और भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के संस्थापक आशुतोष कुमार भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के समक्ष इन नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। दिलीप जायसवाल ने कहा कि अब यह बात सभी लोग मान चुके हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार की जरूरत हैं। भाजपा ने बिहार में विकास की लकीर खींचने का काम किया है। पूर्व मंत्री नागमणि, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा और भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के आशुतोष कुमार के भाजपा में आने से पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी। हमारा मकसद इन्हें सम्मान दिलाना है। वहीं पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने कहा कि आज मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। जब मैं आईपीएस की नौकरी छोड़ी थी तब प्रदेश अध्यक्ष को नमस्ते किया था। मैं बचपन से ही भाजपा से अधिक प्रभावित हूं। मैं भाजपा के माध्यम से समाज में बेहतर काम करना चाहता हूं। देश का अगर भला हो सकता है तो वह भाजपा ही कर सकती है। मैं शपथ लेता हूं कि जब तक जिऊंगा तब तक इस पार्टी और बिहार के लिए काम करूंगा। भाजपा मजबूत होगी तभी बिहार मजबूत होगा। आनंद मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि मैं बस भाजपा को मजबूती देने के लिए आया हूं।

## बिहार में बड़े पैमाने पर की जा रही वोट चोरी : राहुल गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज बिहार की जनता को वोट चोरी की साजिश से आगाह करते हुए कहा कि पहले आपका वोट का अधिकार छीना जाएगा, फिर राशन कार्ड और उसके बाद आपकी जमीन अडानी-अंबानी को सौंप दी जाएगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव व इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं के साथ नवादा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। तीसरे दिन यात्रा के मार्ग पर हजारों की संख्या में खड़े लोगों ने जगह-जगह झंडे-बैनर और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। खुली जीप में सवार वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। नवादा में सभा के दौरान एक स्थानीय निवासी सुबोध कुमार ने बताया कि उनका



नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है जबकि उन्होंने लोकसभा चुनाव में न केवल वोट डाला था बल्कि वो चुनाव एजेंट भी थे। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में सुबोध जैसे लाखों लोग हैं जिनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। जनसभा में उमड़ी भीड़ से सीधा संवाद करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर लोगों के संवैधानिक अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट जनता का अधिकार है, संविधान वोट का यह अधिकार देता है। एसआईआर के जरिए यह अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर छीन रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देश कुछ अरबपतियों का नहीं, बल्कि सभी किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं का है। उन्होंने कहा कि गलत जीएसटी, नोटबंदी जैसे फैसले अरबपतियों के फायदे के लिए होते हैं, जिससे आम जनता को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक राज्य में लगभग एक करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए, जिससे भाजपा ने जीत हासिल की। विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग से इन एक करोड़ नए वोटरों के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन यह नहीं दी गई। मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी मांगी तो कानून ही बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि अब बिहार में एसआईआर के नाम पर भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी की साजिश कर रहे हैं। लेकिन इंडिया गठबंधन और बिहार की जनता उन्हें सफल नहीं होने देगी।

स्थापित- 24.10.1999 संस्कार पूर्ण शिक्षा, तनाव मुक्त शिक्षा U DISE CODE-10281211802

आवासीय पुनीत ज्ञान मंदिर

दिलकुंवर मार्केट, लखीबाग, मसौढ़ी (पटना)

C.B.S.E पैटर्न पर आधारित

वर्ग-PLAY TO VIIIth

यहाँ नवोदय, नेतरहाट, सैनिक एवं सिमुलतला परीक्षाओं की तैयारी करायी जाती है

नामांकन जारी

26 वर्षों से लगातार अच्छा रिजल्ट देने वाला एकमात्र संस्थान

- हमारे यहाँ छात्रावास (Hostel) की सुविधा उपलब्ध
- हमारे यहाँ कमजोर छात्र और छात्राओं के लिए अलग से Class की सुविधा।



सच्चिदानन्द सुधाकर

प्राचार्य:-

7061630548

## डीडीसी की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र में मासिक बैठक

# समय पर लक्ष्य को पूरा करने का बैंकों को दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम समहरणालय परिसर के डीआरडीए सभागार में उपविकास आयुक्त रोहतास की अध्यक्षता में पीएमइजीपी, पीएमएफएमइ, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएम विश्वकर्मा एवं बिहार लघु उद्यमी योजना की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई जिसमें सभी बैंकों के जिला बैंक समन्वयक जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक पीएनबी, डीडीएम नबार्ड, महाप्रबंधक, परियोजना प्रबंधक एवं डी आर पी द्वारा भाग लिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त द्वारा योजनावार समीक्षा की गई और बैंको को निर्देश दिया गया कि वे समय पर लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चत करें। निर्देश दिया कि आगामी बैठक में तुलनात्मक प्रतिवेदन उपलब्ध्य कराया जाए ताकि बीते एक माह की उपलब्धि की समीक्षा की जा सके। ज्ञात हो कि इस वर्ष पीएमइजीपी में कुल 70 लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र 7 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत की गई है एवं पीएमएफएमइ में कुल 339 लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध केवल 60 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत की गई है। महाप्रबंधक द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि किसी भी योजना का आवेदन एक सप्ताह से अधिक लंबित नहीं रखें। साथ ही जो ऋण आवेदन स्वीकृत हो चुका है उसे 15 दिनों के अंदर भुगतान करना सुनिश्चत करें। इन्होंने एचडीएफसी, आईडीबीआई एक्सिस बैंक, बन्धन बैंक को ससमय लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा पिछले वर्ष की सब्सिडी नहीं मिलने की बात उठाई गई। इस संबध में महाप्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य स्तर पर अपर मुख्य सचिव उद्योग विभाग द्वारा सभी बैंकों के वरीय पदाधिकारियों को आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र लंबित सब्सिडी का भुगतान किया जाएगा। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा सभी बैंको से अनुरोध किया गया कि 15 सितम्बर तक पीएमइजीपी इयूओ पीएमएफएमइ के लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत करना सुनिश्चित करें।



## उत्पाद टीम पर हमला मामले में 9 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास )।** थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव में उत्पाद विभाग पर हमला मामले में अवर निरीक्षक अजित कुमार के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है जिसमें 9 लोगों को नामजद तथा 20-25 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा लगभग 4 लीटर शराब बरामद किया गया है। इस मामले एसडीपीओ बिक्रमगंज संकेत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को दोपहर तीन बजे छापेमारी की गई जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो अलग-अलग स्थानों से लगभग 4 लीटर शराब बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि सोमवार की रात उत्पाद विभाग के टीम पर हुए हमला में अवर निरीक्षक के जख्मी होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसी रात चार लोगों को हिरासत में लिया गया था। उनलोगों के बयान के आधार पर मंगलवार को थानाध्यक्ष बिक्रमगंज ललन कुमार और उत्पाद विभाग के टीम के साथ छापेमारी की गई। रवि कुमार पिता बैजू सिंह के घर पर छापेमारी की गई जहां से भूसा वाले घर से दो बोतल बियर बरामद किया गया। हालांकि अभियुक्त फरार हो गया। छापेमारी के क्रम में चिंटू पासवान पिता स्व. गिरधारी पासवान के घर से 1.550 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया तथा मौके पर से चिंटू पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा दो अन्य आरोपी गोल्डेन कुमार पिता बुधन सिंह, भुली कुमार पिता कणकण पासवान को भी गिरफ्तार किया गया। इस मामले में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अजित कुमार के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें 9 नामजद तथा 20 - 25 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के पेवंदी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक का नाम नितेश यादव उर्फ निशू यादव पिता वीरकुंवर सिंह उम्र करीब 20 वर्ष बताया गया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक देसी कट्टा और फायर खोखा बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक नितेश यादव उर्फ निशू यादव उम्र करीब 20 वर्ष ग्राम पेवंदी थाना चेनारी जिला-रोहतास को विधिवत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

## धान की फसल लगी भूमि पर सड़क निर्माण का किसानों ने किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए धान की फसल लगी अधिग्रहित भूमि पर सड़क निर्माण को लेकर कैमूर के किसानों में काफी नाराजगी है। जिले के चैनपुर मौजा में धान की फसल लगी भूमि पर सड़क निर्माण के लिए चल रहे जेसीबी को किसानों ने रोकने का प्रयास किया। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसर एवं जवानों ने किसानों को पकड़कर किनारे हटाया। किसानों का आरोप है कि अधिग्रहित भूमि का अबतक जिला प्रशासन द्वारा मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करने से पहले कोई सूचना भी नहीं दिया गया। बरसात के इस मौसम में निर्माण कंपनी के द्वारा अचानक जबरन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बता दें कि उचित मुआवजा की मांग को लेकर जिले के किसान तीन चार वर्षों से एक्सप्रेस-वे निर्माण का विरोध करते आ रहे हैं।

## पैक्स अध्यक्ष की बाइक चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास )।** काराकाट थाना के बाहर से बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है । पीड़ित पैक्स अध्यक्ष ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। काराकाट थाना क्षेत्र के अमरथा पंचायत पैक्स अध्यक्ष लालमोहर सिंह ने बताया कि मंगलवार को दोपहर वह अपनी बाइक को काराकाट थाना के गेट से बाहर महज 8 से 10 मीटर दूर खड़ी कर थाना परिसर में चले गए।

## शाहाबाद में डीआईजी व रोहतास के एसपी व थानाध्यक्ष का नंबर बदला

### पुलिस मुख्यालय ने बीएसएनएल के बदले एयरटेल का नया नंबर दिया

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी व रोहतास जिले एसपी समेत पुलिस पदाधिकारियों से संपर्क के लिए अब नया मोबाइल नंबर जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने पुराने बीएसएनएल नंबरों की जगह एयरटेल नंबर आवंटित किए हैं।

इसके तहत शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक(डीआईजी), पुलिस अधीक्षक एसपी सभी

एसडीपीओ , अंचल निरीक्षक एवं सभी थानाध्यक्षों का नंबर बदल गया है। वरीय पुलिस पदाधिकारी से थाना स्तर तक वर्तमान में कार्यरत बीएसएनएल नंबर के स्थान पर एयरटेल का नया नंबर आवंटित किया गया है। अब से सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारियों से एयरटेल के नंबरों के माध्यम से ही संपर्क हो सकेगा।

डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश - 9031826487, एसपी रौशन कुमार- 9031826488, एसडीपीओ, डिहरी-एक अतुलेश झा, 9031826489, एस डीपीओ, डिहरी दो -9031826500, एसडीपीओ सासाराम एक- 9031826525, एसडीपीओ सासाराम दो, 9031826535, एसडीपीओ बिक्रमगंज, 9031826509, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात-9031826529, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर, 9031826499, अंचल निरीक्षक, डिहरी 9031826490, अंचल निरीक्षक, सासाराम 9031826526, अंचल निरीक्षक, अमझोर, 9031826501 अंचल निरीक्षक, शिवसागर, 9031826531, अंचल निरीक्षक, नोखा, 9031826539, अंचल निरीक्षक, बिक्रमगंज, 9031826510, अंचल निरीक्षक, नासरीगंज, 9031826521, डिहरी नगर थाना, 9031826491, डिहरी मु० थाना, 9031826492, अकोढ़ीगोला थाना, 9031826494, दरिहट थाना, 9031826495, महिला थाना 9031826497, एस०सी०/एस०टी० थाना, 9031826498, आयरकोठा थाना, 9031826496, इन्द्रपुरी थाना, 9031826493, तिलौथू थाना, 9031826502, रोहतास थाना, 9031826505, अमझोर थाना, 9031826504, नौहट्टा थाना, 9031826506, चुटिया थाना, 9031826507, यदुनाथपुर थाना 9031826508, सासाराम नगर थाना 9031826527, सासाराम मु० थाना, 9031826536, घौडाढ़ थाना 9031826528, शिवसागर थाना 9031826532, चेनारी थाना 9031826533, बड्डी थाना 9031826534, करगहर थाना, 9031826537, कोचस थाना, 9031826538 नोखा थाना 9031826540, बघैला थाना 9031826541, अगरेर थाना 9031826544, यातायात थाना 9031826530, दावथ थाना 9031826512, बिक्रमगंज थाना 9031826511, दिनारा थाना 9031826513, नटवार थाना 9031826514 संझौली थाना 9031826518 सूर्यपुरा थाना 9031826520, नासरीगंज थाना 9031826522 काराकाट थाना 9031826523 कच्छवां थाना , 9031826524 जमुहार ओ०पी० , 9031826546, सिसिरता ओ०पी०, 9031826545 सेमरा ओ०पी०, 9031826515 , टी०ओ०पी०-1 नप बस स्टैण्ड डिहरी, 9031826548 टी०ओ०पी० ॥ तारबंगला 9031826551, टी०ओ०पी०-1 गोला बाजार (सासाराम), 9031826553, टी०ओ०पी०-III गौरक्षणी (सासाराम) 9031826557, टी०ओ०पी०-1 चंदनतन पहाड़ (सासाराम), 9031826547 , टी०ओ०पी०-II सागर नाका (सासाराम) 9031826556।

## कैटनरी वायर की चोरी कर ले जाते चोर रंगे हाथ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि मुखबिर खास द्वारा प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए निरीक्षक प्रभारी बृजेश कुमार के निर्देशन में उप निरीक्षक कुमार गौरव साथ सहायक उपनिरीक्षक सरोज कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं आरक्षी आलोक कुमार के द्वारा रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन से दक्षिण टूटे-फूटे रेलवे क्वार्टर के मलबे में उगे हुए जंगल- झाड़ में एक व्यक्ति मोहम्मद अरबाज, उम्र करीब 23 वर्ष, पिता मोहम्मद मुन्ना, ग्राम जखखी बिगहा, थाना डिहरी नगर, जिला रोहतास, (बिहार) को रेलवे के करीब 09 किलोग्राम ओ.एच.ई एवं कैटनरी वायर चोरी कर ले जाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन आए एवं उक्त घटना के संबंध में उप निरीक्षक कुमार गौरव द्वारा दिए गए लिखित शिकायत पत्र के आधार पर उक्त पकड़े गए व्यक्ति मोहम्मद अरबाज के विरुद्ध संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया जिसे दिनांक 20.08.25 को न्यायालय के समक्ष अग्रसारित किया जाएगा।

## बिहार में बदलाव की बयार 2025 में तेजस्वी की सरकार : गुड्डू चन्द्रवंशी

### मताधिकार यात्रा अभूतपूर्व रूप से सफल रही : असलम कुरैशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चन्द्रवंशी ने कहा कि महागठबंधन का मताधिकार यात्रा में लाखों लोग मौजूद रहे। उन्होंने सदर चौक पर भव्य स्वागत किया। कहा कि यात्रा के दौरान चारों ओर 'बिहार में बदलाव की बयार है, 2025 में तेजस्वी यादव की सरकार है' जैसे नारों की गूंज सुनाई देती रही। सुअरा में आयोजित ऐतिहासिक जनसभा में सभी नेताओं ने केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा एनआईआर के बहाने मताधिकार में कटौती और कथित वोट चोरी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस षड्यंत्र के खिलाफ सजग और तकनीकी रूप से तैयार रहें। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि वोट चोरी पर रोक नहीं लगी तो बिहार में जनांदोलन खड़ा किया जाएगा। डिहरी शहर के मार्ग पर जगह-जगह तोरणद्वार बनाए गए थे जहां हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होकर महागठबंधन के नेताओं का स्वागत कर रहे थे। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता असलम कुरैशी ने कहा कि रोहतास जिले में आयोजित मताधिकार यात्रा अभूतपूर्व रूप से सफल रही। उन्होंने कहा कि डिहरी शहर में जन सैलाब उमड़ पड़ा था। उन्होंने डिहरी बाजार में भव्य स्वागत किया तथा राहुल गांधी से हाथ मिलाया। इस यात्रा में नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष बिहार विधानसभा तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ इंडिया महागठबंधन के अनेक राष्ट्रीय नेता शामिल हुए। पूरे जिले के गांव-गांव से उमड़े जनसैलाब ने नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प भी लिया। वहीं नवाब अख्तर अंसारी पानी वाले ने अपने नेता को घड़ी देकर स्वागत किया तथा भीड़ में आये लोगों को सैकड़ों पानी का बोतल वितरण किया। कांग्रेस ओबीसी के प्रदेश के वरिष्ठ नेता रोहन लाल मेहता, नगर अध्यक्ष अरविंद सिंह उर्फ ठाकुर ने भव्य स्वागत किया। वहीं डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने पाली रोड में फुलों की वारिस कर स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उसको तिरंगा का पट्टा दिया।



## बजाज मोटरसाइकिल एजेंसी में बदमाशों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** स्थानीय थाना क्षेत्र तिलौथू के गैस एजेंसी के समीप बजाज मोटरसाइकिल एजेंसी में बीती रात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बजाज एजेंसी में कार्यरत कर्मी विशाल कुमार ने बताया कि एजेंसी के पीछे से दरवाजा तोड़कर एक युवक शर्ट से मुंह बांधे हुए अंदर आता है जो सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है और इधर-उधर काउंटर में ढूंढ रहा है। इसके बाद काउंटर में रखे 10 हजार रुपए लेकर चलते बना।

## डिहरी में शहनवाज हुसैन का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव के आवास पर जिला अध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में करीब 10 किलो का फूलों माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा नेताओं ने अंग वस्त्र बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, नन्द किशोर सिंह उर्फ पप्पू, प्यारेलाल ओझा, शिव नारायण यादव, अमित कुमार पटेल, मुन्ना लाल कशेरा, कुंवर सिंह, विष्णु प्रसाद, रवि पासवान, धनंजय शर्मा, रमन सिंह, संजय यादव, शकुंतला देवी, दिनेश गुप्ता, अमित गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



## चुनाव आयोग मताधिकार चुनौती को स्वीकार कर जवाब दे : राजेंद्र पासवान

**सासाराम।** कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि डेमोक्रेसी को बचाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ इंडिया गठबंधन में शामिल भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य मताधिकार यात्रा देश की आत्मा को जोड़ने वाला यात्रा को जोरदार समर्थन के साथ सासाराम के सुअरा हवाई अड्डा पर उमड़े जन सैलाब ने यह सिद्ध कर दिया कि अपने मताधिकार को बचाने के लिए वोट चोरी करने वाले देश और बिहार के एनडीए सरकार की चूल हिला दी है।


## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/25/53, दिनांक 18.08.2025।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 10252468;** विंड स्क्रीन वाइपर असेम्बली; ₹ 0; ₹2,18,910 और 11.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 15235115ई;** 6 टन की क्षमता वाले विद्युतीय हीट ट्रीटमेंट फर्नेस (स्ट्रेस रिलीविंग) की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत; ₹ 0; ₹ 2,36,540 और 08.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 21255013;** अपग्रेडेड हाई टेंसाइल सेंटर बफर कपलर आदि; ₹ 0; ₹ 50,00,000 और 10.10.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 11251811;** डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक की प्राप्ति आदि; ₹0; ₹ 8,28,760 और 09.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **5; 11252654ए;** बायो टैंक माउण्टिंग ब्रैकेट्स का सेट आदि; ₹ 0; ₹ 3,43,100 और 11.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **6; 20252182;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सी-के-407, रिव.-04 ऑफ़ मार्च 2023 के अनुसार ईएमयू कोचों के एयर स्प्रिंग सस्पेंशन के लिए लेवलिंग वाल्व; ₹ 0; ₹ 4,55,270 और 04.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 20251093;** ईएमयू कोचों की एयर सस्पेंशन सिस्टम के लिए लीवर की स्थापना; ₹ 0; ₹ 2,12,140। **8; 20252119;** भेल ईएमयू के 4601 एजेड टाइप टीएम आर्मेचर के लिए कम्यूटेटर असेम्बली; ₹ 0; ₹14,30,910 और 08.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 7 एवं 8 प्रत्येक के लिए)। **9; 20253031ए;** केपीए ड्राइंग संख्या टीएम. 2एचई.755 तथा टीएम.3एचई.2444 के अनुसार 4303 डीवाई टाइप टीएम के लिए आर्मेचर पावर एवं एक्वालाइजर कॉयल्स का सेट; ₹ 0; ₹2,18,060 और 04.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **10; 14251001;** आरडीएसओ/एसपीएन/177/2012 संस्करण 3 (नवीनतम संस्करण और संशोधन यदि कोई हो तो अद्यतित) के अनुसार माइक्रो कंट्रोलर लॉजिक कार्ड (एमएलबी 1 = 50% और एमएलबी-2 = 50%) सिंगल सेक्शन डिजिटल टाइप एक्सल काउंटर एसएसडीएसी की प्राप्ति, सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए उपयुक्त। निर्माता : एसएसडीएसी, फेज रिवर्सल टाइप आदि; ₹ 0; ₹ 1,85,100। **11; 14251036;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सं. एसटीएस/ई/रिलेस/एसी एलआईटी एलईडी सिग्नल/09-2002, संशोधित 1 बीआरएस: 941ए, आईआरएस: एस-34 और आईआरएस: एस-23 (जैसा लागू हो) के अनुसार रिले, प्लग इन टाइप, स्टाइल "एसी-एलईडी" सभी पहलुओं, एसी लैंप प्रोविंग रिले यूनिट के साथ इन-बिल्ट करंट ट्रांसफॉर्मर टाइप, स्लो रिलीज न्यूट्रल लाइन रिले, 4एफ, 4बी, कॉन्टैक्ट्स, फ्रंट और बैक कॉन्टैक्ट्स, मेटल टू कार्बन की प्राप्ति जो 15 वाट पर 110 वोल्ट एसी, एलईडी सिग्नल लैंप रेटेड के साथ श्रृंखला में काम करने के लिए उपयुक्त होगा। इस इकाई के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीडीएचके आदि होगा; ₹ 0; ₹ 1,39,860। **12; 14251043;** बीआरएस-930, आईआरएस-एस-34 और आईआरएस-एस-23 (जैसा लागू हो, संशोधित अद्यतित) के अनुरूप प्लग बोर्ड, रिटेनिंग क्लिप और कनेक्टर के साथ कॉम्प्लीट रिले, नॉन-एसी इम्यून प्लग-इन-टाइप, स्टाइल "क्यूएन1" डीसी न्यूट्रल लाइन, 24वी, 8एफ/8बी कॉन्टैक्ट्स, फ्रंट और बैक कॉन्टैक्ट्स मेटल टू कार्बन की प्राप्ति। इस इकाई के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीसीडीएफ आदि होगा; ₹ 0; ₹1,25,740 और 03.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 10 से 12 प्रत्येक के लिए)। **13; 21251411;** लॉक बोल्ट पिन 7/8 (22.2 मिमी.) व्यास आदि; ₹ 0; ₹ 10,01,500 और 10.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **14; 08251694ए;** डिस्कनेक्टिंग और अर्थिंग डिवाइस, 8 पोल 2 वे की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,06,840 और 03.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **15; 15255079;** फ्लोर व्हील लेथ मशीन (बीजी) के तहत सीएनसी की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0; ₹16,15,960 और 08.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **16; 20251082;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए योक; ₹ 0; ₹ 3,55,530 और 17.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **17; 22251316ए;** इंजेक्शन एमिसिज़ुमैब 60 मिलीग्राम/शीशी; ₹ 0; ₹ 0 और 01.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **संशोधनी:** निम्नलिखित निविदाओं के लिए जारी की गई संशोधनी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें: 21251381ए निर्धारित तारीख 01.09.2025; 21251208 निर्धारित तारीख 10.09.2025। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-30/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**


## पटना रैली को लेकर पीडीएस विक्रेताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर(कैमूर)।** प्रखंड शिवमन्दिर प्रांगण में मंगलवार को जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तथा संचालन शिवपूजन शुक्ला ने किया। इस बैठक में प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित रहे जहां अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विशेष चर्चा किया। इस दौरान कई विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। साथ ही 9 अगस्त से पश्चिमी चंपारण की धरती से पथ यात्रा के माध्यम से अंबिका यादव द्वारा डीलरों के आठ सूत्री मांगों को लेकर 22 अगस्त को गांधी मैदान पटना आ रहे हैं। इस पद यात्रा में शामिल होने के लिए पीडीएस डीलरों ने निर्णय लिया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है जबकि सबसे निचले स्तर पर दुकानदार ही कार्य करते हैं। फिंगरप्रिंट मशीन से कराए जा रहे कार्य से दुकानदारों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उपभोक्ता और दुकानदार के बीच बराबर नोंक-झोंक की स्थिति बन रही है। चूंकि मशीन काफी पुराना हो चुका है न नेटवर्क रहता है न बैट्री चलती है उन्होंने सरकार से इस पर गंभीर विचार करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों के संदर्भ में दुकानदारों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी और आगे की लड़ाई जारी रखने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र पासवान, शिवपूजन शुक्ला,महेंद्र सिंह, निर्मल कुमार, जसवंत सिंह, कमलेश दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एटीएम कार्ड बदलकर फ्रॉड ने महिला के खाते से उड़ाये 79 हजार रुपए, पीड़िता ने थाने में कराया मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदेव चौक स्थित एसबीआई के एटीएम से एक साइबर फ्रॉड ने महिला का एटीएम कार्ड बदलकर 79 हजार रु उड़ा लिया। इस संबंध में थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव निवासी अखिलेश चौधरी की पत्नी रितु कुमारी ने तिलौथू थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला ने बताया कि रितु कुमारी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि जगदेव चौक स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसे की निकासी कर रही थी कि तब तक एक युवक उनका एटीएम फंस जाने के बाद स्वयं एटीएम निकालने की बात करने लगा तथा उक्त महिला का एटीएम लेकर पैसे की निकासी कर उसका पिन कोड भी जान गया उसके बाद एटीएम बदलकर दूसरा एटीएम दे दिया तथा वहां से फरार हो गया। इसके बाद अन्यत्र जगह से उसने रितु कुमारी के खाते से 79000 रु उड़ा लिया।


### शपथ पत्र

मैं धनंजय कुमार सिंह उर्फ धनजी सिंह पिता- स्व. श्यामलाल सिंह निवासी/ग्राम-मकराईन, पो.+थाना-डालमियानगर, जिला-रोहतास शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से L.I.C का एक पॉ. नं. 512268412 में मेरा नाम धनजी सिंह दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड + बैंक खाता में मेरा नाम धनंजय कुमार सिंह दर्ज है। धनंजय कुमार सिंह एवं धनजी सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरा ही नाम है। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि उपर लिखित सभी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है। शपथ पत्र सं. 1715 दिनांक -19.08.2025

**शपथकर्ता**
**धनंजय कुमार सिंह**


## अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के औरैया गांव में 7 अगस्त को राम आशीष सिंह खरवार खेत जुताई करने मडपा के जंगल गए थे। इस दौरान आरोपी ने शराब के नशे में उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी। 9 अगस्त को एक चरवाहे ने जंगल में शव होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के दोनों पैर दोनों हाथ और सर जंगल के अलग-अलग स्थान से बरामद कर पोस्टमार्टम कराया था। इसी मामले में मृतक के पुत्र गुरु चरण खरवार ने स्थानीय थाने में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई थी। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर पहले जेल भेज दिया था। आज मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त 1 निर्मल सिंह यादव पिता स्वर्गीय बिकाऊ यादव 2 झकरी यादव पिता लालमोहर यादव दोनों ग्राम औरैया थाना चेनारी जिला रोहतास को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है जिसकी जानकारी चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि व्यापार मंडल के पास से दोनों युवक को गिरफ्तार किया गया।

# जनप्रतिनिधि महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** पटना के बाबू सभागार में 24 अगस्त को होने वाले प्रतिनिधि महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए संघ के पदाधिकारियों ने जन संपर्क किया। सोमवार की देर शाम प्रदेश मुखिया महासंघ के अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय व प्रदेश पंच सरपंच संघ अध्यक्ष आमोद कुमार निराला कुदरा के नेवरास गांव पहुंचे जहां उन्होंने बापू सभागार पटना में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि प्रतिनिधियों के अधिकारियों की रक्षा महासंघ का मुख्य लक्ष्य है। अपने मांगों को लेकर संघ हमेशा सरकार से संपर्क करता है। कैमूर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कैमूर के मुखिया गण, सरपंच गण,पंच गण, वार्ड सदस्यगण ने अध्यक्षों का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष ने बताया कि महासम्मेलन में सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। मौके पर कैमूर सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष दिनबंधू सिंह, मुखिया विनोद सिंह, धनजीत चौधरी, चंद्रशेखर सिंह, राकेश पांडेय, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव दिलीप सिंह, जिला सचिव राजेश राम, विक्रमा चौधरी समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।





## आवश्यकता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुदानित उच्च विद्यालय तेतरिया औरंगाबाद बिहार वि० कोड- 83508 में अस्थाई नियुक्ति के लिए निम्न पद पर योग्य शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी की आवश्कता है।

**विषय**-इतिहास, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भौतिक विज्ञान, उर्दू शारीरिक शिक्षा

**योग्यता**-सम्बंधित विषय के स्नातक प्रशिक्षित

**पद**- चपरासी एवं पुस्तकालय अध्यक्ष

**योग्यता**- मैट्रिक, इन्टर

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर निम्नलिखित पद पर आवेदन करें।

**मनीष कुमार**
**प्रधानाध्यापक सह पदेन सचिव**
**उच्च विद्यालय तेतरिया वि० कोड-83508**
**पोस्ट-चौरिया औरंगाबाद (बिहार)**
**मो०-8294755621**

# मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं बालिका छात्रावास का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना में प्रबंधन विकास केंद्र (एम०डी०सी०) एवं बालिका छात्रावास का शिलापट्ट अनावरण कर तथा फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रबंधन विकास केंद्र (एम०डी०सी०) एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अच्छा बना है। प्रबंधन विकास केंद्र के नये भवन में प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएं और बेहतर ढंग से पूर्ण की जा सकेंगी। बालिका छात्रावास के निर्माण से छात्राओं को यहां रहने की बेहतर सुविधा मिलेगी जिससे उन्हें पठन-पाठन में सहूलियत होगी। कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बी०एस०ई०आई०डी०सी०) की प्रबंध निदेशक इनायत खान, पटना के जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० सहित अन्य वरीय अधिकारीगण तथा ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना की स्थापना सन 1973 में हुई थी। संस्थान में वर्त्तमान में प्रबंधन एवं कम्प्यूटर का कुल 10 कोर्स का संचालन किया जा रहा है जिसमें कि 1600 से ज्यादा छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। संस्थान के प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रबंधन विकास केन्द्र की स्थापना की गई है। प्रबंधन विकास केन्द्र में 26 कमरे हैं जिसमें कुल 52 व्यक्तियों के रहने की व्यवस्था है। प्रबंधन विकास केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण हॉल, आवासीय प्रशिक्षण हेतु डायनिंग हॉल इत्यादि की व्यवस्था है। प्रबंधन विकास केन्द्र के निर्माण पर 4 करोड़ 99 लाख 97 हजार 400 रुपये की लागत आयी है। संस्थान में काफी संख्या में बालिकायें नामांकित हैं। उनकी सुविधा हेतु वातानुकूलित बालिका छात्रावास का निर्माण एवं उन्नयन कुल 4 करोड़ 99 लाख 97 हजार 400 रुपये की लागत से की गई है। इस छात्रावास में दो ब्लॉक हैं। दोनों ब्लॉक में कुल 40 कमरे एवं 8 हॉल हैं जिनमें कुल 168 छात्राओं के रहने की व्यवस्था है।

## आत्मविश्वासी भारत विकास और नवाचार की ओर अग्रसर : आशीष कुमार चौहान

### स्वतंत्रता दिवस पर एनएसई के एमडी एवं सीईओ का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** देश की आजादी के 79 वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने राष्ट्रवासियों को शुभकामनाएं दीं और भारत की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है, बल्कि उन आदर्शों और मूल्यों का स्मरण भी है जिन्होंने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त पहचान दिलाई है। श्री चौहान ने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है और विकास, नवाचार तथा तकनीकी प्रगति के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। 79 वर्षों की आजादी पूरी करते हुए भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में खड़ा है। देश विकास, नवाचार और सभी के लिए बेहतर भविष्य निर्माण के साथ-साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि पूंजी बाजार और वित्तीय क्षेत्र भारत की आर्थिक यात्रा में अहम भूमिका निभा रहे हैं और एनएसई जैसी संस्थाएं निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। हमारा प्रयास है कि भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बने, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र भी बने जो समावेशी विकास का आदर्श प्रस्तुत करे, स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह अवसर हर भारतीय के लिए एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का है। हम सब मिलकर भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर देश की नींव रखें।

## राजस्व महा-अभियान में तीन दिनों में 23 लाख से अधिक जमाबंदी पंजी की प्रतियों का हुआ वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महा-अभियान में महज 16 अगस्त से 18 अगस्त तक तीन दिनों में ही बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राज्यभर में तीन दिनों में अब तक 23 लाख से अधिक जमाबंदी पंजी की प्रतियां रैयतों के बीच वितरित की जा चुकी है। सर्वाधिक जमाबंदी के वितरण में शेखपुरा पहले स्थान पर है। वहां कुल जमाबंदी के 24.02 फीसदी जमाबंदी प्रतियों का वितरण किया गया है। दूसरे नंबर पर जहानाबाद, तीसरे नंबर पर कैमूर, चौथे नंबर पर नवादा एवं पांचवें नंबर पर पूर्णिया है। जहानाबाद में 14.48 फीसदी, कैमूर में 13.78 फीसदी, नवादा में 13.72 फीसदी एवं पूर्णिया में 11.35 फीसदी जमाबंदी की प्रतियों का वितरण तीन दिनों में कर दिया गया है। छठे स्थान पर अररिया है। यहां 11.16 फीसदी वितरण हुआ है। सातवें स्थान पर खगड़िया है। यहां 11.15 फीसदी वितरण हुआ है। आठवें स्थान पर वैशाली है और यहां 10.41 फीसदी जमाबंदी की प्रति का वितरण हो गया है। नौवें स्थान पर गोपालगंज एवं दसवें स्थान पर किशनगंज है। यहां क्रमशः 10.28 फीसदी एवं 9.29 फीसदी जमाबंदी की प्रतियों का वितरण रैयतों के बीच कर दिया गया है। बताते चलें कि राज्य के सभी 38 जिलों में कुल जमाबंदी की संख्या 3 करोड़, 59

## बिहार में 20 बाजार प्रांगण जुड़ेंगे इ-नाम से राष्ट्रीय कृषि बाजार से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषोन्नति योजना अंतर्गत राज्य के 20 बाजार प्रांगणों में राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) डी०पी०आर० आधारित योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के लिए केंद्र सरकार की ओर से 06 करोड़ रुपये की राशि वन टाईम ग्रांट के रूप में उपलब्ध कराई गई है जो शत-प्रतिशत केन्द्रांश होगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को अपनी उपज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत मंच प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए एकीकृत बाजार प्रदान करना तथा कृषि उत्पादों के आगमन, गुणवत्ता एवं मूल्य, खरीद और बिक्री प्रस्ताव, व्यापार प्रस्तावों का संचालन करने का प्रावधान और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे सेवायें प्रदान करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से व्यापार की सुविधा प्रदान करना है। इससे कृषक, व्यापारी एवं एफ०पी०ओ० अपने फसल को पूरे देश भर के बाजार में विपणन कर उचित मूल्य प्राप्त कर पायेंगे। ऑनलाइन भुगतान की सेवा की सुविधा के जरिए किसानों को अपने उपज बेचने में आसानी होगी।

**डिजिटल कृषि निदेशालय से होगी बेहतर अनुश्रवण व्यवस्था**

कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि बिहार में देश का पहला डिजिटल कृषि निदेशालय पहले ही गठित किया जा चुका है। ई-नाम योजना को इससे जोड़ने के बाद राज्य के बाजार प्रांगणों का अनुश्रवण और अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से किया जा सकेगा। किसानों को अपनी उपज की बिक्री में सुविधा और खरीदारों को गुणवत्ता आधारित खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**ई-नाम किसानों के लिए राष्ट्रीय स्तर का मंच**

राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है। इसका संचालन लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में किया जाता है। यह मंच वर्तमान एपीएमसी मंडियों को आपस में जोड़कर किसानों और व्यापारियों को राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत बाजार उपलब्ध कराता है।

प्रधान सचिव श्री कुमार ने कहा कि ई-नाम से कृषि विपणन में एकरूपता आएगी तथा एकीकृत मंडियों की प्रक्रियाएं सरल और सुव्यवस्थित होंगी। खरीदारों और विक्रेताओं के बीच सूचना की असमानता दूर होगी और वास्तविक मांग एवं आपूर्ति के आधार पर रियल-टाइम मूल्य खोज संभव होगी। इसके अतिरिक्त उपज की गुणवत्ता पर आधारित पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया से किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। साथ ही समय पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा किसानों की आय सुरक्षा सुनिश्चित

## बियाडा देगा बंद उद्योगों को दोबारा शुरू करने का मौका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) ने बियाडा एमनेस्टी नीति 2025 जारी की है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक भूखंडों पर चल रही मुकदमेबाजी को कम करना और मुकदमेबाजी पर खर्च हो रहे पैसे और समय को बचाना है। इसके साथ ही वैसी इकाइयां जो काफी समय से बंद या खाली पड़ी हैं, उनकी औद्योगिक भूमि को फिर से उद्योग के काम में लाना है। इससे बंद पड़ी उद्योगों को दोबारा शुरू करने का मौका दिया जाएगा। यह नीति 31 दिसंबर 2025 तक लागू होगी। सरल शब्दों में कहा जाए तो बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 उन उद्योगों को मौका देती है जिनका आवंटन विवादों या काम न होने की वजह से अटक गया है। इस नीति से वे अपनी समस्याओं को सुलझाकर दोबारा उद्योग चला सकते हैं, जिससे बिहार में औद्योगीकरण और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। बिहार में उद्योग से जुड़ी मुकदमेबाजी लगातार बढ़ रही है। इससे उद्योग लगाने में परेशानी होती है, इसलिए यह नीति एक समाधान के रूप में लाई गई है। इसके तहत जो इकाइयां इस नीति का लाभ लेना चाहती हैं, वे स्वेच्छा से आगे आ सकती हैं। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे उद्योग शुरू करने या

## कोलकाता को मिला मेट्रो का नया उपहार, पूजा से पहले बदलेगा सफर का अंदाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** सिटी ऑफ जॉय को इस बार दुर्गा पूजा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ा तोहफा दिया है। शुक्रवार को उन्होंने 13.62 किलोमीटर नई मेट्रो कनेक्टिविटी को हरी झंडी दिखाई, जिसमें ग्रीन लाइन (एस्प्लानेड-सीलदाह), येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर) और ऑरेंज लाइन (हेमंता मुखोपाध्याय-बेलघाटा) शामिल हैं। भारत की पहली मेट्रो 1984 में कोलकाता की सड़कों के नीचे दौड़ी थी। तब से लेकर आज तक शहर और मेट्रो का रिश्ता लगातार गहराता रहा, लेकिन बढ़ते ट्रैफिक और लंबी यात्राओं ने तेज नेटवर्क की कमी को हमेशा महसूस कराया। अब नई लाइनों के शुरू होने से कोलकातावासियों को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रीन लाइन पर एस्प्लानेड से सीलदाह तक का सफर सिर्फ 11 मिनट में पूरा होगा जो पहले एक घंटे तक लेता था। येलो लाइन से लोगों का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ और अब एस्प्लानेड से एयरपोर्ट तक का सफर सिर्फ 30 मिनट में संभव हो गया है। वहीं ऑरेंज लाइन साइंस सिटी और बेलघाटा के बड़े अस्पतालों को जोड़ते हुए जल्द ही सॉल्ट लेक सेक्टर ५ से भी जुड़ जाएगी, जिससे मरीजों, छात्रों और पेशेवरों को बड़ी सहूलियत होगी। इस विस्तार से न सिर्फ यात्रियों को फायदा होगा बल्कि दमदम, पार्क स्ट्रीट और एस्प्लानेड जैसे क्षेत्रों में व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि 1984 से 2014 तक जहां सिर्फ 27.99 किलोमीटर मेट्रो बनी थी, वहीं पिछले दस वर्षों में 45 किलोमीटर नई लाइनें जुड़ी हैं। दुर्गा पूजा से ठीक पहले आया यह तोहफा पंडाल-हॉपिंग और पारिवारिक मुलाकातों को और आसान बनाएगा तथा कोलकातावासियों के लिए गर्व और आनंद की नई यात्रा का संदेश देगा।

## गयाजी और दिल्ली के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सासाराम-डीडीयू-सूबेदारगंज(प्रयागराज)-गोविंदपुरी(कानपुर)-गाजियाबाद के रास्ते गया जी और दिल्ली के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 22.08.2025 को गया जी और दिल्ली के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03621 गया-दिल्ली अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 22.08.2025 को गाड़ी सं. 03621 गया-दिल्ली अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल गया जं. से 10.50 बजे खुलकर 11.40 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 12.10 बजे डिहरी ऑन सोन, 12.35 बजे सासाराम, 13.20 बजे भभुआ रोड, 14.10 बजे डीडीयू, 17.20 सूबेदारगंज, 20.15 बजे गोविंदपुरी, 23.30 बजे टुण्डला, अगले दिन 02.55 बजे गाजियाबाद रूकते हुए 04.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी सं. 13697/13698 दिल्ली-गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन गया जं. से 28.08.2025 से सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को तथा दिल्ली से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को किया जायेगा। इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 08 कोच, साधारण श्रेणी के

## मानव बल की पूर्ति से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बल : मंगल पांडेय

### 410 चिकित्सा पदाधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में मंगलवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेतु 410 चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का परिवार लगातार बड़ा हो रहा है। पिछले कुछ महीनों में विशेषज्ञ चिकित्सक, आयुष डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एएनएम और जीएनएम की बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की गई हैं। आज 410 एमबीबीएस डॉक्टरों की नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। साथ ही अगले महीने से नए हेल्थ सब-सेंटर खोलने का कार्य भी प्रारंभ होगा। श्री पांडेय ने कहा कि पिछले तीन महीनों में ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगभग 1,200 चिकित्सकों की नियुक्ति राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा की गई है जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3,000 से अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पिछले 11 महीनों से दवा वितरण में बिहार देश में नंबर वन रहा है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ये नियुक्तियां की गई हैं। श्री पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के लोगों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। श्री पांडेय ने सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी मृदुभाषी बनें और लोगों की सेवा को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर लोकेश कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, डॉ निलेश

## पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे को मिला राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे-9 का दर्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की सबसे महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं में से एक पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे को केंद्र सरकार ने औपचारिक रूप से राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का दर्जा प्रदान कर दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर इस एक्सप्रेसवे को नेशनल एक्सप्रेसवे-9 (एनए-9) घोषित किया गया है। यह बिहार का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे होगा जो पूरी तरह से राज्य की सीमाओं के भीतर निर्मित होगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे का राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे-9 के रूप में अधिसूचित होना बिहार के लिए गर्व का क्षण है। इस परियोजना की घोषणा के बाद से कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और राज्य सरकार इसे समय पर पूरा करने के लिए केंद्र सरकार को हर आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है तथा आगे भी करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना राज्य की सड़क संरचना को नई दिशा देगी। इसके शुरू हो जाने से पटना से पूर्णिया की यात्रा केवल 3 घंटे में पूरी होगी और सीमांचल क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का दर्जा मिलना निस्संदेह बिहार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। विदित हो कि 250 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे एनएच-22 के मीरनगर अरेजी (हाजीपुर) से शुरू होकर नरहरपुर, हरलोचनपुर, बाजिदपुर, सरौंजा, रसना, परोरा और फतेहपुर से गुजरते हुए पूर्णिया जिले के हंसदाह में एनएच-27

## प्रधान सचिव कृषि विभाग ने उर्वरक के वितरण के संबंध में की राज्यव्यापी समीक्षा

# किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधान सचिव, कृषि विभाग पंकज कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारियों के साथ खरीफ 2025 मौसम में उर्वरक की उपलब्धता, कालाबाजारी और छापामारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा खरीफ 2025 के लिए बिहार राज्य की उर्वरक आवश्यकता 10.32 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 2.20 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.50 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.50 लाख मीट्रिक टन एमओपी तथा 0.75 लाख मीट्रिक टन एसएसपी निर्धारित की गई है। वर्तमान समय में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और 19 अगस्त 2025 तक राज्य में 1.76 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.00 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 1.91 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.54 लाख मीट्रिक टन एमओपी और 0.92 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रधान सचिव ने कहा कि सरकार उर्वरक की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। खरीफ 2025 के दौरान अब तक 34 उर्वरक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 214 उर्वरक प्रतिष्ठानों का प्राधिकार पत्र रद्द कर दिया गया है। किसानों को सही समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। प्रधान सचिव कृषि विभाग ने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला एवं प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। प्रखंडवार उर्वरक का उप-आवंटन स्थानीय आच्छादन एवं वास्तविक आवश्यकता को ध्यान में रखकर किया जाए। इसके साथ ही उर्वरक प्रतिष्ठानों में पीओएस मशीन पर प्रदर्शित स्टॉक और वास्तविक उपलब्धता का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर विशेष जांच दल गठित करने और नियमित छापामारी एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। इस क्रम में सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित कर उर्वरक की अवैध तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने पर बल दिया गया है। प्रधान सचिव ने समीक्षा के दौरान कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विभागीय निगरानी, नियमित छापामारी और कठोर कार्रवाई के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि खरीफ 2025 के दौरान राज्य के किसी भी किसान को उर्वरक की कमी का सामना न करना पड़े और उन्हें समय पर, पारदर्शी तरीके

## मनरेगा एवं जीविका दीदी हाट कन्वर्जेन्स विषय पर बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में मनरेगा एवं जीविका दीदी हाट कन्वर्जेन्स विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनरेगा कमिश्नर सह अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, आई.ए.एस. अभिलाषा कुमारी शर्मा ने की। बैठक में प्रतिनिधियों, जीविका तथा मनरेगा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, आजीविका संवर्धन एवं पोषण-सुरक्षित बाजार तंत्र के विकास हेतु जीविका दीदी हाट मॉडल को बढ़ावा देना था। इसमें यह विचार किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न जिलों में निर्मित ग्रामीण हाटों को किस प्रकार जीविका दीदी हाट के अनुरूप विकसित किया जा सकता है। साथ ही इन हाटों को स्वयं सहायता समूह आधारित महिला उद्यमिता केंद्र के रूप में पुनःस्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), ग्रामीण विकास विभाग की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। जीविका के अंतर्गत अब तक लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जोड़ा जा चुका है।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना/राजेन्द्रनगर।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में हड्डी रोग संबंधी जांच के साथ-साथ बीएमडी की जांच भी की गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि हड्डी रोग जांच शिविर में प्रसिद्ध हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार एवं डॉ अभिनव ने मिल कर करीब 200 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 65 मरीजों का बोन डेंसिटी टेस्ट किया गया जिसमें से 28 से अधिक मरीजों में कैल्शियम की कमी और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पाई गई। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। मौके पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, राधेश्याम बंसल, हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, संयुक्त

## भीम पेमेंट ऐप ने की सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ साझेदारी

**पटना (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** भारत का स्वदेशी पेमेंट ऐप भीम ने देशभर में सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल भुगतान के प्रसार को गहरा करने के लिए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ साझेदारी की है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित गेम शो कौन बनेगा करोड़पति के माध्यम से, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पहली बार किसी डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर एक विशेष एक-सप्ताह का संस्करण पेश कर रहा है जिसे विशेष रूप से भीम पेमेंट्स ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है। यह सहयोग पूरे भारत में भीम पेमेंट्स ऐप उपयोगकर्ताओं को महानायक अमिताभ बच्चन के साथ खेल खेलने का सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में पांच दिवसीय मोबाइल एप्लीकेशन हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में पांच दिवसीय हैंड्स-ऑन मोबाइल एप्लीकेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य डिप्लोमा स्तर के विद्यार्थियों को मोबाइल एप्लीकेशन बनाने की व्यावहारिक जानकारी देना था। पांच दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को ब्लॉक लेवल लॉजिकल कोडिंग, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग, इनोवेशन एवं क्रिएटिविटी, प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स तथा रियल-वर्ल्ड डिप्लॉयमेंट की बुनियादी अवधारणाओं से अवगत कराया गया। इसके साथ ही छात्रों को ऐसे प्रोजेक्ट बनाने के लिए प्रेरित किया गया जो उनके पोर्टफोलियो में शामिल किए जा सकें और उद्योग की मांग के अनुरूप हों। राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान के प्राचार्य ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा-आज की बदलती तकनीकी दुनिया में मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट एक अत्यंत आवश्यक कौशल है। यह कार्यशाला छात्रों को न केवल प्रैक्टिकल स्किल्स प्रदान करेगी बल्कि उन्हें भविष्य के उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगी। हमारा लक्ष्य है कि हमारे छात्र केवल ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि उसे वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने में भी प्रयोग करें। कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हुए और उन्होंने नए तकनीकी कौशल सीखने में गहरी रुचि दिखाई। इस वर्कशॉप ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया तथा उन्हें तकनीकी नवाचार की ओर प्रेरित किया।

## वैशाली और कोडरमा के मध्य मेमू फास्ट पैसेंजर का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पटना-बख्तियारपुर-नालंदा- राजगीर-तिलैया-गया के रास्ते वैशाली और कोडरमा के मध्य एक मेमू फास्ट पैसेंजर का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 22.08.2025 को वैशाली और कोडरमा के मध्य चलने वाली मेमू फास्ट पैसेंजर के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03624 गया-वैशाली मेमू फास्ट पैसेंजर उद्घाटन स्पेशल को गया जं. से हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 22.08.2025 को गाड़ी सं. 03624 गया-वैशाली उद्घाटन स्पेशल गया से 10.50 बजे खुलकर 11.50 बजे तिलैया, 13.05 बजे राजगीर, 13.25 बजे नालन्दा, 13.45 बजे बिहार शरीफ, 14.25 बजे बख्तियारपुर, 14.55 फतुहा, 15.25 बजे राजेन्द्रनगर, 15.50 बजे पटना, 16.45 बजे पाटलिपुत्र, 17.20 बजे सोनपुर, 17.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए 19.30 बजे वैशाली पहुंचेगी जबकि एक दूसरी स्पेशल 03626 गया-कोडरमा उद्घाटन स्पेशल गया से 11.00 बजे खुलकर 12.00 गुरपा रूकते हुए 13.00 बजे कोडरमा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 63383/63384 वैशाली-कोडरमा-वैशाली मेमू फास्ट पैसेंजर का नियमित परिचालन गया एवं कोडरमा से 23.08.2025 से सोमवार को छोड़कर सप्ताह के छः दिन किया जायेगा।

# वोट अधिकार यात्रा के दौरान नवादा पहुंचे राहुल और तेजस्वी

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो**

**नवादा।** मंगलवार को वोट अधिकार यात्रा के क्रम में गया से तुंगी के रास्ते नवादा पहुंचे राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया गया। नवादा जिले की सीमा तुंगी में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारों से उन्हें काफी उत्साहित कर दिया। वे अपने गाड़ी में ही खड़े होकर जनता को हाथ हिला कर अभिवादन कर रहे थे। हिसुआ में उनका स्वागत विधायक नीतू सिंह ने जोर शोर से किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष आभा सिंह सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे। जैसे-जैसे उनका काफिला और करवा बढ़ता गया उनके समर्थको, कार्यकर्ताओं, नेताओं के द्वारा स्वागत करने का सिलसिला लगातार जारी रहा। महानंदपुर के पास नवादा के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार उर्फ नुनु बाबू के नेतृत्व में फूल मालाओं से राहुल गांधी का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमोद कुमार, बंगाली पासवान, मिथिलेश कुमार, कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। जैसे-जैसे उनके कारवां बढ़ता गया वैसे वैसे लोगों की भीड़ बढ़ती गई। इस दौरान कांग्रेस, राजद, वीआइपी, माले कस झंडा लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ देखने को मिला। राहुल गांधी का कारवां सद्भावना चौक पर पहुंचा। गोविंदपुर विधायक मो कामरान ने समर्थको के साथ राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का स्वागत किया। काफी समय से इंतजार कर रहे कांग्रेस नेता डॉ केपी सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में काफी स्वागत किया गया। कारवां बढ़ते हुए रजौली स्टैंड के पास आया, जहां कौशल यादव समर्थित लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, जिलाध्यक्ष उदय यादव सहित अनेक लोगों ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। कारवा नवादा शहर के मेन रोड से होते हुए प्रजातंत्र चौक पर पहुंचा, जहां नवादा के पूर्व विधायक कौशल यादव अपने हजारों समर्थकों के साथ राहुल तेजस्वी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद राहुल गांधी का कारवां प्रसाद बीघा, जवाहर नगर होते भगत सिंह चौक पहुंचा वहां भी जिला अध्यक्ष सतीश कुमार मंटन सिंह के नेतृत्व में राजू यादव सहित अनेक लोगों ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश साहनी और राजेश कुमार का भव्य स्वागत किया। भगत सिंह चौक पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने जनता को संबोधित भी किया। कारवा बढ़ते हुए रामनगर होते हुए सीधे आईटीआई मैदान पहुंचा जहां भोजन और कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद वे खर्राट के रास्ते बरबीघा के लिए प्रस्थान कर गए। स्वागत कारवां में लाल चौक के समीप एजाज अली मुन्ना द्वारा मोहब्बत की दुकान नामक एक स्टेज बनाया गया जिसे देख राहुल गांधी मुस्कुरा कर बधाई दिए। राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर काफी पुख्ता इंतजाम किया गया था। पुलिस प्रशासन की ओर से तुंगी से लेकर खर्राट तक जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा सीआरपीएफ और अनेक सुरक्षा दस्ता के द्वारा उनकी सुरक्षा की जा रही थी । पुलिस कप्तान अभिनव धीमान खुद सुरक्षा को लेकर चौकस दिखे।








जगह-जगह तोरण द्वार और पोस्टर से पटा पूरा शहर

## राहुल गांधी के स्वागत में रजौली से हिसुआ पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** वोट चोरी के खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए प्रखंड कांग्रेस कमेटी रजौली के सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह ही चार पहिया वाहन एवं बस से हिसुआ के मंझवे पहुंच गए। 7:30 बजे से लेकर लगभग 10 बजे तक राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंतजार किया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा राहुल गांधी जिंदाबाद, तेजस्वी यादव जिंदाबाद, महागठबंधन जिंदाबाद, बिहार की जनता जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए गए। रजौली के सिमरकोल गांव निवासी बिट्टू बाबा ने कांग्रेस के रंग में नजर आया। अपने शरीर को तीन रंगों से रंगे हुए हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर हवा में लहरा रहा था। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य जैसे ही हिसुआ पहुंचे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में पूरा जोश भर गया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के जमकर नारे लगाए। उसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी के काफिला के साथ-साथ पीछे-पीछे नवादा पहुंचे। नवादा में राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव ने रोड शो करते हुए आईटीआई मैदान पहुंचे। जहां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने रोड शो करने के दौरान लोगों से कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग बिहार में गरीब-गुरबों का मतदाता सूची में नाम काटने का जो काम किया है वह बिल्कुल गलत है। महागठबंधन के सभी कार्यकर्ता वोट चोरी के खिलाफ है। किसी भी कीमत पर बिहार में वोट चोरी करने नहीं देंगे। यह भाजपा के लोगों का षड्यंत्र है जो बिहार में नहीं चलेगा।

## हिसुआ में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, पोस्टर विवाद पर मचा बवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के चर्चित हिसुआ में मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर हंगामा हुआ। मामला उस समय गरमा गया जब कांग्रेस विधायक नीतू देवी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगे पोस्टर के ऊपर राहुल गांधी का पोस्टर चिपका दिया। इसके बाद दोनों दलों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते-देखते टकराव का रूप ले बैठा। विश्व शांति चौक पर हुए इस विवाद में भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह और कांग्रेस विधायक नीतू देवी के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई। स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन हरकत में आया और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया। एसपी अभिनव धीमान भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। हंगामे के दौरान पुलिस ने पूर्व विधायक अनिल सिंह को हिरासत में लेकर हिसुआ थाने पहुंचाया। वहां उन्होंने अपने समर्थकों संग महागठबंधन और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए तथा काला झंडा दिखाने की चेतावनी दी। दूसरी ओर, कांग्रेस विधायक नीतू देवी के समर्थक भी पूरी ताकत के साथ उनके पक्ष में खड़े रहे। यह विवाद राहुल गांधी की प्रस्तावित 'वोटर अधिकार यात्रा' के पूर्व सामने आया है, जो मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ निकाली जा रही है। घटनाक्रम के बाद हिसुआ में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, वहीं जिला पुलिस प्रशासन स्थिति को सामान्य बनाने में जुटा है।




पूर्व विधायक अनिल सिंह हिरासत में, स्थिति तनावपूर्ण

## तेजस्वी यादव ने रजौली से काटा प्रकाश वीर का टिकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान एक समर्थक द्वारा तेजस्वी यादव से रजौली के विधायक प्रकाश वीर का टिकट काटने की अपील की गई, जिस पर तेजस्वी यादव ने तुरंत ही कहा कि टिकट कट गया। जब समर्थक ने यह कहा कि आपके ही नाम पर वे जीतते आ रहे हैं, तो हाथ हिलाकर तेजस्वी यादव ने कहा कि उनका टिकट कट गया है। यानी कि रजौली की राजनीति में एक बार फिर से भूचाल आ गई है। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए इस तरह के बयान के बाद राजद खेमा में हलचल मच गई है। प्रकाश वीर को छोड़ शेष टिकट के लिए दावा करने वाले अपनी-अपनी दावेदारी पेश करने में लग गए हैं।

## राहुल गांधी को जननायक कहना कर्पूरी ठाकुर का अपमान : शाहनवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मंगलवार को कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का कार्यक्रम नवादा में पदयात्रा के रूप में हुआ। उनके कार्यक्रम को लेकर इन्हें जननायक नेता बताया गया। इस पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी को जननायक कहना बिहार के जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर का अपमान है। यह अपमान बिहार वासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि वह जननायक थे, लेकिन राहुल गांधी जननायक नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि इस रास्ते से राहुल गांधी गुजरे हैं और बिहार केसरी श्री बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण तक करना उचित नहीं समझा, जो कि श्री बाबू का अपमान है । एक सवाल के जवाब में शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जहां महागठबंधन की जीत होती है, वहां वोट की चोरी और हैक नहीं होता है, लेकिन जहां एनडीए गठबंधन की जीत होती है, वहां महागठबंधन के नेता इवीएम हैक और वोट चोरी का आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि इन सब पदयात्राओं से कुछ भी होने वाला नहीं है। जनता इनकी हकीकत को जान चुकी है । आने वाले समय में इसका मुंहतोड़ जवाब जनता की ओर से दिया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन के प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, लोकसभा प्रभारी नवीन केसरी, अवनीकांत भोला, जितेंद्र पासवान, प्रमोद कुमार चुन्नू सहित अनेक नेता मौजूद रहे।




## सच्चा फोटोग्राफर वही जो कैमरे की नजर से संस्कृति व संघर्ष को करे प्रस्तुत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** विश्व छायाकार दिवस पर ओडी फिल्म्स में केक काटकर एवं पौधारोपण करके फोटोग्राफी दिवस मनाया गया। फोटोग्राफी केवल एक कला नहीं, बल्कि यह समाज का आईना और इतिहास का दस्तावेज है। एक सच्चा फोटोग्राफर वही है जो अपनी कैमरे की नजर से भावनाओं, संस्कृति, संघर्ष और जीवन की असली तस्वीर को दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है। आपकी मेहनत और लगन ही हमें प्रेरणा देती है कि हम हर क्षण को सहेजकर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैमरा केवल एक यंत्र नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला माध्यम है। ओडी फिल्म के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि अगर कैमरे नहीं होते तो हमें पुरानी यादें आज देखने को नहीं मिलती। इस मौके पर फोटोग्राफर रविंद्र कुमार गुप्ता, विनय कुमार, विशाल राज, दीपक कुमार दीपू, आनंद कुमार, रिशु बरनवाल, तोहिद उद्दीन, दानिश खान, राजेंद्र कुमार, सूरज कुमार, निखिल मेहता, सोनू कुमार मौजूद थे।

## भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किए बिना ही निकल गए राहुल गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर के भगत सिंह चौक पर स्थित स्वतंत्रता सेनानी, देशभक्त भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया बिना ही राहुल गांधी आगे बढ़ गए। जबकि उनके कार्यक्रम के अनुसार भगत सिंह की प्रतिमा के पास लोगों का संबोधन होना था और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाना था । इसके लिए माला की जांच सुरक्षा कर्मियों द्वारा पहले ही कर ली गई थी। परंतु राहुल गांधी भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना भी उचित नहीं समझे। गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शहनवाज हुसैन ने भी राहुल गांधी पर बिहार केसरी डॉ श्री कृष्णा सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार वासियों का राहुल गांधी ने अपमान किया है।

## जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष जेहल प्रसाद की पुण्यतिथि पर जुटे कई दलों के कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा की महान विभूति, जनसेवक और दीनबन्धु स्व जेहल प्रसाद की नौवीं पूण्य स्मृति दिवस पर मंगलवार को उनके पैतृक निवास पथरा इंग्लिश स्थित स्मारक स्थल पर हजारों नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उसके बाद भव्य पंडाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एमएलसी अशोक कुमार ने की। मंच का संचालन वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी प्रिंस तमन्ना ने किया। सभा का मुख्य केंद्र हाल ही में पूरी तरह से दोषमुक्त होकर जेल से बाहर आये पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजवल्लभ प्रसाद बने रहे। वक्ताओं की लंबी लिष्ट को निपटाने के लिए संचालक ने दो मिनट का समय निर्धारित किया था किन्तु भावनाओं की बाढ़ समय सीमा की बांध को तोड़ते चला गया और वक्ताओं के उद्वार का सिलसिला देर तक चलता रहा । राजबल्लभ प्रसाद भी आखिरी वक्ता तक मंच पर डटे रहे और शुभचिंतकों की शुभकामनाएं स्वीकार करते रहे । वक्ताओं ने स्व जेहल प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए पथरा इंग्लिश गांव की माटी को चंदन की तरह पवित्र सुगन्धित एवं वीरधरा बताया जहां स्व जेहल प्रसाद सा महान विभूति, स्व कृष्णा प्रसाद सा जननायक, राजबल्लभ प्रसाद जैसा गरीबों वंचितों और दर्दमंदो के हमदर्द , विभा देवी जैसी वीरांगना नेत्री और अशोक कुमार जैसा सर्वमान्य नेता पैदा हुए। खास कर नवादा जिले के लिए राजबल्लभ परिवार के अवदानों की सभी वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की और राजवल्लभ प्रसाद के नेतृत्व में फिर से नवादा के सर्वांगीण विकास की कामना की । पुण्यतिथि समारोह में एक तरफ भावुक वक्तव्य हुए तो दूसरी ओर अपने प्रिय नेता की दोषमुक्त रिहाई की खुशी भी व्याप्त रहा। बीच-बीच में धर्मेन्द्र सत्येंद्र की जोड़ी और छोटू छलिया की संगीतमयी प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा में उत्साह भर दिया। मुख्य वक्ताओं में भारत सरकार के पूर्व मंत्री देवेन्द्र यादव, रजौली विधायक प्रकाशवीर, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, सदस्य नितीश राज, वसंती देवी, पूर्व जिला पार्षद मथुरा यादव , पूर्व प्रमुख कुलदीप यादव , गोविंदपुर के पूर्व प्रत्यासी रंजीत यादव, बीजेपी नेता प्रो विजय कुमार सिन्हा , सीपीएम नेता नरेशचन्द्र शर्मा , सीपीआई नेता अर्जुन सिंह, छात्र नेता कुंदन राय, प्रतीक कुमार समेत सभी दलों के वरिष्ठ नेता शामिल थे। मौके पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जिसमें मुफ्त इलाज और दवाइयों की व्यवस्था की गई। स्व जेहल प्रसाद की पुण्यतिथि पर उपस्थित जान समुदाय को संबोधित करते हुए पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद ने कहा कि मैं आ गया हूं तो भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई तेज करुंगा और इसे जड़ से समाप्त करने की कोशिश करूंगा । उन्होंने दुहराया कि 60 के दशक के पहले की घटनाएं 70-80 के बुजुर्गों ही जानते हैं इसलिए ऐसे सम्मानित बुजुर्गों को इकठ्ठा कर नवादा के इतिहास की जानकारी नई पीढ़ी को दी जायगी। इसकी व्यवस्था हमने कर ली है।




## दरभंगा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय रेड रन-2025

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सौजन्य से मंगलवार को रेड रन-2025 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित नागेंद्र झा स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में हुआ। प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में आईटीआई रामनगर के विकास कुमार ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्रा वर्ग में के. एस. कॉलेज की सुरुचि कुमारी ने सबको पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में द्वितीय स्थान महात्मा गांधी कॉलेज के दशरथ कुमार महतो, तृतीय दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के मोहित कुमार, चतुर्थ महात्मा गांधी कॉलेज के सचिन कुमार और पंचम एमएलएसएम कॉलेज के मिथिलेश कुमार को मिला। वहीं, छात्रा वर्ग में द्वितीय स्थान डब्ल्यूआईटी की रचना झा, तृतीय सीएम साइंस कॉलेज की श्यामा मणि, चतुर्थ दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की अर्चना सिन्हा और पंचम एम.के. कॉलेज की अनुशकी कुमारी ने प्राप्त किया। कुल 64 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विजेताओं को समिति की ओर से रैंक प्रमाण पत्र और 10-10 पुस्तकें प्रदान की गईं। वहीं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. आर. एन. चौरसिया और बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी, पटना के संसाधन पुरुष अरुण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। निर्णायक मंडल में नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि मुकेश कुमार झा, एमआरएम कॉलेज की एनसीसी पदाधिकारी डॉ. नीलम सेन और पीजी एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सोनू राम शंकर शामिल रहे। पुरस्कार वितरण समारोह विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में आयोजित किया गया, जहां विजेताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




## नवादा में राहुल गांधी के काफिले की गाड़ी की चपेट में आया पुलिसकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** कांग्रेस सांसद और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान नवादा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब उनके काफिले की गाड़ी की चपेट में आकर एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घटना मंगलवार को शहर के भीड़भाड़ वाले भगत सिंह चौक पर हुई, जहां राहुल गांधी सभा को संबोधित करने के बाद अपने काफिले के साथ आगे बढ़ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही भीड़ के बीच से काफिला गुजरा, राहुल गांधी के काले रंग के थार वाहन का पहिया वहां ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी के पैर पर चढ़ गया। अचानक हुई इस घटना से आसपास हड़कंप मच गया। सुरक्षा बल और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल जवान को वाहन की चपेट से बाहर निकाला। तुरंत ही उसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जहां उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। बताया जाता है कि राहुल गांधी भी इस हादसे को देखकर चिंतित हो उठे। उन्होंने घायल जवान के लिए पानी की बोतल उपलब्ध कराई और हालचाल जानने की कोशिश की। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि काफिले की तेज रफ्तार और भारी भीड़ के कारण कई स्थानों पर दुर्घटना की आशंका बनी रही।

## डिप्रेशन में चल रहे युवक ने खुद को गोली मारकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहबाजपुर गांव में सोमवार देर रात एक युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 22 वर्षीय श्रीकांत यादव, पिता रामजी प्रसाद यादव, निवासी शाहबाजपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार श्रीकांत यादव पिछले कुछ समय से डिप्रेशन की स्थिति में था। सोमवार की रात खाना खाने के बाद उसने अचानक खुद को गोली मार ली, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही चिकसौरा थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है।

फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। हालांकि मृतक के परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों और परिस्थितियों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

इस घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

## नालंदा में राहुल-तेजस्वी की संयुक्त हुंकार, भाजपा और चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मतदाता अधिकार यात्रा के तहत मंगलवार को नालंदा पहुंचे देश के विपक्ष के नेता व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने संयुक्त रूप से भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान इंडिया गठबंधन के नेता दीपंकर भट्टाचार्य और मुकेश साहनी भी मंच पर मौजूद रहे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और नारेबाजी के साथ नेताओं का भव्य स्वागत किया। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग गरीबों और वंचित तबकों के नाम मतदाता सूची से काट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता पुनर्निरीक्षण के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के खिलाफ षड्यंत्र है। राहुल ने कहा कि पहले कर्नाटक और महाराष्ट्र में यही खेल खेला गया और अब बिहार में हो रहा है। मैं जनता को सजग करने आया हूं ताकि उनका वोट और अधिकार कोई छीन न सके। वहीं, तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि मेरे 17 महीने के उपमुख्यमंत्री कार्यकाल में जो काम हुए, उससे एनडीए हिल गया। जनता महंगाई, बेरोजगारी और पलायन से परेशान है, लेकिन सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। तेजस्वी ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता को जगाने और चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की। इस मौके पर राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधायक राकेश कुमार रोशन, पप्पू खान, अशोक कुमार हिमांशु, नरेश कुमार अकेला, डॉ. सत्येंद्र बिंद, हुमायूं अख्तर तारीक, सुनील यादव दीपक, डॉ. आयशा फातिमा, डॉ. जगदीश प्रसाद, पप्पू यादव, हैदर आलम, राजीव कुमार मुन्ना, अनोज सिंह, पवन यादव, मनोज यादव, टनटन खान, फारूक आजम, नागमणि सिंह, अखिलेश कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## 27 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 18 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अवैध खनन में एक, मद्य निषेध में चार एवं अन्य गिरफ्तारी 22 कुल 27 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 677 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-29 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-01 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 360 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 23 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक ट्रैक्टर, चार मोटरसाईकिल एवं दो अपहृता बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

## वोटर अधिकार यात्रा' झूठ और फरेब की यात्रा : शाहनवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कंग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' को पूरी तरह असफल बताते हुए इसे झूठ और फरेब की यात्रा करार दिया। मंगलवार को नालंदा के मेहदारपुर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह यात्रा जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास है। शाहनवाज हुसैन ने राहुल गांधी को 'जननायक' कहे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बिहार का असली जननायक केवल भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस तरह प्रस्तुत करना, कर्पूरी ठाकुर की विरासत का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता ने बिहार सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य में 3 लाख करोड़ रुपये की लागत से एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। पटना और दरभंगा एयरपोर्ट के बाद अब पूर्णिया से भी हवाई सेवा शुरू होगी। साथ ही राज्य को 10 वंदे भारत, नमो भारत और 6 अमृत भारत ट्रेनें मिली हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर का ग्लास ब्रिज, जू सफारी, नेचर सफारी और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में राज्य को नई पहचान दिलाएंगे। उन्होंने दावा किया कि आगामी 22 अगस्त को गया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा ऐतिहासिक होगी, जहां जुटने वाली भीड़ की कल्पना भी विपक्ष नहीं कर सकता। इस अवसर पर मंत्री डॉ. सुनील कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी राजेंद्र सिंह, क्षेत्रीय सह प्रभारी जितेंद्र नीरज, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मगध विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता का मॉडल बनाना हमारी प्राथमिकता : प्रो. एसपी शाही

## मगध विश्वविद्यालय में प्राचार्यों की बैठक, गुणवत्तापूर्ण व रोजगारोन्मुख शिक्षा पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय में अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दूरस्थ शिक्षा निदेशालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसपी शाही ने की। इस दौरान नई शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, मल्टीडिसीप्लिनरी पाठ्यक्रमों की शुरूआत और कौशल आधारित रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता का मॉडल बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अंगीभूत महाविद्यालय एक सप्ताह के भीतर अपना लक्ष्य आधारित संस्थागत प्लान और दृष्टि दस्तावेज तैयार कर विश्वविद्यालय को सौंपें तथा इसे अपने-अपने कॉलेज की वेबसाइट पर भी अपलोड करें। प्रो. शाही ने बताया कि आगामी सत्र से बहुविषयक विषयों की पढ़ाई शुरू की जाएगी और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का विकास किया जाएगा। उन्होंने सभी प्राचार्यों से अपने-अपने संस्थानों को बहुविषयक एवं कौशल उन्मुख शिक्षा का केंद्र बनाने की दिशा में ठोस योजना प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में यह भी तय किया गया कि विश्वविद्यालय और कॉलेज मिलकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रम शीघ्र प्रारम्भ करेंगे। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक के अंत में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री के बोधगया परिभ्रमण को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी 22 अगस्त को बोधगया परिभ्रमण के अवसर पर ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था सभा स्थल हेतु बसों की व्यवस्था पटना, जहानाबाद, दाउदनगर, अरवल से आने वाली बड़ी बसें दो मुहान फ्लायओवर पार करने के बाद टोल प्लाजा पर रुकेंगी। वहां से बाईं ओर निर्धारित पार्किंग स्थल पर जाएंगी। यदि पार्किंग स्थल भरा हुआ है तो बसों को डोभी की ओर आगे भेजा जाएगा। नालंदा, नवादा से आने वाली बसें वजीरगंज होते हुए सिटी पब्लिक स्कूल से मेहता पेट्रोल पंप के तरफ जाएगी, जो कि आगे बुनियादगंज पुल होते हुए कंडी नवादा होते हुए बारा गुमटी को पार करते हुए चाकंद मोड से पटना गया डोभी रोड पर निकल जाएंगे। जो बसें डोभी-पटना फ्लायओवर से आएंगी, उन्हें दो मुहान फ्लायओवर पार कराकरः यदि आईआईएम पार्किंग में जगह उपलब्ध है, वहीं पार्किंग होगी। यदि जगह नहीं है तो टोल प्लाजा पर रोककर यात्रियों को उतारने के बाद बसों को डोभी की ओर भेजा जाएगा। उसी तरह गया-बोधगया मार्ग से आने वाली बसें इन्हें दोमूहान पार कराकर सर्विस लेन से मेन लेन पर लाकर टोल प्लाजा भेजा जाएगा। बसें आगे डोभी की और पार्किंग में जायेंगी। शेरघाटी, इमामगंज, औरंगाबाद से आने वाली बसें- बसें डोभी से बोधगया की ओर आ सकेंगी (आम जनता के निजी वाहनों के लिए यह मार्ग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा)। इन बसों की पार्किंग- आईएचएम के पीछे बने पार्किंग स्थल, आईआईएम पार्किंग नंबर 3, यदि दोनों भरे हुए हैं तो आगंतुकों को टोल प्लाजा के पास उतारकर बसों को पटना दिशा में आगे भेजा जाएगा।

**आम जनता के निजी वाहनों की व्यवस्था**

पटना-जहानाबाद दिशा से आने वाले निजी वाहन- गुलरिया चौक मोड़ से चेरकी-शेरघाटी मार्ग की ओर डायवर्ट होंगे। वहां से अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। पटना-डोभी एनएच - गुलरिया चौक से डोभी तक - आम जनता के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**वीवीआईपी एवं वरिष्ठ अधिकारियों की व्यवस्था**

पटना से आने वाले वीवीआईपी वाहन। दो मुहान फ्लायओवर चढ़ने से पहले बाईं ओर मोड़ दिए जाएंगे। दो मुहान होकर मगध विश्वविद्यालय के नवनिर्मित गेट से प्रवेश करेंगे। स्कॉट और पुलिस वाहन नोड-1 की ओर जाएंगे जहां कन्वेंशन सेंटर और नोड-1 पार्किंग में पार्किंग होगी। गया दिशा से आने वाले वीवीआईपी एवं वरिष्ठ अधिकारी वाहन सीधे दो मुहान पर पहुंचेंगे।

# तरवां फुटबॉल स्टेडियम निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के केदारनाथ उच्च विद्यालय के खेल मैदान तरवां में फुटबॉल स्टेडियम निर्माण के लिये मंगलवार को वजीरगंज विधायक वीरेन्द्र सिंह ने शिलान्यास किया। इसके लिये आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना से 200 मीटर टैक युक्त फुटबॉल स्टेडियम 1 करोड़ 65 लाख 23 हजार की प्राक्कलित राशि से किया जा रहा है। तरवां क्षेत्र के लोगों के महत्वपूर्ण मांगों में यह शामिल था। इसके अलावे फिलहाल यहां थाना के जगह पर टीओपी स्थापित हुआ है और आपकी प्रखंड बनवाने की मांग को भी सुना जाएगा। फिलहाल पइन की सफाई सहित अन्य योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मौके पर केदारनाथ उच्च विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाये। इसके अलावे रमाशंकर यादव, छोटन साव, उत्तम राजवंशी, विनय सिंह, मदन साव, सतीश सिन्हा, हीरा दास सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता खेल प्रेमी व आम नागरिक मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत करजरा में छात्र-छात्राओं ने लगाये पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करजरा में मंगलवार को इको क्लब मिशन फॉर लाइफ के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने 40 पौधे लगाये। संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधानाध्यापिका जया सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। प्रकृति हमलोगों का ख्याल मां की तरह रखती है और उसी मां को संरक्षित रखने में इन वृक्षों का योगदान होता है। आज अंधाधुंध जंगलों का सफाया हो रहा है जिसके कारण बाढ़ - सुखाड़ एवं मौसम का असमय उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

# 22 अगस्त को आमदनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा की जाएगी भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** श्रम संसाधन विभाग, विश्व विद्यालय नियोजन सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र, बोधगया की तरफ से संयुक्त श्रम भवन, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, केंदुई, गया जी में रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार शिविर में आमदनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। सीनियर एसोसिएट एवं असेंबली ऑपरेटर के 50 पदों के लिए अभ्यर्थियों का किया जाएगा चयन। सीनियर एसोसिएट एवं ज्वाइनिंग लोकेशन पैन इंडिया है। सीनियर एसोसिएट एवं असेंबली ऑपरेटर पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 15000 से 18000/- तक का वेतन का भुगतान किया जाएगा। साथ ही फ्री ड्यूटी टाइम फूड, पीएफ एंड ईएसआईसी इंश्योरेंस की भी सुविधा मिलेगी। उक्त रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होना चाहिए एवं शैक्षणिक योग्यता सीनियर एसोसिएट एवं असेंबली ऑपरेटर पद हेतु दसवीं , बारहवीं, स्नातक पास या ऊपर की होनी चाहिए। सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि दिनांक 22 अगस्त 2025 को सुबह 10.30 से 4.00 बजे तक अपना बायोडाटा, आधार कार्ड, संबंधित शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र लेकर अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया जी में आयोजित होने वाले रोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और रोजगार प्राप्त करें। नियोजन की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है।

# कोंच में 2.50 लाख की ठगी, 3 मजदूर फरार

## टाइल्स और पेंटिंग कार्य के नाम पर रकम ऐंठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच में ठगी का मामला सामने आया है। टाइल्स निर्माण और पेंटिंग कार्य कराने के नाम पर तीन मजदूरों ने मालिक से 2 लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए और काम अधूरा छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित केशव कुमार पिता बिनोद शर्मा ग्राम कोंच के अनुसार उसने अपने घर में टाइल्स लगाने और पेंट कार्य हेतु मजदूरों को ठीका पर लगाया था। लगभग 30 प्रतिशत काम होने के बाद ही मजदूर बिना बताए फरार हो गए और अपना-अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत पर कोंच थाना पुलिस ने तीनों आरोपित मजदूरों के खिलाफ मंगलवार को कांड संख्या 412/25 दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अजबर शेख, बप्पा शेख, इसरा फिलुद्दीन शेख उक्त सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और पीड़ित ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# मोबाइल डिमान्सट्रेशन वैन चलाने का कार्यक्रम निर्धारित समय से शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में गया जिला अन्तर्गत स्थित प्रत्येक मतदान भवनों (पीएसएल), निर्वाचक साक्षरता क्लबों आदि में मोबाइल डेमेंस्ट्रेशन वैन (एमडीभी) चलाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। गया जिला के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में 18 अगस्त दिन सोमवार से प्रारंभ कर दिया गया है। इसका परिचालन सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 2578 मतदान भवनों में किया जाएगा। इस कार्य हेतु कुल 10 एमडीभी चलाये जाने की योजना है। 1 माह के अंदर सभी प्रदर्शन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की तिथि घोषित करने के तुरंत बाद यट प्रदर्शन रोक दिया जाएगा। मोबाइल डेमॉस्ट्रेशन चौन (एमडीभी) का मुख्य उद्देश्य आम जनता को ईवीएम और बीवी पैट के प्रयोग एवं कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। ताकि मतदान प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार की भ्रांतियां दूर हों और मतदाता आत्मविश्वास के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस पहल का एक विशेष उद्देश्य प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान प्रक्रिया में सहजता प्रदान करना है। अनेक बार देखा गया है कि तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी न होने के कारण मतदाता मतदान केंद्र पर संकोच महसूस करते हैं। इस वैन के माध्यम से उन्हें पहले ही प्रायोगिक अनुभव मिल जाएगा जिससे मतदान दिवस पर वे बिना किसी झिझक के मतदान कर पाएंगे। इस वैन में प्रशिक्षित कर्मी उपलब्ध रहेंगे जो लोगों को ईवीएम के बटन दबाने से लेकर वीवी पैट स्लिप देखने तक की पूरी प्रक्रिया का लाइव डेमॉस्ट्रेशन देंगे। इसके अलावा नागरिकों के प्रश्नों के उत्तर भी मौके पर दिए जाएंगे। पैन में ओडियो-विजुअल सामग्री, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से भी मतदान से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके मार्ग एवं समय की सूचना समय-समय पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी। निर्वाचन आयोग का मानना है कि इवीएम एवं वीवी पैट की पारदर्शी और सुरक्षित प्रणाली के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना, मतदान प्रतिशत बढ़ाने और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने किया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने मंगलवार को नूतन नगर, चांद चौरा, कालीबाड़ी तथा रविदास टोला क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के गया आगमन हेतु लोगों को आमंत्रित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ा बजाकर खुशी का इजहार करते हुए प्रत्येक परिवार को निमंत्रण पत्र भेंट करते हुए 22 अगस्त को होने वाली विशाल जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। डॉ. मिश्रा ने कहा कि 22 अगस्त का दिन गया और पूरे मगध क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोधगया की पावन धरती पर आकर न केवल जनता से संवाद करेंगे, बल्कि गया को विकास की नई सौगात देंगे। इस रैली का रिकॉर्ड गया जी के राजनीतिक इतिहास में अभूतपूर्व होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प है कि इस जनसभा में सहभागिता की दृष्टि से गया जी में अब तक की सभी रैलियों का रिकॉर्ड टूट जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे में गया को लगभग 100 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। इनमें प्रमुख आकर्षण विष्णु कॉरिडोर (मोदी गलियारा) का शिलान्यास तथा अमृत भारत योजना के तहत गया से सीधे दिल्ली के लिए नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाना शामिल है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल गया के गौरव को बढ़ाएगा, बल्कि पूरे बिहार को विकास की नई दिशा प्रदान करेगा। निमंत्रण पत्र वितरण अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी बड़े उत्साह से भाग लिया। लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आस्था और समर्थन व्यक्त करते हुए मोदी जी जिंदाबाद के नारे लगाए और 22 अगस्त को बोधगया पहुंचने का संकल्प लिया। डॉ. मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों से आग्रह किया कि इस अवसर को केवल रैली न समझकर एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देखें और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत करें। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह रैली नहीं, बल्कि इतिहास रचने का क्षण होगा। बोधगया की धरती इस बात की साक्षी बनेगी कि जनता और नेतृत्व के बीच विश्वास एवं विकास का बंधन कितना मजबूत है। हम सब मिलकर इस दिन को स्मरणीय बनाएंगे और गया की जनता प्रधानमंत्री मोदी को भव्य स्वागत देकर अपने प्रेम और समर्थन का संदेश देंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–29.07.2025 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा सं0–**7/RCD/Daltonganj/2025-26/658** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No.- 358924 Road(25-26)D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 359830 Road(25-26)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**( गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी, उम्र–करीब 18 वर्ष)**



हरिहरपुर ओ0पी0 सनहा सं0–08/25, दिनांक–08.08.2025 में गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी, उम्र–करीब 18 वर्ष, पिता–मुन्ना रजवार, सा0–मझिगांवा, थाना–भवनाथपरु (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। गुमशुदा लड़की की मॉ आवेदिका अनिता देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है उनकी बेटी पुष्पा कुमारी दिनांक–06.08.2025 को बिना बताये कहीं चली गई है।

आवेदिका की बेटी पहले भी गॉव के ललन रजवार के साथ कहीं चली गई थी। ललन रजवार का मो0नं0–8809322723 है जो बंद आ रहा है। उक्त गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा लड़की पुष्पा कुमारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया**– उम्र–करीब 18 वर्ष, रंग–गेहुआ, लम्बाई– करीब 05 फीट, बाल–काला, ऑख–समान्य, पहनावा–सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 359781 (Police)25-26*D


# रैगिंग मुक्त परिसर की शपथ के साथ, सीयूएसबी में एंटी-रैगिंग सप्ताह का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** पूर्णतः रैगिंग मुक्त परिसर बनाने और किसी भी प्रकार की रैगिंग के प्रति शून्य सहिष्णुता की शपथ के साथ, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रैगिंग विरोधी सप्ताह सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन विभाग स्तर पर रैगिंग विरोधी शपथ का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने शपथ ली कि वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, परिसर में या उसके बाहर, किसी भी प्रकार की रैगिंग में शामिल नहीं होंगे और अपने सभी कनिष्ठ/वरिष्ठ छात्रों और सहपाठियों के साथ हर समय उचित सम्मान, दयालुता और गरिमा के साथ व्यवहार करेंगे तथा नैतिक और नैतिक मूल्यों के उच्चतम मानकों का पालन करेंगे। रैगिंग विरोधी शपथ के साथ-साथ, सप्ताह भर चले समारोह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की समस्या को रोकने और रैगिंग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए सीयूएसबी ने एंटी-रैगिंग सप्ताह 2025 मनाया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में सप्ताहभर ओरिएंटेशन प्रोग्राम, सेमिनार, एंटी-रैगिंग मैराथन (रेड रन 2025), निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता, परिसर के भीतर एंटी-रैगिंग मार्च आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सभी कार्यक्रम सीयूएसबी के एंटी-रैगिंग के नोडल अधिकारी डॉ. जावेद अहसन की देखरेख में आयोजित किए गए। विजेताओं को पुरस्कार रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, प्रो. प्रणव कुमार प्रॉक्टर, प्रो. पवन कुमार मिश्रा डीन छात्र कल्याण, डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम डिप्टी प्रॉक्टर और डॉ. जावेद अहसन नोडल अधिकारी एंटी-रैगिंग द्वारा वितरित किए गए।इस अवसर पर प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने परिसर में एंटी-रैगिंग सप्ताह के सफल आयोजन के लिए संकाय समन्वयकों और छात्र स्वयंसेवकों को बधाई दी ।

# वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पंजाब नेशनल बैंक कोंच शाखा के द्वारा वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने की। शिविर में कोंच पंचायत व अन्य गांवों से आये हुए उपभोक्ताओं को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन खाता खोलने आदि से संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के लोन से संबंधित भी जानकारी दी। उक्त शिविर का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख चैता कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक विकास फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं के अलावा प्रखण्ड के सभी बैंक मित्र के कर्मचारी मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती बाजार निवासी एक शिक्षक मो.सद्दाम पिता मो. शकी परैया पुल के समीप सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार शिक्षक बाइक से गया जा रहे थे तभी अचानक हादसा हो गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों व परिचितों में चिंता का माहौल है। बता दें कि मो.सद्दाम मध्य विद्यालय आंती में कार्यरत हैं।

# भाजपा युवा कार्यकर्ता लवकुश सिंह के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भारतीय जनता पार्टी का एक शिष्टमंडल दल टिकारी दक्षिणी मंडल अंतर्गत ग्राम रकसिया का दौरा किया। मालूम हो उक्त ग्राम निवासी भाजपा के युवा कार्यकर्ता टिकारी संयुक्त मंडल से फिलहाल दक्षिणी मंडल में लगातार कार्यशील रहे कर्मठ कार्यकर्ता लवकुश सिंह का आकस्मिक निधन विगत दिनों होने की सूचना मिलने उपरांत उनके घर पर जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर दिवंगत आत्मा की शांति व इस विरह काल में परिजनों के प्रति धैर्य साहस की कामना ईश्वर से किया। सर्वविदित हो कि लवकुश सिंह संगठन कार्य के प्रति वफादार रहते थे। शिवबल्लभ मिश्र ने पंचायत सेवक से बात कर परिजन को मृत्यु प्रमाण पत्र, कबीर अंत्येष्टि, पारिवारिक लाभ हेतु बात किया। शिष्टमंडल दल ने हर संभव साथ का भरोसा देने का बात किया। मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी शिवबल्लभ मिश्र, किसान मोर्चा अध्यक्ष टिकारी दक्षिणी नवीन पाण्डेय, आमाकुमां के पूर्व सरपंच सह भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रामनिवास ठाकुर, महिला नेत्री सुनीता देवी, अक्षय सिंह सहित परिजन में स्व. सिंह के पिता श्रीराम सिंह, भाई दीपक


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

पत्रांक............ दिनांक..................

**प्रेष विज्ञप्ति**
**PR NO.-359680**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु पुर्न कोटेशन आमंत्रण सूचना (3rd Call) निकाला गया है जिसमें दिनांक 19.08.2025 से 26.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा करने हेतु तिथि निर्धारित की गई है जिसमें अंतिम तिथि 26.09.2025 के स्थान पर 30.08.2025 पढ़ा जाए ।

शेष यथावत रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 359863 Rural Development (25-26)_D



**कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code-822132
Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1117, दिनांक 18.08.2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत प्रथम किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1708 दिनांक 23.12.2024 से प्राप्त निदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के पुराने स्वीकृत लम्बित पड़े आवास को दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के भीतर पूर्ण कराने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में **प्रथम किस्त** प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों की सूची कार्यालय नगर परिषद्, विश्रामपुर के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित सूची में वर्णित लाभुको को सूचित करना है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के अन्दर अपने आवासो को पूर्ण कर लें तथा संबंधित प्रतिनियुक्त कार्यालय कर्मियों अथवा कार्यालय को सूचना देकर ससमय किस्त की राशि प्राप्त कर एक सजग एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय दें।

उक्त निर्धारित समय–सीमा दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 के अन्दर आवास पूर्ण करने की सम्पूर्ण जवाबदेही लाभुको की होगी अन्यथा उक्त अवधि के बाद लाभुकों को अपने संसाधनो से आवास को पूरा करना पड़ सकता है तथा विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना न ही लाभुको के किसी आवेदन/दावा पर विचार करना संभव होगा।

**विषय अति–महत्वपूर्ण।**

प्रशासक,
नगर परिषद्, विश्रामपुर

PR.NO.359828 District(25-26):D

संपादकीय

# मोदी और आरएसएस!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस साल 15 अगस्त पर लाल किले की प्राचीर से जो अपना 11वां भाषण दिया, उसमे सबसे ज्यादा चर्चा मोदी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की रही। समर्थकों का तर्क है कि चूंकि मोदी को मोदी बनाने वाला भी आरएसएस ही है, अतः इस विशाल अशासकीय संगठन के सौ साल पूरे होने पर स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उसका उल्लेख करना स्वाभाविक ही है। जबकि इसके आलोचकों का कहना है कि यह स्वतंत्रता दिवस का ही अपमान है, क्योंकि मोदी ने जिस आरएसएस की चर्चा की उसका आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं है। उसने स्वतंत्रता संग्राम के समय अंग्रेजों का साथ दिया तथा जिसका नाम गांधी हत्या में भी आया था। इस राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को अलग रखें तो गंभीर राजनीतिक समीक्षक इस बात का संजीदगी से विश्लेषण कर रहे हैं कि मोदी ने इस बार ही आरएसएस का नाम क्यों लिया। अब तक वो बतौर प्रधानमंत्री लाल किले से देश को 11 बार संबोधित कर चुके हैं। लेकिन संघ का कभी जिक्र नहीं किया, जबकि वो स्वयं संघ के प्रचारक रहे हैं। जहां तक संघ के सौ साल पूरे होने की बात है तो यह महज आंकड़ा है, क्योंकि खुद संघ मानता है कि उसका अंतिम लक्ष्य देश में हिंदू राष्ट्र की स्थापना है, जो अभी बहुत दूर है। इसलिए संघ की शताब्दी पर जो कार्यक्रम हो रहे हैं, उसमें कोई भारी तामझाम या दिखावेबाजी नहीं है। इससे लगता है कि स्वतंत्रता दिवस के भाषण में संघ का नाम लेने को लेकर मोदी पर शायद ही कोई दबाव रहा होगा। तो फिर मोदी ने ऐसा क्यों कहा? प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं बहुत गर्व के साथ एक बात का ज़िक्र करना चाहता हूं। आज से सौ साल पहले एक संगठन का जन्म हुआ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका सौ साल की राष्ट्र की सेवा का एक बहुत ही गौरवपूर्ण स्वर्णिम पृष्ठ है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर के, सौ साल तक मां भारती का कल्याण का लक्ष्य लेकर के, लक्ष्यावधि स्वयं सेवकों ने मातृभूमि के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। सेवा, समर्पण, संगठन और अप्रतिम अनुशासन इस संगठन की पहचान रहे हैं।' मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में संघ का उल्लेख करने के पीछे पिछले कुछ समय से भाजपा और संघ के बची कई मुद्दों को लेकर चल रही तनातनी है। पिछले साल 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी के बहुमत हासिल ना कर पाने के पीछे बड़ी वजह ये मानी गई थी कि संघ ने बीजेपी के लिए उस तरह से ज़मीनी स्तर पर काम नहीं किया जिसकी उम्मीद बीजेपी कर रही थी। लोकसभा चुनाव के दौरान ही बीजेपी नेता जेपी नड्डा का वो विवादित बयान भी आया था जिसमें उन्होंने बीजेपी के सक्षम होने और उसे आरएसएस की ज़रूरत ना होने की बात कही थी। हालांकि तब संघ ने नड्डा के बयान को 'पारिवारिक मामला' बताते हुए कहा था कि संघ ऐसे मुद्दों पर सार्वजनिक मंचों पर चर्चा नहीं करता। लेकिन इस चौंकाने वाले बयान के बाद नड्डा पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही उन्होंने इसके लिए किसी तरह की सफाई दी। इसका सीधा अर्थ यह है कि नड्डा ने यह बयान दिया नहीं था, बल्कि उनसे दिलवाया गया था। इससे संघ में यह संदेश गया कि उसकी भूमिका को लेकर बीजेपी में नए सिरे से सोचा जा रहा है। जनता में संदेश गया कि मोदी और संघ में पटरी नहीं बैठ रही है। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी 2029 तक पद सुरक्षित रखना चाहते हैं। कितने सफल होंगे, यह देखने की बात है।

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र



**हरदीप एस पुरी**

मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षितङ्कब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र-छोड़ा गया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे– साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों –और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और ÷नो गो÷ क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में ÷नो गो÷ क्षेत्रों को लगभग 99त्न तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है।

ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है।

इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है।

लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50त्न स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया।

उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60त्न का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है।

नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है।

दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है। रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गई है; नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है।महत्वाकांक्षा को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है–इस निकाय को आर्थिक गतिविधियों के पूरे इकोसिस्टम को नया रूप देने के लिए बनाया गया है। इसका अधिदेश जितना साहसिक है, उतना ही लंबे अर्से से अपेक्षित भी है- हमारे स्टार्टअप्स और एमएसएमई पर बोझ डालने वाली अनुपालन लागत में कटौती करना, उद्यमों को निरंतर मनमानी कार्रवाई की छाया में रहने से छुटकारा दिलाना, तथा जटिल कानूनों को सरल, पूर्वानुमानित और व्यवस्थित ढांचे में ढालना। 15 अगस्त को घोषित सुधार, केवल अगले दिन की सुर्खियों के लिए नहीं, बल्कि 2047 के भारत से संबंधित हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया, दुनिया एक प्राचीन सभ्यता को - अपनी जड़ों को त्यागकर नहीं, बल्कि उनसे शक्ति प्राप्त करके आधुनिक शक्ति में तब्दील होते हुए देख रही है।

**(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)***

अध्यात्म

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। इस घोषणा को सुनकर सब लोग आपस में बातचीत करने लगे कि मैं तो सबसे क़ीमती वस्तु या जीव को हाथ लगाऊंगा।

कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे।

जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ।

राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी।

जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं।

हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए। अगर प्रभु हमारे होगए तो ही उसकी बनाई हुई प्रत्येक वस्तु पर भी हमारा ही अधिकार हो जाएगा।

# 15 अगस्त के बाद क्या?

**15 अगस्त बीत गया। पंद्रह अगस्त भारत के आरोह-अवरोह भरे सुदीर्घ इतिहास का महत्वपूर्ण दिनांक है। शायद सबसे मानीखेज तारीख। इस दिन वैश्विक-परिदृश्य में एक ऐसा राष्ट्र उभरा, जिसने सत्याग्रह के बूते आजादी पाई थी और इस उपलब्धि में किसी एक समुदाय, कौम या वर्ग का नहीं, अपितु समग्र समाज का योगदान था। विश्व में सैन्य कार्रवइयों विद्रोह और छल-छदम से आजादी हासिल करने अथवा सत्ता-परिवर्तन की परंपरा रही है, लेकिन भारत का स्वतंत्रता-पर्व विरल और अभूतपूर्व प्रसंग था। हाड़मांस के एक कृशकाय व्यक्तित्व ने अपने तपपूत अथक प्रयासों से उस बर्बर कुटिल सत्ता से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके वैश्विक साम्राज्य में सूरज नहीं डूबता था।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

अंग्रेजों की विदाई तय थी, क्योंकि कोई भी सत्ता एक वर्ग, एक वर्ण, एक समूह, एक बल से लड़ सकती है, लेकिन कोटि-कोटि जनों के उस जागृत बल से नहीं लड़ और जीत सकती, स्वतंत्रता ही जिसका एकमेव अभीष्ट था। अपने इसी अपूर्व उपक्रम से गांधी महान है। वह अलीक शख्सियत हैं। सहस्राब्दी के महानायक है। मनुष्य की मुक्ति और उत्थान के तमाम योद्धाओं से भिन्न और अतुल्य है। उनसा तेजोमय व्यक्तित्व विश्व-इतिहास में दूसरा नहीं है। बहरहाल, अब हम आजाद हैं। हम और हमारे समवयस्क लोग स्वतंत्र भारत में जनमें हैं, लिहाजा हम लोग खुशकिस्मत हैं। बिलाशक आजादी नेमत हैं, ऐसी नेमत, जिसकी महत्ता और कीमत को कूता नहीं जा सकता। वह अमूल्य और गर्वीली है। वह लाखों लोगों की शहादत और त्याग का नतीजा है। आजादी हमारी आत्मिक वृत्ति है। सिर्फ जातियां या कौमें ही आजादी नहीं चाहतीं। हर कोई बंधनों से मुक्ति चाहता है। गुलाम दासता की बेड़िया तोड़ना चाहते हैं। परिन्दे क़फ़स से आजादी चाहते हैं और शुभ्रता कालिमा से मुक्ति चाहती है। गुलामी कलंक है। स्वतंत्रता सिर्फ राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं होती। राजनीतिक स्वतंत्रता एक पड़ाव है; दूर के गंतव्य का एक महत्वपूर्ण पड़ाव। महात्मा गांधी और भगत सिंह जैसे महान नायकों ने इस तथ्य को बार-बार रेखांकित किया। स्वतंत्रता और स्वतंत्र समाज में बड़ा फासला है। बहुत कठिन है स्वतंत्रचेता समाज के निर्माण की डगर। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का लक्ष्य हासिल करना बड़ा कठिन है। महात्मा गांधी की आजादी की लड़ाई सिर्फ विदेशी दासता से मुक्ति की लड़ाई न थीं। वह भाषा की भी लड़ाई थी।

अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष के साथ ही उनका आंदोलन लैंगिक असमानता के विरूद्ध अहिंसक युद्ध भी था। वहां श्रम की गरिमा की पुनर्स्थापना का संकल्प भी था। वहां रूढ़ियों कुरीतियों-बेगारी, सामंतवाद, अशिक्षा, बाल-विवाह, भेदभाव, जातिवाद, दहेज प्रथा आदि से मुक्ति की जद्दोजहद भी थी। इसी को परिलक्षित कर एक भारतीय आत्मा पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने 'सिर के ऊपर पेट चढ़ाकर अपना सत्यानाश न कर तू। जनगणमन, अधिनायक तेरा, उसे विश्व का दास न कर तू' जैसी ओजभरी पंक्तियां लिखी थीं। पंद्रह अगस्त तक वह तारीख है, जो सूरज ढलने या रात गहराने से बीतती नहीं, बल्कि पटल पर बनी रहती है। वह हमें सोचने का साजोसामां देती है। सामूहिकता का पाठ पढ़ाती है और कुतुबनुमा मानिंद हमारे जीवन की दिशा तय कर समवेत सार्थक उपक्रमों के लिए प्रेरित करती है। पंद्रह अगस्त के बाद पंद्रह अगस्त का यही तकाजा और संदेशा है। इन कसौटियों पर हम अपने आज को परखें तो हमें इस बात का आभास हो सकता है कि हम कहां खड़े हैं और विश्व परिदृश्य में गणतंत्र के तौर पर उभरने के उपरांत इस अमृतकाल तक हमने कितना और कैसा सफर तय किया है? हमारी यात्रा सार्थक रही है अथवा निरर्थक? हम इतिहास के गलियारे में कहीं उलटे पांव तो नहीं चल रहे हैं? कहीं हम पुनरूत्थानवादी शक्तियों से परिचालित तो नहीं है? हम अपने वक्त के तकाजों को बूझकर आगामी सुनहरे कल के लिये समवेत प्रयासों के विपरीत कहीं अतीत की गौरव स्थापना कर गुहांधकार में तो नहीं लौट रहे हैं? निर्विवादितः समय कठिन है। चुनौतियां संगीन है; घरेलू मोर्चे पर भी, सरहदों पर भी और राजनय के धरातल पर भी। विचारकों का बार-बार यह कहना अकारण नहीं है कि यह बेढब, हिंस्र और अराजक समय है, जहां असहमति के लिये कोई ठौर नहीं है और व्यवस्था या तो उसे अनसुना करने अथवा उसे कुचलने के फेर में है। प्रख्यात विचारक परकाला प्रभाकर ने संकटग्रस्त गणराज्य पर अपने आलेखों के संकलन 'नये भारत की दीमक लगी शहतीरें' में 'फादर स्टैन स्वामी का हत्यारा कौन' शीर्षक अध्याय में इसके अनेक संदर्भ उजागर किये हैं। उनकी और राजीव भार्गव की किताब 'राष्ट्र और नैतिकता हमारे आज के अनेक महत्वपूर्ण सवालों से जूझती है और चतुर्दिक फैलते बेहिसाब अंधेरे को दर्शाती है। परकाला स्पष्ट कहते हैं कि हिन्दुत्व को राष्ट्रीयता का सत्यापित सूचक मान लिया गया है। बात सही है, लेकिन क्या यह हिंदुत्व ही वास्तविक और प्रतिनिधि हिन्दुत्व है? इसी से यह यह प्रश्न भी उभरता है कि आगामी समय में भारत गणराज्य अनेक धर्मों के प्रति कैसे सलूक से गुजरेगा, जबकि संविधान ने उसे सेक्यूलर और समाजवादी विशेषण से नवाजा है। राजीव सचान के शब्दों का आसरा लें तो क्या लिबरल या उदार लोकतंत्र की अवधारणा विकृतियों के लिये अभिशप्त है? क्या इस लोकतंत्र में लोग कहने को नागरिक हैं, अन्यथा प्रजा का अस्तित्व कायम है। क्या यह सक्रिय नागरिक के गमन और निश्चेष्ट प्रजा के आगमन का दुःसह काल है? सचान का यह कहना सच है कि राज्यविहीनता कोई कुदरती आपदा नहीं, आदमी का पैदा किया हुआ संकट है। यह सरहदों की सनक में पगलाये नवगठित राष्ट्र राज्यों की पैदाइश है।

कहना कठिन है कि इन 'हांकों' और 'खदेड़ो' अभियानों के क्या नतीजे निकलेंगे? वे लोमहर्षक भी हो सकते हैं। क्या गरीबों और हाशिये के लोगों के मूलभूत अधिकारों के लिए लड़ना आगे और मुश्किल होता जायेगा? क्या लोग सच के लिये हलफनामा उठाने से कतरायेंगे? प्रश्न यह भी है कि घृणा की मानसिकता अंततः हमें कहां ले जायेगी? दंभ और सत्ता में बने रहने की ज़िद क्या गुल खिलायेगी? अमेरिका में फेडरेलिस्ट पार्टी ने सन 1798 में राजद्रोह कानून बनाया था। कानूनन आलोचना जुर्म हुई। बड़ी संख्या में विपक्षी दंडित हुये। राष्ट्रपति जॉन एडम्स पर टिप्पणी के एवज में रिपब्लिकन सांसद ने जेल की हवा खाई। मगर परिवर्तन ही शाश्वत है, अतः सत्ता बदली और विपक्षी थॉमस जेफरसन राष्ट्रपति बने। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने टिप्पणी की थी कि असहमति लोकतंत्र का फकत सेफ्टी वाल्व नहीं है, बल्कि सार्थक सामाजिक जीवन जीने के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत में असहमति और मत-मतांतर की भव्य और सुदीर्घ परंपरा रही है। लोकतंत्र में 'लोक' ही सर्वोपरि है। हमारा संविधान भी 'वी द पीपुल' की बात करता है। स्वतंत्रता दिवस पर यह कामना अनुचित नहीं कि इस महादेश में 'जनगणमन अधिनायक' के जयगान की परंपरा अक्षुण्ण रहेगी। यह सुखद है कि पंद्रह अगस्त की बेला में हमें राष्ट्रव्यापी तिरंगा अभियान देखने को मिला और इसमें उन समूहों ने सोत्साह शिरकत की, जिनकी दैनंदिन परंपरा में तिरंगा अनुपस्थित रहा है। तिरंग त्रिदेव की भारतीय परंपरा की याद दिलाता है। वह बहुलता और सामासिकता का प्रतीक है। उसके रंग क्रमशः त्याग-बलिदान, शांति और हरीतिमा व समृद्धि के द्योतक है। 15 अगस्त, सन् 47 को एक महादेश जनमा था; जनपदों सूबों, रियासतों के भेदों से ऊपर एक महादेश, सार्वभौम गणतंत्र जिसकी नियति था। संविधान ने से शक्ति और संकल्प दिया। इन अर्थों में 15 अगस्त और 26 जनवरी एकमेक होते हैं। संविधान हमारी ताकत है और एकता, अखंडता और सार्वभौमिकता की गारंटी भी। यह संविधान भी पंद्रह अगस्त का ऋणी है। वस्तुतः भारत छोड़ों आंदोलन 15 अगस्त और पंद्रह अगस्त, छब्बीस जनवरी की भूमिका रचता है। याद रखें कि पंद्रह अगस्त पंद्रह अगस्त को खत्म नहीं होता। वह प्रेरक है और उत्प्रेरक भी। निस्संदेह, पंद्रह अगस्त के बाद क्या का उत्तर भी पंद्रह अगस्त की प्रासंगिता और महत्ता में निहित है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
घर में धन को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने प्रयासों को किसी से व्यक्त न करें। अनावश्यक बातों को लेकर क्रोध न करें।

**वृषभ**
नजदीकी रिश्तेदारों के साथ सम्बन्ध मधुर रहेंगे। कारोबारी लोगों को बिजनेस टूर पर जाना पड़ सकता है। आपकी सलाह से लोग प्रभावित रहेंगे।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र की बाधायें दूर हो सकती हैं। रुके कार्यों को निपटाने के लिये काफी अच्छा समय है। अपनी उपलब्धियों से सन्तुष्ट रहेंगे।

**कर्क**
परिवार में धार्मिक आयोजन हो सकता है। दूसरों की आर्थिक मदद करने से बचें। मन पसन्द भोजन का आनन्द उठायेंगे। लम्बी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में सहयोगियों से नुकसान उठाना पड़ सकता है। जीवनसाथी की इच्छाओं और भावनाओं का ध्यान रखें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**कन्या**
उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाना चाह रहे हैं तो उसके लिये परिस्थितियाँ अनुकूल हो सकती हैं। आपके विचारों में रचनात्मकता रहेगी।

**तुला**
रिश्तेदारों के साथ सम्बन्ध अच्छे रखने की आवश्यकता है। कारोबार की गति थोड़ी धीमी रहेगी। लेकिन आज फिर भी आपको सार्थक लाभ हो जायेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। अनावश्यक कार्यों में आप धन बर्बाद कर सकते हैं। काम के तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**धनु**
अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों को लाभ मिलेगा। जीवनसाथी से सलाह लेकर कार्य प्रारम्भ करना विशेष रूप से लाभकारी रहेगा।

**मकर**
नौकरी में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। अति आत्मविश्वास के कारण आपको व्यवसाय में हानि उठानी पड़ सकती है। अपनी गलतियों से सीखने की आदत विकसित करें।

**कुंभ**
उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। लम्बित कानूनी मामले आपके पक्ष में हल हो सकते हैं। आपके पास समय की काफी उपलब्धता रहेगी।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा मजबूत होगा। आप कुछ नया और रचनात्मक करने की योजना बनायेंगे। जीवनसाथी प्रत्येक मुद्दे पर आपको समर्थन देगा।

# होमगार्ड जवानों से भरी बस पलटी एक की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

## मोटरसाइकिल से टकराई बस, बाइक सवार एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले के लाखो थाना क्षेत्र अंतर्गत इनियार ढाला के पास सोमवार को होमगार्ड जवानों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। साथ ही सामने से आ रही मोटरसाइकिल बस से टकराई। जिसमे मोटरसाइकिल पर सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बस में सवार करीब चार दर्जन से अधिक होमगार्ड जवान थे। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हो गए हैं। घायलों में से चार जवानों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सदानंदपुर स्थिति बने होमगार्ड जवान के कैंप से 50 होमगार्ड जवान बस में सवार होकर बेगूसराय पुलिस बस से आ रहे थे। जैसे ही बस इनियार ढाला के पास पहुंची। चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बस ने सामने चल रही मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। बस अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से टकरा गई और फिर सड़क पर ही पलट गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार महिला रोशनी देवी (खगड़िया निवासी) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनका पति रणबीर कुमार और 12 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान खगड़िया जिला अंतर्गत पसहारा निवासी रणबीर कुमार के 35 वर्षीय पत्नी रोशनी देवी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही लाखो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोटरसाइकिल से टकराने के बाद अनियंत्रित बस सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बस में सवार सभी जवान घायल हो गए। इनमें से कई को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में भर्ती जवानों में चार की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसे की सूचना मिलते ही लाखो थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। मृतका के घर पर घटना की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घायल होमगार्ड जवानों के परिवार भी अस्पताल में पहुंचकर अपनों के इलाज के लिए व्याकुल हैं।

## रेड क्रास ने बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का किया वितरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बेगूसराय। जिला रेड क्रास सोसाइटी द्वारा मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुँचाने के उद्देश्य से राहत वितरण कार्यक्रम अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल बाढ़ से प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता पहुँचाने और उनके जीवन-यापन को सुचारू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर रेड क्रास सोसायटी के जिलाध्यक्ष तुषार सिंगला ने हरी झंडी दिखाकर राहत सामग्री से भरी गाड़ी की पहली खेप को रवाना किया। इस खेप में खाद्य सामग्री, स्वच्छ पेयजल, दवाइयाँ एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ शामिल हैं। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रभावित परिवारों तक पहुँचाया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुँचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेड क्रास सोसाइटी एवं जिला प्रशासन मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवारों को सहायता पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि राहत कार्य निरंतर एवं चरणबद्ध तरीके से चलाए जाएंगे और जरूरतमंद परिवारों तक शीघ्र सहायता पहुँचाई जाएगी। इस मौके पर रेड क्रास सोसाइटी के पदाधिकारी, सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भ्रष्टाचार खत्म नही हुआ तो जनता करेगी कड़ा रुख

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी बबन यादव ने कार्यकर्ताओ संग संयुक्त बैठक किया गया। यह कार्यक्रम संदेश के कारगिल शहीद भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता बबन यादव ने की। क्षेत्र की गंभीर समस्या पर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, पानी, बिजली एवं गरीब जनता को अंचल सह प्रखंड कार्यालय में परिमार्जन के नाम पर कर्मी व अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। जनता को सहयोग नही कर रहे है। जिससे आम आदमी की परेशानी बढ गयी है। कहा कि अगर भ्रष्टाचार बंद नहीं हुआ तो हम कड़ा रुख अख्तियार करेंगे। इसमें ग्रामीण जनता भी उपस्थित हुए। मौके पर हरेंद्र यादव पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संदेश, शिकल्याण यादव, वीरेंद्र राम, दीपन, दिनेश यादव, लालबाबू, जगदीश यादव, विमलेश यादव, चितरंजन सिंह, अशोक सिंह, अजय कुमार, रिपु कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गौरीपुर निवासी राजेंद्र महतो का पुत्र कौशल कुमार नशे की हालत में उत्पात मचा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाने के पुअनि मो इसमाइल सशस्त्र बल के साथ पहुंच कर उसे दबोच लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

### बाढ़ ने प्रखंड क्षेत्र के दियारा इलाके को बनाया खंडहर

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ से प्रखंड क्षेत्र के दियारा इलाके की कई सड़कों की सूरत बदल कर जर्जर हो गई है। बाढ़ ने ऐसी तबाही मचाई के की सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। जबकि कई सड़कें बाढ़ में कट जाने के कारण वाहनों का आवाजाही भी बंद है। इससे कई पंचायत का संपर्क आज भी टूटा हुआ है। जिसमें ताजपुर पंचायत के गोखले नगर विष्णुपुर, ताजपुर, सहबेगपुर, मीरअलीपुर, भबानंदपुर पंचायत के शिवनगर, शाहपुर, मसुदनपुर एवं भवानंदपुर गांव के नाम शामिल हैं। जिसमें चेचियाही ढाब में सड़क पर बाढ़ का पानी सोमवार को तक फैले रहने के कारण भवानंदपुर पंचायत भवानंदपुर पंचायत सहित कई गांव का वाहनों का आवाजाही बंद है। जहां नाव का परिचालन कराया जा रहा है। जबकि सैयदपुर पुलिया का एप्रोच पथ बाढ़ के पानी में बह जाने के कारण ताजपुर पंचायत के लगभग आधे दर्जन गांव का संपर्क मुख्यालय से टूटा हुआ है। इस समस्या को लेकर ताजपुर पंचायत के मुखिया शिवनंदन कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग बलिया के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए अप्रोच पथ मरम्मती के साथ सड़कों की भी मरम्मती की मांग की है। जिसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी दी गई है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ का पानी कुछ सड़कों पर आज भी फैला हुआ है। विभागीय अभियंता से सड़कों की जांच कराकर शीघ्र ही चलने लायक सड़क बनवाया जाएगा।

## नए भारत के निर्माण में सभी भारतीय हों एकजुट : रोहित सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा/भोजपुर।** जिले के चरपोखरी प्रखंड के पसौर निवासी एवं लोजपा (रामविलास) व्यापार प्रकोष्ठ गुजरात प्रदेश अध्यक्ष सह अखंड भारत स्वाभिमान मंच के सदस्य रोहित सिंह ने गुजरात में 'सिंदूर स्वाभिमान यात्रा' की भव्य शुरुआत की। यह यात्रा 16 अगस्त को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर स्थित नाडाबेट से प्रारंभ हुई, जहाँ रोहित सिंह ने अपने साथियों के साथ 500 मीटर लंबा तिरंगा फहराकर यात्रा का आगाज़ किया। इस यात्रा का प्रमुख नारा है शहीदों का वंदन, सेना को अभिनंदन और सरकार को समर्थन। यात्रा गुजरात के विभिन्न शहरों से गुजरते हुए 29 अगस्त को ऐतिहासिक दांडी में संपन्न होगी। रोहित सिंह ने बताया कि जनता का अभूतपूर्व सहयोग और आशीर्वाद इस यात्रा को ऐतिहासिक बना रहा है। गौरतलब है कि इससे पूर्व रोहित सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों की स्मृति और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सैनिकों के उत्साहवर्धन हेतु अहमदाबाद से दिल्ली तक सैकड़ों गाड़ियों और हजारों लोगों के साथ विशाल तिरंगा यात्रा भी निकाली थी। यात्रा के उद्देश्य पर रोहित सिंह ने कहा हम सभी भारतीयों को अखंड भारत के संकल्प के साथ एकजुट होकर नए भारत के निर्माण में योगदान देना होगा।

## जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** लोक नायक जय प्रकाश नारायण मुक्त कला मंच पर भोजपुर जिला अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष भोला शंकर पाल की अध्यक्षता में वर्चुअल संवाद बैठक हुई। बिहार प्रदेश जदयू वर्चुअल संवाद बैठक के मुख्य संबोधनकर्ता प्रदेश अध्यक्ष, उमेश कुशवाहा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, सदस्य, बिहार विधान परिषद सह सत्ता रूढ़ दल के मुख्य सचेतक, ललन सर्राफ, उप नेता बिहार विधान परिषद, बिहार बाल संरक्षण, अमर दीप बाबू, शिव शंकर निषाद एवं प्रदेश जदयू के सम्मानित प्रदेश पदाधिकारियों ने भोजपुर जिले के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संगठन को मजबूत करने एवं मुख्य मंत्री नीतीश कुमार बिहार सरकार की उपलब्धियों को लेकर सभी सम्मानित अति पिछड़ा वर्ग के साथियों को एकजुट होकर भोजपुर जिले के सभी प्रखंड के गांव गांव घर घर जाकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में सहयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि एनडीए सरकार को आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में विजयी बनवाएं 2025 फिर से नीतीश कुमार जी के प्रति दृढ़ संकल्पित का वर्चुअल संवाद यात्रा अभियान की सपना को साकार करने में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश का चुनौती स्वीकार करने में सक्षम भूमिका निभाएं। वर्चुअल संवाद में मुख्य अतिथि जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी एवं भोजपुर जिला अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भोला शंकर पाल ने बिहार प्रदेश वर्चुअल संवाद बैठक के अनुसार जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जिले के सभी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के साथियों से आज से ही युद्ध स्तर पर लग जाने की जरूरत पर बल देते हुए सकारात्मक सोच के लिए आग्रह किया। मौके पर माया शंकर चंद्रवंशी, दयानंद पाल, डॉ रेयाजुदीन अंसारी, क्षितेशवर पाल, रामजी भगत, ठाकुर प्रसाद, पूर्व मुखिया बीरेंद्र साह, राम बदन पंडित, रणधीर मालाकार, श्रीभगवान साह, सतेंद्र प्रसाद, सोनू ठाकुर, रबी नंदन पंडित, अजित कुमार, गोपाल पाल, राज कुमार शर्मा, विनोद शर्मा, जय चंद चंद्रवंशी, उमा शंकर साह, प्रवीण कुमार पंडित, सतेंद्र चंद्रवंशी, नगर सेठ, सुजीत कुमार, संजय कुमार, मुकेश शर्मा, चंद्रमा, कौशल किशोर, कृष्णा पाल, राम प्रवेश चंद्रवंशी, नागेंद्र कुमार, राजेश ठाकुर, इंद्र देव चंद्रवंशी, मुन्ना पंडित, कन्हैया ठाकुर, उमेश पाल, करम पाल, शिशु पाल समेत अन्य मौजूद थे।

## शराब कांड निष्पादन में लापरवाह दारोगा पर डीआईजी ने की कार्यवाही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** मंगलवार को पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती द्वारा कार्यालय में बेगूसराय के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ 2000 लीटर से अधिक शराब बरामद्गी वाले कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक रौशन प्रसाद छौराही थाना, पुलिस अवर निरीक्षक कंचन कुमार दास छौराही थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल पासवान बछवारा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राम स्वार्थ पांडे बलिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश्वर प्रसाद पंडित बलिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार बछवारा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार बछवारा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार लाखो थाना, पुलिस अवर निरीक्षक मनीष पासवान सिंघौल थाना के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने का आदेश दिया गया है। जबकि दूसरे कांड में पुलिस अवर निरीक्षक राजेश्वर प्रसाद पंडित बलिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक भोला कुमार शर्मा बछवारा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक बृजकिशोर तिवारी जीरो माइल थाना से विभागीय कार्यवाही के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है। समीक्षा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंझौल वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय ने सभी अनुसंधानकर्ताओं को त्वरित गति से अनुसंधान पूर्ण करने तथा वांछित, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवम कुर्की करने का निर्देश दिया।

## आठ लाख की लागत से बनेगी महादलित मुहल्ला तक पीसीसी रोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** मंगलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामविशुन सिंह उर्फ़ लोहिया ने कौरा ग्राम में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत 8,07,100 रुपये की लागत से बनने वाली ल्हीरा सिंह के घर से बबन राम (महादलित मुहल्ला) तक पीसीसी सड़कङ्क का शिलान्यास किया।

**सड़क निर्माण से गाँव को मिलेगा नया स्वरूप**

इस नई सड़क से कौरा ग्राम के महादलित बस्ती सहित आसपास के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। बरसात और कीचड़ के मौसम में जहाँ पहले राह चलना मुश्किल हो जाता था, वहीं अब बच्चों के स्कूल जाने और आम जनजीवन में सुविधा मिलेगा। ग्रामीणों ने इस योजना को गाँव के विकास के लिए ल्लऐतिहासिक पहल करार दिया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक लोहिया ने कहा की ग्रामीण सड़कों का निर्माण केवल आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि यह गाँव के सामाजिक और आर्थिक उत्थान की नींव है। अच्छी सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार सभी क्षेत्रों को गति देती हैं। विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना ही मेरी प्राथमिकता है। ग्रामीण जनता ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से जिस सड़क का इंतज़ार था, आज उसका शिलान्यास हुआ है। लोगों का मानना है कि यह सड़क न सिर्फ़ महादलित मुहल्ले बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित होगी। ग्रामीणों ने आशा जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र में अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी विस्तार होगा।

मौक़े पर मौजूद रहे संजय सिंह (पैक्स अध्यक्ष), रिंकू सिंह, बीरेंद्र सिंह, मिठाई लाल राम, राजाराम राम, मुन्ना सिंह, हरेन्द्र राम (विकास मित्र), अजय यादव, मुनजी सिंह, भोला खान (प्रखंड अध्यक्ष), श्री भगवान सिंह, गोरखनाथ सिंह, हरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, मिथिलेश सिंह, पप्पू सिंह सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## तारा कॉलेज में फैब्रिक पेंटिंग पर कार्यशाला आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** आज तारा कलेज अफ एजुकेशन, बिक्रमपुर, बेगूसराय के कला एवं शिल्प विभाग के द्वारा एक दिवसीय फैब्रिक पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत महाविद्यालय के सचिव राज किशोर सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य अगम कुमार, प्राचार्य डक्टर संतोष कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा तारा देवी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यशाला की कोअर्डिनेटर एवं मुख्य प्रशिक्षिका, प्राध्यापिका नविता कुमारी ने बताया कि यह कार्यशाला मुख्य रूप से फ्लोरल प्रिंट पर केंद्रित है। उन्होंने यह भी कहा कि आज बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को कपड़े पर फूलों की आति उखेड़ने की कला की बारीकियों के बारे में कार्यशाला के दौरान बताया जाएगा। प्रशिक्षुओं में भी कार्यशाला को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं के द्वारा शल, दुपट्टा, गमछा आदि पर विभिन्न प्रकार के फूलों का चित्र बनाया गया। पूरे कार्यशाला में बी.एड. के रजनीश कुमार प्रथम स्थान पर, सुमन कुमार द्वितीय स्थान पर तथा गार्गी राज तृतीय स्थान पर रहे। वहीं डी.एल.एड. की सोनाली कुमारी प्रथम स्थान पर, गुंजन कुमारी द्वितीय स्थान पर तथा शांभवी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण के दौरान महाविद्यालय के सचिव राज किशोर सिंह ने कहा कि साधारण से दुपट्टे शल एवं गमछे को आप सभी की कलातियों ने असाधारण बना दिया। कला में इतनी ताकत है कि वह किसी भी चीज को बहुमूल्य बना सकती है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी छात्र-छात्राओं को इस कार्यशाला से आगे भी काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के समापन भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय आगे भी इस तरह की कार्यशाला का आयोजन छात्र हित में करती रहेगी।

## मटिहानी से माकपा हर कीमत पर लड़ेगी चुनाव : रत्नेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सीपीआई (एम) मटिहानी विधानसभा सभा से महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेगी। यह महागठबंधन के अंतर्गत माकपा का सीट है। उक्त बातें पावर हाउस रोड स्थित माकपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में माकपा जिला सचिव रत्नेश झा ने कहा । श्री झा ने कहा कि मटिहानी विधानसभा से माकपा ही महागठबंधन के अंतर्गत चुनाव लड़ेगी । हमारे पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य अशोक ढावले और राज्य सचिव ललन चौधरी बेगूसराय के कार्यकर्ता सम्मेलन में घोषणा कर चुके हैं कि मटिहानी विधानसभा क्षेत्र से माकपा हर कीमत पर चुनाव लड़ेगी। इसलिए हमारी पार्टी को इसपर रत्ती भर भी कोई आशंका नहीं है। पत्रकारों द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जिला सचिव ने कहा कि हमारी पार्टी में अभी उम्मीदवार तय नहीं किए गए हैं। पार्टी में पूरी तरह से आंतरिक जनतंत्र का पालन करते हुए स्थानीय कमिटियों के अनुशंसा पर जिला कमिटी में चर्चा होती है। फिर जिला कमिटी अपनी राय को जनतांत्रिक रूप से राज्य कमिटी को प्रेषित करती है। तत्पश्चात पार्टी पोलितब्यूरो सदस्य की उपस्थिति में राज्य कमिटी उम्मीदवार पर चर्चा करती है। तय किए गए उम्मीदवार के नाम की घोषणा करती है। इसलिए इस बारे कोई भी चर्चा करना अभी कदापि उचित नहीं है। बेगूसराय के पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एस आईआर के सवाल पर कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। किसी भी बूथ पर बीएलओ घर - घर नहीं पहुंचा है। चुनाव आयोग एस आई आर को गैर-संवैधानिक और अराजकतापूर्ण ढंग से कर रहा है। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कट गया है उसका कारण पूछने पर जिला या विधानसभा से संबंधित चुनाव आयोग के पदाधिकारी टाल मटोल कर देते हैं।

## एनटीपीसी ने शुरू किया सतर्कता जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** एनटीपीसी लिमिटेड ने स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में अपने तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्घाटन मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) मती रश्मिता झा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न स्थानों के सतर्कता अधिकारियों की उपस्थिति में किया। 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर जोर देते हुए, सीवीओ ने सभी सतर्कता अधिकारियों से केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया लंबित शिकायतों और मामलों का समय पर निपटान, आईजीओटी कर्मयोगी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रभावी परिसंपत्ति प्रबंधन और बेहतर पारदर्शिता के लिए डिजिटल पहल को मजबूत करना। उन्होंने व्यापक प्रभाव के लिए सभी हितधारकों कर्मचारियों, विक्रेताओं और जनता को शामिल करने और नाटकों, क्विज़ वीडियो, जिंगल और विक्रेता बैठकों के माध्यम से रचनात्मक पहुंच को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। पिछले वर्ष के अभियान की सफलता की सराहना करते हुए, सीवीओ ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के प्रयास एनटीपीसी की ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को और बढ़ावा देंगे।

## जन्माष्टमी मेला में रासलीला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** जन्माष्टमी मेला के दूसरे दिन भी रासलीला में भक्ति गीतों व संवाद में भारी बारिश के बावजूद भी लोगो ने इसका आनंद लिया। कभी कभी भक्ति गीतों पर भाव विभोर होकर नाचने भी लग जाते थे। यह दृश्य पहसारा स्थित श्रीष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित मेला में हो रही रासलीला का था। रासलीला शुरू होते ही वर्षा शुरू हो गयी। उसके बाबजुद भी रासलीला में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्री झूल बिहारी गोपीष्ण रासलीला मण्डल करहाना, बरसाना, मथुरा से आयी रासलीला की टीम ने दर्शकों का काफी मनोरंजन किया। रासलीला में राधा ष्ण की लीला, गोपियों के भाव विह्वल नृत्य पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। टीम ने देवकी और वसुदेव विवाह का दृश्य भी प्रस्तुत किया। वहीं कंस की इस विवाह में भूमिका को भी संजीद्गी के साथ दिखाया। उसके बाद देवकी की विदाई,भगवान ष्ण के जन्म का भी यथार्थ प्रदर्शन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान रासलीला के संचालक ने वृन्दावन का चित्रण करते हुए कहा कि एक बार अयोध्या जाओ, दो बार द्वारिका, तीन बार जाके त्रिवेणी में नहाओगे, चार बार चित्रकूट, सौ बार नासिक, बार-बार बद्रीनाथ घूम आओगे, कोटिबार काशी, केदारनाथ, रामेश्वरम, गया, जगन्नाथ चाहे जहां जाओगे, होंगे प्रत्यक्ष जहां दर्शन श्याम श्यामा के, वृन्दावन सा आनंद कहीं नहीं पाओगे पर दर्शकों की वाहवाही लूटी। दुर्गा पण्डित, संतोष पचौरी सहित अन्य कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लोगों ने रासलीला टीम एवं आयोजक को बधाई दी।

# बेतिया में वोटर अधिकार रैली 29 अगस्त को

## राहुल गांधी और तेजस्वी यादव होंगे शामिल



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 29 अगस्त को आयोजित होने वाली वोटर अधिकार रैली की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इस रैली में विपक्ष के प्रमुख नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव शामिल होंगे। रैली की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को बेतिया के एक निजी होटल में राजद कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधान पार्षद इंजीनियर सौरभ कुमार ने की, जिसमें राजद के जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व सचिव, प्रखंड अध्यक्षों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। विधान पार्षद सौरभ कुमार ने बताया कि वोटर अधिकार रैली का आयोजन मतदाता जागरूकता और उनके अधिकारों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह रैली न केवल पश्चिम चंपारण, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। राजद नेताओं ने कार्यकताओं से इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक देने की अपील की गयी है। इस रैली के माध्यम से राजद जनता के बीच अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने का प्रयास कर रही है, जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे प्रमुख नेताओं की भागीदारी इसे और महत्वपूर्ण बनाती है।उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व राजद नेता व विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता आगामी 28 अगस्त को हीं बेतिया पहुंच जायेंगे। 28 को रात्रि विश्राम के बाद 29 को सुबह में उनका वोटर अधिकार यात्रा आरंभ होगी जो बेतिया नौतन होते हुए गोपालगंज चली जायेगी। इसके लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है। वोटर अधिकार कमेटी पश्चिम चंपारण के अध्यक्ष एमएलसी इंजीनियर सौरभ कुमार ने बताया कि 29 अगस्त को मछली लोक से शुरू होने वाली वोटर अधिकार रैली हरिवाटिका चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ आगे बढ़ेगी। इसके बाद रैली कलेक्ट्रेट, मुहर्रम चौक, उज्जैन टोला, जनता सिनेमा चौक, सागर पोखरा, इमली चौक, बसवरिया पीपल चौक होते हुए नौतन प्रखंड मुख्यालय तक जाएगी। नौतन से यह रैली मंगलपुर बरियारपुर के रास्ते गोपालगंज जिले में प्रवेश करेगी। इस रैली में हजारों राजद कार्यकर्ता झंडा-बैनर के साथ शामिल होंगे, जिससे यह एक विशाल जन जागरूकता अभियान का रूप लेगी।रैली की सफलता के लिए राजद ने एक 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ और सक्रिय नेताओं को शामिल किया गया है। इस कमेटी में दीपक यादव,शंभू तिवारी,साहेब हुसैन अंसारी, विजय कुमार महतो, इफ्तेखार अहमद उर्फ मुन्ना त्यागी, पप्पू यादव, आलमगीर रब्बानी, मारसरोवर राम को शामिल किया गया है। इसके अलावे वोटर अधिकार रैली की तैयारी एवं समुचित व्यवस्था के लिए एक कमिटी का गठन किया गया है। जिसमें पूर्व मंत्री रामप्रसाद यादव, श्याम नारायण यादव, शकुंतला देवी , संजय यादव व विवेक चौबे को शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छापेमारी में दो शराब कारोबारी गिरफ्तार चुलाई शराब जब्त

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस शराब को लेकर इन दिनों लगातार छापेमारी कर रहीं। और शराब पीने और पिलाने वालो पर करवाई कर रही हैं। इसी क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर नगर परिषद के वार्ड संख्या दो से दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारियो की पहचान वार्ड संख्या दो निवासी सत्रुधन चौधरी, एवं नीरज कुमार के रूप में हुई है। इस करवाई में पुलिस ने पांच लीटर चुलाई शराब भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वार्ड दो में शराब की बिक्री की जा रहीं है। सूचना के आलोक में छापेमारी कर पांच लीटर चुलाई शराब के साथ दो कारोबारियो को गिरफ्तार किया गया है।मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्जकर गिरफ्तार दोनों कारोबारियो को जेल भेज दिया गया है।

### अगलगी में एक घर जलकर राख

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर थाना क्षेत्र के गुदगुदी पंचायत अंतर्गत चुडिहरवा गाली-गलौज में शॉर्ट सर्किट से भीषण अगलगी की घटना सामने आई है। हादसे में एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग लगने से नुरालम मियां के फुस टीन के घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। आग की चपेट में आने से घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, चौकी समेत सभी सामान जलकर खाक हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर पूरी तरह जल चुके थे। गुदगुदी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद ठाकुर ने बताया कि घटना की सूचना अंचलाधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित मजदूर परिवार अत्यंत गरीब हैं और उन्हें जल्द ही सरकारी सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### झोलाछाप चिकित्सक के ऑपरेशन में प्रसूता की मौत

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोवर्धना थाना क्षेत्र के गुदगुदी गांव स्थित शिवम् अस्पताल में सोमवार देर रात प्रसव के दौरान बड़ा बेलवा निवासी दिनेश मांझी की पत्नी लीला देवी की मौत हो गई। कथित झोलाछाप चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह घटना परिजनों और ग्रामीणों के बीच आक्रोश का कारण बनी और अस्पताल के बाहर हंगामा हुआ। पंचायत मुखिया प्रमोद ठाकुर ने बताया कि शोर-शराबे के बाद पीड़ित परिवार और अस्पताल संचालक के बीच समझौता हो गया। थानाध्यक्ष जय कुमार ने कहा कि मामला जांच में है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की जांच का आश्वासन दिया है।

### घोघाड़ी नदी में बढ़ा जलस्तर, सीओ ने कराई माइकिंग

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र से गुजर रही घोघाड़ी नदी में जलस्तर बढ़ने और लगातार डूबने की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। अंचल पदाधिकारी सुमंत कुमार ने नदी किनारे के गांवों में माइकिंग कर लोगों को सतर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति नदी में नहाने, मवेशी धोने या अन्य कार्यों के लिए न जाए और बच्चों को भी नदी के पास न जाने दें। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश ने बताया कि नदी किनारे स्थित सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सत्र के दौरान बच्चों को सावधानी बरतने की जानकारी दी जा रही है। ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों में बहरौली गांव में नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो चुकी है।

### मतदाता सूची से हटाए गए नामों की लिस्ट हुई सार्वजनिक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के बाद कटे नामों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। सोमवार को मशरक प्रखंड कार्यालय में बीडीओ पंकज कुमार ने बीएलओ के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि जिन मतदाताओं के नाम मृत्यु, दोहरी प्रविष्टि अथवा स्थायी रूप से पलायन के कारण हटाए गए हैं, उनकी सूची संबंधित मतदान केन्द्रों पर चिपकाई जाए। इसी आलोक में बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के मशरक प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर हटाए गए मतदाताओं की सूची सार्वजनिक कर दी गई है।

### 105 यात्री बिना टिकट पकड़े गए

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में सीवानझथावेझछपरा कचहरी रेलखंड पर सोमवार को सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थावे, तमकुही रोड, दिघवा दुबौली, मशरक और छपरा कचहरी स्टेशनों की सीमाओं को सील कर विभिन्न सवारी गाड़ियों में जांच की गई। इस दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे 105 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे कुल 28 हजार 575 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डुमरसन में एनएच-227ए (रामजानकी पथ) पर सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी लालबाबू सिंह के 30 वर्षीय पुत्र प्रिस सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने उसे मशरक सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### खड़े ठेला में बाइक ने मारी टक्कर,एक घायल

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 पर गढ़वा खजुरिया चौक और डुमरा चौक के बीच सोमवार की देर शाम हुए एक सड़क हादसा में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।एक लकड़ी लदे ठेला और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक जसौली पंचायत के वार्ड 4 के पूर्व वार्ड सदस्य चलीतर राम का 18 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार बताया जाता है। कोटवा थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार बिक्की ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

### विद्यालय से 40 बैग चावल चोरी

**कोटवा ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थानाक्षेत्र के राजापुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने मध्याह्न भोजन के लिए रखे 40 बोरी चावल की चोरी कर ली।मिली जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद सोमवार को जैसे ही विद्यालय खुला तो चावल के गोदाम का तला टूटा हुआ था।जब दरवाजा खोल कर देखा गया तो चावल गायब था।प्रधानाध्यापक ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी की घटना की जांच की।इधर विद्यालय प्रधानाध्यापक गुड्डी कुमारी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है।अपने आवेदन में प्रधानाध्यापक ने बताया है कि अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम का ताला तोड़कर 40 बोरी चावल की चोरी कर ली गई है।थाना में आवेदन देने के लिए थानाध्यक्ष के इंतजार में घंटों बैठी रही प्रधानाध्यापिका।थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार विक्की ने बताया कि प्रथम दृश्य मामला संदिग्ध है। विद्यालय में नाइट गार्ड नियुक्त है फिर उसके रहते चोरी कैसे हुई।मामले की जांच की जा रही है।

### विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के खिलाफ कार्यकताओं में आक्रोश

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के खिलाफ अब धीरे-धीरे कार्यकर्ता जहर उगलना शुरू कर दिया है वैसे तो कयी कार्यकर्ता हैं जो विरोध की भाषा एक दुसरे लोगो को शेयर करते हैं किन्तु सामने विरोध नहीं करते, स्थिति आज ऐसी हो गई है कि कुछ कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर बाहबाही लूट रहे है, पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने एक पोस्ट कर विधायक पर राजपूत विरोधी होने का दावा किया कि उनको बुथ अध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया गया, पुराने भाजपा के कार्यकर्ता मूर्तिया निवासी पवन कुमार सिंह, बांका सिंह ने विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा पर आरोप लगाते हुए बताया है कि इनके कुछ लोगों के द्वारा आफिसों में धूम धूम कर पैसा वसूल करवाया जाता है। हालांकि विधायक पर राजपूत विरोधी होने का दावा संदेहपूर्ण है क्योंकि राजपूत विरादरी के लोगों पर पिछले चुनाव में पूर्व विधायक डाक्टर अजय कुमार सिंह को मदद करने का आरोप लगा,इसी आरोप प्रत्यारोप के मझधार में कुछ लोग राजनीति चमकाना चाहते हैं।

### डीडीसी ने किया बूथ और ब्रजगृह का निरीक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुमित कुमार ने मझौलिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और ब्रजगृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीआरसी भवन, मोतीलाल मध्य विद्यालय और हाई स्कूल मझौलिया का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाताओं और मतदानकर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं।

## नप समेत आठ पंचायतों में शिविर के साथ राजस्व महा अभियान की हुई शुरूआत



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व महा अभियान के तहत पहले चरण में अंचल क्षेत्र के आठ पंचायतों समेत नगर परिषद में मंगलवार से शिविर लगाकर राजस्व महा अभियान की शुरूआत की गई। इस शिविर के माध्यम से लोगो का आवेदन लिया गया। हालांकि विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मी एवं अभियंता संघ के अनिश्चित काल हड़ताल पर जाने के चलते उनके जगह प्रखंड कार्यपालक सहायको की प्रतिनियुक्ति की गई। हालांकि पहले दिन शिविर में लोगो का उत्साह कम देखने को मिला। राजपुर तुमकड़िया पंचायत में करीब चार बजे तक मात्र एक प्रपत्र जमा हुआ वही धुमनगर पंचायत में ढाई बजे तक कुल 12 प्रपत्र जमा हुआ। सीओ सुधांशू शेखर ने बताया कि अंचल क्षेत्र में करीब एक लाख 20 हजार प्रपत्र का वितरण करना है। जिसमे करीब पांच हजार प्रपत्र का वितरण कर दिया गया है। शेष प्रपत्रों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण संविदा कर्मियो के हड़ताल पर जाने से उनके जगह कार्यपालक सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसके कारण कुछ जगहों पर कर्मी देर से पहुचे है। सीओ ने बताया कि राजस्व महा अभियान को लेकर अंचल कार्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके माध्यम से हरेक पंचायत की मोनेटरिंग किया जाएगा और शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में प्रभारी के रूप में राजस्व अधिकारी अशोक कुमार एवं सहयोगी के रूप में लिपिक प्रमोद राम, डेटा एंट्री ऑपरेटर अनिल कुमार एवं उर्दू ट्रांसलेटर खुशबू फिरदौश की प्रतिनियुक्त की गई है। सीओ ने बताया कि अभियान के पहले चरण मे जिन पंचायतों में शिविर लगाया गया है उसमे भेड़िहरवा, केसरिया, राजपुर तुमकड़िया, धुमनगर, सेमरी, मलदहिया पोखरिया, केहुनिया रोआरी व बरवा बरौली पंचायत समेत नगर परिषद शामिल है। शिविर में जमाबंदी, खेसरा -खाता परिमार्जन, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा आदि से संबंधित प्रपत्र को भरकर आवेदन लिया जाएगा। और उसकी जांच कराई जाएगी जांच के उपरांत उसका निष्पादन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पहले चरण में लगाई गई शिविर 19 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित होगी। इससे पहले 16 अगस्त से पंचायतों में प्रपत्रों का वितरण किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय विकास परिषद, सुगौली की बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी/ सुगौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्रीय विकास परिषद्, की बैठक जिला पदाधिकारी,मोतिहारी - सह - अध्यक्ष क्षेत्रीय विकास परिषद्, सुगौली की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई । बैठक में क्षेत्रीय विकास परिषद की पूर्व पारित प्रस्ताव विभिन्न घटकों में संसोधन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में गन्ना की सिंचाई के लिए



प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन किया गया। इस बैठक में ईख पदाधिकारी -सह- सचिव सुगौली, महाप्रबंधक, अजय कुमार तिवारी, सदस्य संजीव कुमार, राजकिशोर राय, पवन राय, नागेन्द्र कुमार, एवं विजय कुमार यादव क्षेत्रीय विकास परिषद, के सभी सदस्यगण ने प्रस्तावित बजट की सराहना की ।

## ग्राम पंचायत स्तर से निर्माण हो रहे पंचायत सरकार भवन को दस दिनों में करें पूर्ण : उप विकास आयुक्त

### खराब नलकूपों को दो दिनों के अंदर स्थल निरीक्षण करते हुए ठीक करायें



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला के सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के साथ पंचायत / वार्ड स्तर पर नल कूपों से सम्बंधित बैठक की गई । बैठक में लघु जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता भी थे। उप विकास आयुक्त द्वारा खराब नल कूपो को दो दिनों के अंदर स्थल निरिक्षण करते हुए ठीक कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में अधिष्ठापित लाइट का 45 ٪ राशि ग्राम पंचायत स्तर से भुगतान कराते हुए शेष बची हुई लाइट को एजेंसी से समन्वय करते हुए शीघ्र लगवाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से निर्माण हो रहे पंचायत सरकार भवन जो पूर्ण फिनिशिंग स्तर पर है उन्हें सात से दस दिनों में पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को दिया गया।

## वोटर अधिकार यात्रा की तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन की बैठक

### आगामी 28 अगस्त को मोतिहारी में होगी वोटर अधिकार यात्रा

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वोटर अधिकार यात्रा की तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन ने सोमवार को नंदी ग्राउंड होटल में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने किया वहीं संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय द्वारा की गई । बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 अगस्त को मोतिहारी में होने वाले राहुल गांधी, तेजस्वी यादव एवं इंडिया गठबंधन के अन्य शीर्ष नेताओं के आगमन एवं जनसभा की तैयारी की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण राय ने कहा कि 28 अगस्त का दिन पूर्वी चम्पारण और पूरे बिहार के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। यह वही भूमि है, जहां से महात्मा गांधी जी ने सत्याग्रह का शंखनाद किया था । अब इसी धरती राहुल गांधी जी के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई का गवाह बनेगी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जी ने बिहार की राजनीति में युवाओं और गरीबों की आवाज को मजबूती से रखा है। राहुल गांधी जी और तेजस्वी यादव जी दोनों मिलकर न केवल बिहार बल्कि पूरे देश में युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों के भविष्य की नई दिशा तय कर रहे हैं। आज जब लोकतंत्र और संविधान पर हमला हो रहा है, तब राहुल गांधी जी और तेजस्वी यादव जी मिलकर इस लड़ाई को सड़क से संसद तक लेकर जा रहे हैं। राजद जिलाध्यक्ष कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मोतिहारी सत्याग्रह की भूमि रही है और अब यही भूमि वोटर अधिकार यात्रा के जरिए फिर से लोकतांत्रिक आंदोलन का गवाह बनेगी।

## एसपी ने किया बगहा व सेमरा थानों का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसपी सुशांत कुमार सरोज बगहा थाना व सेमरा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों ही थानों में लंबित मामलों की समीक्षा की साथ ही साथ कांडों के निष्पादन को लेकर संबंधित थानाध्यक्ष को कई आवश्यक निर्देश दिए। संचिकाओं के रखरखाव एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर उन्होंने थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया। नगर थाना के निरीक्षण के दौरान एसपी ने कंट्रोल रूम के माध्यम से नगर की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे की मॉनीटरिंग कर पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया । क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर एसपी ने कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस के गश्ती टीम का भी निरीक्षण किया एवं पुलिस पदाधिकारी को इस को लेकर निर्देशित किया। फरार चल रहे व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वारंटो के निष्पादन को लेकर भी पुलिस पदाधिकारी को प्रेरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## राजद नेता व पूर्व मुखिया मंसूर अहमद ने समर्थकों के साथ थामा जनसुराज का दामन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरा सगरदिना पंचायत के पूर्व मुखिया व राजद नेता मंसूर अहमद ने अपने समर्थकों के साथ जनसुराज पार्टी का दामन थाम लिया है। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई है। बिहार विधानसभा चुनाव की अभी घोषणा भी नहीं हुई है उसके पूर्व ही चिरैया विधानसभा क्षेत्र में नेताओं का अपने वर्तमान दल से मोहभंग होना शुरू हो गया है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे पार्टी नेताओं का उलटफेर करना भी शुरू हो गया है। बता दें कि मंसूर अहमद का अपने क्षेत्र के पिछड़े व अल्पसंख्यक समाज में अच्छी पकड़ है। इधर चिरैया विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाकर अन्य दलों की चिंता बढ़ा दी है। उक्त अभियान से



राजनीतिक दलों में उथल-पुथल शुरू हो गई है। प्रशांत किशोर अपने इस अभियान से बिहार की राजनीति को किस दिशा में ले जाते हैं यह तो वक्त ही बतायेगा। लेकिन वह अपना कुनबा तेजी से बढ़ाने में सफल हो रहे है। मंसूर अहमद के जनसुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर चिरैया विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी ई.संजय सिंह, जिला अभियान संयोजक मुन्ना कुमार सिंह, संगठन जिला सिकरहना के अध्यक्ष फैयाज अहमद, किसान सेल के जिलाध्यक्ष विनोद प्रसाद, ए रहमान चम्पारणी, संतोष राउत, लिटिल गुरु व चिरैया विधान सभा क्षेत्र के प्रभारी त्रिमूर्ति प्रताप सिंह ने बधाई दी है।

## ओल्हनपुर में आयोजित जन सुराज की चौथी सभा में बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण

**मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा विधानसभा के ओल्हनपुर पंचायत में जन सुराज की भावी प्रत्याशी डॉ. नूतन कुमारी ने बिहार बदलाव अभियान के अंतर्गत चौथी जनसभा का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जन सुराज के महासचिव सुभाष कुशवाहा मौजूद रहे। सभा में 1200 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए, जिनमें अल्पसंख्यक समाज की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।



करते हुए ग्रामीणों का आभार जताया। जनसभा में जन सुराज के कई पदाधिकारी शामिल हुए। जिनमें चुनाव संयोजक रामप्रीत शर्मा, चुनाव अभियान समिति सारण के संतोष कुमार सिंह, मढ़ौरा अभियान संयोजक राम प्रकाश सिंह, मांझी विधानसभा प्रभारी खुर्शीद नैय्यर, युवा अध्यक्ष सारण कुमार शिवम, प्रमंडल संयोजक नीलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह व अभय कुमार शर्मा, नगरा युवा अध्यक्ष

कार्यक्रम का संचालन ओल्हनपुर के प्रबुद्ध समाज से जनाब मोहम्मद रकीब ने किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नूतन कुमारी ने जनता की भूमिका और बिहार बदलाव में उनकी महत्वता पर प्रकाश डाला तथा जन सुराज के लक्ष्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जनता के हर वर्ग का समर्थन इस बदलाव को संभव बना रहा है। मंच से महासचिव सुभाष कुशवाहा ने भी डॉ. नूतन कुमारी की प्रशंसा

तारकेश्वर शर्मा, महिला अध्यक्ष मोईन खातून, डॉ. सफदर हुसैन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मकबूल हुसैन, बाबर खान सहित अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रहे। गौरतलब है कि डॉ. नूतन कुमारी अब तक पूरे सारण जिले में सबसे अधिक सफल सभाएं कर चुकी हैं। लगातार बढ़ती उनकी लोकप्रियता और भारी जनसमर्थन को देखते हुए माना जा रहा है कि मढ़ौरा विधानसभा का आगामी चुनाव कड़ा मुकाबला वाला होगा।

## मगांकेविवि के मीडिया अध्ययन विभाग में ऑडियो-वीडियो स्टूडियो व प्रयोगशाला का उद्घाटन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में अत्याधुनिक लैब से सुसज्जित ऑडियो-वीडियो स्टूडियो का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों के लिए यह कंप्यूटर लैब और स्टूडियो एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह न केवल एक भौतिक सुविधा है, बल्कि छात्रों के सपनों और उनके भविष्य को आकार देने का माध्यम भी



नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे न केवल इस लैब और स्टूडियो की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएँ, बल्कि पुस्तकालय का भी व्यापक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि ह्लकिताबें ही किसी भी विद्यार्थी की सबसे बड़ी पूंजी होती हैं। पुस्तकालय में उपलब्ध ज्ञान-संपदा का नियमित अध्ययन करने से न केवल उनकी सोच का विस्तार होगा, बल्कि उन्हें अपने विषय में गहराई से समझ भी विकसित होगी। कुलपति ने यह भी जोर दिया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों का बेहतर उपयोग करें और स्वयं को एक अनुशासित, रचनात्मक तथा समाजोपयोगी

है । इस प्रयोगशाला और स्टूडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को पत्रकारिता, प्रोडक्शन, संपादन और डिजिटल मीडिया जैसे विविध क्षेत्रों का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक और रचनात्मकता का संगम है। ऐसे में विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक मीडिया उद्योग में आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा सकें।कुलपति ने विशेष रूप से

मीडिया पेशेवर के रूप में तैयार करें। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने कहा कि नवनिर्मित लैब और स्टूडियो में आधुनिक ऑडियो - वीडियो रिकॉर्डिंग, संपादन और प्रोडक्शन की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे विद्यार्थी समाचार निर्माण, डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म और अन्य मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकेंगे । मौके पर मीडिया अध्ययन विभाग के डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमण, डॉ. सुनील दीपक घोड़के, डॉ. उमा यादव, अतिथि प्राध्यापक डॉ. मयंक भरद्वाज एवं डॉ. आयुष आनंद और छात्र मौजूद रहे ।

## नारायणी क्लिनिक की 12वीं वर्षगांठ पर हड्डी जांच शिविर आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और चिकित्सा पेशा ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा मानवता की सेवा के साथ-साथ मरीजों की देखभाल भी हो जाती है। उक्त बातें बसवरिया माईकल कॉलोनी



स्थित नारायणी सुपर स्पेशलिटी ऑर्थोपेडिक क्लिनिक के 12वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित निशुल्क बीएमडी हड्डी जाँच शिविर के शुभारंभ के मौके पर मौजूद अस्पताल के संचालक सह वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा पिछले 11 साल से प्रत्येक महीने निशुल्क हड्डी जाँच शिविर का आयोजन किया जाता रहा है जिससे कई गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों एवं अभिभावकों को आर्थिक मदद मिलती रही है। जोड़ दर्द,कमर दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस बीमारी के कारण को पता करने में बीएमडी हड्डी जांच बहुत ही कारगर साबित होता है। अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने कहा कि मैं पश्चिम चंपारण एवं निकटवर्ती जिलों के सभी मरीजों एवं उनके अभिभावकों को धन्यवाद देता हू जिनके विश्वास के कारण से मैं हड्डी संबंधित बीमारी के जटिल से जटिल ईलाज एवं ऑपरेशन बेतिया में ही कम खर्चे में कर पाने में संभव कर पा रहा हूँ। बेतिया में भी कम खर्चे में महानगरों की तरह हड्डी के सभी बीमारी का इलाज सुनिश्चित हो सके इसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं।

## एसआईआर को लेकर डीएम ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 1 जुलाई 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। 1 अगस्त 2025 को इसी क्रम में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया था। प्रारूप मतदाता सूची में जिले में 25,69,614 मतदाता का नाम शामिल है। जिसमें 13,70,002 पुरुष, 11,99,520 महिला एवं थर्ड जेंडर के रुप में 92 मतदाता शामिल है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1,91,376 ऐसे मतदाता हैं जिनका नाम 2025 की मतदाता सूची (प्रारूप प्रकाशन से पहले) में शामिल था, लेकिन 01 अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारूप सूची में शामिल नहीं है।

# दहेज हत्या मामले में पति और ससुर को दस साल के सश्रम कारावास की सजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी पति और ससुर को दोषी करार दिया है। अदालत ने मृतका के पति गुड्डू कुमार और ससुर कपिल यादव, ग्राम डकरा मिलकीपर, थाना शिखरिया ओपी, जिला जहानाबाद को धारा 304(बी) के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों को दो माह साधारण कारावास की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही धारा 498(ए) भादवि में तीन वर्ष का सश्रम कारावास भी दिया गया। लोक अभियोजक शारदानंद कुमार ने जानकारी दी कि मृतका स्वीटी कुमारी ने उपचार के दौरान अपने बयान में घटना का विवरण दर्ज कराया था। उसने बताया था कि 16 दिसंबर 2022 को ससुराल में पति गुड्डू कुमार ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की और जबरन शराब पिलाई। इसके बाद उसने पीड़िता के भाई को फोन कर कहा कि तुम्हारी बहन अब भगवान के पास जाने वाली है। आरोप है कि गुड्डू और परिजनों ने उसके शरीर पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। पीड़िता को उपचार के लिए पीएमसीएच पटना ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे पहले भी मोटरसाइकिल सहित अन्य दहेज की मांग को लेकर पीड़िता को पति, सास, ससुर और ननद

**जिला जज ने लगाया 10 हजार रुपये का अर्थदंड, न चुकाने पर दो माह अतिरिक्त कैद**

प्रताड़ित किया करते थे। पीड़िता के बयान के आधार पर जहानाबाद थाना में कांड संख्या 1189/22 दर्ज किया गया था। सभी साक्ष्यों और गवाहियों को देखते हुए अदालत ने पति और ससुर को दोषी पाते हुए यह कठोर सजा सुनाई।

# चार दिन गुजरने के बाद भी नहर में डूबे युवक का नहीं मिला सुराग

## छोटे भाई को बचाने के चक्कर हुई थी घटना, युवक की खोजबीन में जुटे हैं ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नबीनगर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में बीते शनिवार की सुबह छोटे भाई को बचाने में बड़े और मंझले भाई नहर में डूब गए थे। पानी की तेज धार होने के कारण दोनों नहर में बह गए थे। जबकि डूब रहे छोटे भाई को बचा लिया गया था। दोनों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने अपनी तरफ से काफी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। मंझले भाई पियूष का शव घटनास्थल से चार किलोमीटर दूर कासिमपुर के पास से बरामद हुआ था जबकि प्रिंस का कोई सुराग नहीं मिला है। बता दें कि माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी निवासी तीन सगे भाई राजपुर गांव में अपने बुआ के घर गए थे। शनिवार की सुबह तीनों भाई शौच के लिए नहर की ओर गए। लौटते समय पैर फिसलने से छोटा भाई रिशु नहर में गिर गया। तेज बहाव होने के कारण वह डूबने लगा। उसे डूबता देख मंझले भाई पीयूष और बड़े भाई प्रिंस ने नहर में छलांग लगा दी। किसी तरह उसे तो बचा लिया, लेकिन दोनों बह गए। दूसरे रविवार को पियूष का शव मिला था। इधर जब प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण खुद से उसे ढूंढने के लिए नहर में उतर गए हैं। धमनी गांव के दर्जनों लोग घटनास्थल से आठ किलोमीटर दूर एरका कालोनी तक उसे ढूंढते हुए पहुंचे लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं चल सका। ग्रामीण श्याम जी पांडेय, चंदन कुमार ने बताया कि कासीमपुर गांव के बधार में लाइनिग के बाद नहर में काफी भूस्खलन हो गया है। शव मिट्टी में दबा हो सकता है या फिर नहर के वेंट साइफन में फंसा होगा। चार दिन बीतने के बाद भी प्रिंस का कुछ पता नहीं चलने से अब स्वजन धैर्य खो रहे है। वहीं अभी तक नबीनगर के सीओ और बीडीओ घटनास्थल का मुआयना करने नहीं पहुंचे है। सीओ निकहत परवीन के मोबाइल पर फोन कर हकीकत जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। एसडीओ संतन कुमार सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था परंतु नहर में पानी अधिक होने के कारण नहीं ढूंढा जा सका। फिलहाल नबीनगर सीओ को आवश्यक निर्देश दिया गया है। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर खोजबीन के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

# वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धीरा बिगहा गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धीरा बिगहा गांव निवासी राजेश चौहान पिता कारू चौहान को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड अंतर्गत दुधार पंचायत स्थित राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में आपदा प्रबंधन विभाग जिला प्रशासन औरंगाबाद जिला अग्निशाम कार्यालय औरंगाबाद एवं जूनियर रेडक्रॉस औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला जूनियर रेडक्रॉस के काउंसलर एवं सचिव निरंजय कुमार ने बताया कि अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित के निर्देशानुसार बारुण प्रखंड स्थित राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन जिला अग्नि शाम कार्यालय के हेड कांस्टेबल कुंदन कुमार, हरे राम, रोहित राज, आलोक कुमार के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में वर्ग नाम दशम 11वीं एवं 12वीं के 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बिहार अग्निशमन सेवा के अधिकृत प्रतिनिधियों के द्वारा आगलगी की घटनाएं एवं अग्नि सुरक्षा होने पर क्या करें एवं क्या न करें जिसको ले जानकारी दी गई। अग्नि सुरक्षा से संबंधित मास्टर ट्रेनर के द्वारा विषय से संबंधित सैद्धांतिक पहलुओं की पूर्ण जानकारी देने के बाद एलपीजी सिलेंडर अन्य ज्वलनशील पदार्थ तथा अन्य उपकरणों के द्वारा मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। भवनों में अग्नि सुरक्षा उपायों एवं उपकरण तथा रसोई गैस का उपयोग करने के क्रम में विभिन्न सावधानियां, भवनों और व्यावसायिक भवनों में उपलब्ध अन्य ज्वलनशील पदार्थ भवनों में अनावश्यक रूप से कूड़ा करकट एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थो के भंडारण से संबंधित विभिन्न पहलू आदि पर विशेष प्रकाश डाला गया। रसोई गैस में खाना बनाते समय सिलेंडर के प्रयोग के समय अचानक आग लगने के बाद आग के बुझाने के तरीके की पूर्ण जानकारी दी गई। जिला जूनियर रेडक्रॉस के काउंसलर निरंजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा एवं मित्रता के सिद्धांत पर संचालित संस्था जूनियर रेडक्रॉस के द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए और अपर समाहर्ता आपदा औरंगाबाद उपेंद्र पंडित के निदेशानुसार आपदा से संबंधित कई तरह की गतिविधियों का आयोजन माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों प्रधानाध्यापक के अनुरोध के आलोक में किया जा रहा है। नीरज कुमार ने बताया कि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने अपने मोहल्ले में भी इस संबंध में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करके सबको प्रशिक्षित करेंगे ताकि आपदा के समय में जान माल की कोई क्षति नहीं हो। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, शिवम कुमार, संजय कुमार मेहता, कमल किशोर, आलोक कुमार, अमित कुमार राम, धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार, रवि रंजन कुमार, सुशील कुमार, अजीत कुमार, गौतम जायसवाल, मो. अरमान, मो. वसीम सहित मौजूद रहे।

# बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के विसुनगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उदेरास्थान बराज के तरफ से बालू से लदा ट्रैक्टर गुजर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बराज के समीप पहुची एवं ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस को आता देख चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया वहीं पुलिस वाहन एवं चालक के खिलाफ अवैध खनन के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर खनन विभाग को सूचित किया गया है।

# गहमागहमी के बीच प्रखंड क्रियान्वयन समिति की बैठक, नल-जल योजना और मनरेगा पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखंड क्रियान्वयन समिति की बैठक गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह तथा संचालन बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं की खामियों व अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल उठाए। बैठक में मुखिया गोपाल सिंह ने मनरेगा पीओ शशि कुमारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा से संबंधित 42 लाख रुपये वापस कर दिए गए, जो सरकार के साथ धोखाधड़ी जैसा है। इसे उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। वहीं, पूर्व प्रमुख विजय कुमार ने पशु चिकित्सक आशुतोष कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि वे जनप्रतिनिधियों का फोन तक नहीं उठाते। उन्होंने कहा कि वज्रपात से मवेशियों की मौत और लंपी रोग से प्रभावित पशुओं के इलाज में विभाग की उदासीनता स्पष्ट दिखती है।

जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर गांवों में नल-जल योजना बंद या खराब हालत में पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मुखिया फुरकान खान ने रघुनाथपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका की लगातार अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। वहीं पंसस धनंजय कुमार मुन्ना ने बहादुर बिगहा प्राथमिक विद्यालय के पास बने गहरे गड्ढे को खतरनाक बताते हुए उसे भरवाने का प्रस्ताव रखा। इसी प्रकार, नरसन आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को भोजन नहीं मिलने की शिकायत भी पंसस ने की। बैठक में सीओ कौशल्या कुमारी ने भूमि सर्वेक्षण और राजस्व महाभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर जमाबंदी फार्म वितरण अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों को सक्रिय सहयोग करना चाहिए। बैठक में प्रभारी बीईओ अशोक कुमार, बिजली विभाग के जेई प्रकाश कुमार, सीडीपीओ ओनम, कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जनप्रतिनिधियों में उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद, धीरज कुमार, प्रतिभा कुमारी, दयाल साव, मनोज राजवंशी, रामअवतार राम, प्रेमलता कुमारी, मुन्ना कुमार, मुखिया प्रतिनिधि ओम चौधरी व देवेंद्र कुमार समेत सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# रफीगंज : विद्यालय में लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने पर नामांकन होगा रद्द

## रफीगंज में छात्रों की उपस्थिति को ले लागू किए गए कड़े नियम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय ने छात्रों की उपस्थिति को लेकर कड़े नियम लागू किए हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि विद्यालय में तीन दिन लगातार अनुपस्थित रहने वाले छात्रों का नामांकन रद्द कर दिया जाएगा। बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रार्थना सभा में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की उस दिन की उपस्थिति नहीं बनेगी। विद्यालय को प्रार्थना सभा सहित सभी कक्षाओं की दैनिक फोटो भेजनी होगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को समय पर नाश्ता करवाकर और खाना देकर विद्यालय भेजें। बताया कि जो छात्र नियमों का पालन नहीं करेंगे उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि और अन्य सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

# हसपुरा में वेब सीरिज 'हम तो हैं नालायक भैया' की शूटिंग, स्थानीय कलाकारों में उत्साह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों मुंबई के एसआरपी मूवीज के बैनर तले बन रही वेब सीरीज 'हम तो हैं नालायक भैया' की शूटिंग हो रही है। शूटिंग को लेकर स्थानीय कलाकारों और ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है। निर्देशक शेखर बी. कुमार ने बताया कि यह सीरीज ग्रामीण जीवन की गंभीर समस्याओं को हल्के-फुल्के अंदाज में प्रस्तुत करेगी। इसमें पंचायती राज व्यवस्था से आए बदलाव और माइक्रो फाइनैंस कंपनियों के जाल में फंसे ग्रामीणों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कहानी पूरी तरह गांव से जुड़ी है, लेकिन यह लोकप्रिय वेब सीरीज 'पंचायत' से बिल्कुल अलग है। शेखर मूलतः इटवां गांव निवासी हैं और मुंबई में कई हिंदी फिल्में, धारावाहिक और वेब सीरीज का लेखन व निर्देशन कर चुके हैं।

प्रोड्यूसर शंकर भारती ने कहा कि इस सीरीज की कहानी दमदार है और कलाकार बेहद प्रतिभाशाली हैं। बिहार में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बनेंगे। रिस्क जरूर है, लेकिन किसी को तो इस संस्कृति को आगे बढ़ाना ही होगा, उन्होंने कहा।

सीरीज की आधी शूटिंग उत्तर प्रदेश और रोहतास जिले में पूरी हो चुकी है, जबकि क्लाइमेक्स दृश्य इटवां से पचरुखिया के बीच फिल्माए जा रहे हैं। स्थानीय कलाकार और ग्रामीण भी क्रू मेंबर के रूप में जुड़कर योगदान दे रहे हैं। वेब सीरीज में चरित्र अभिनेता सुरेंद्र कुमार पंचायत मुखिया की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं नायक अमर मौर्या ग्रामीण युवा का दमदार किरदार अदा कर रहे हैं। नायिका की भूमिका अदिति (पूर्व मिस उत्तराखंड) निभा रही हैं, जिन्हें फिल्म में वंदना नामक चुलबुली ग्रामीण लड़की के रूप में दिखाया गया है। सह-कलाकारों में रिद्धिमा सिंह, सोनी, सुजीत सतरंगी, दीपक देहाती, सावन कुमार और प्रिय पुरोहित शामिल हैं।

निर्देशक शेखर बी. कुमार का कहना है कि यह नया दौर है और अब फिल्मों व वेब सीरीज के लिए अनेक प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं। इस सीरीज में दिखाया गया है कि जिसे लोग नालायक कहते हैं, वही बड़ा काम कर दिखाता है। इसमें सस्पेंस, इमोशन, हास्य और हकीकत का मिश्रण मिलेगा, उन्होंने कहा। इससे पूर्व वह बवंडर, रघुराम, एक राग एक रागिनी, धनिया के थाना और बिटिया पराई नहीं जैसी चर्चित फिल्मों व धारावाहिकों का लेखन व निर्देशन कर चुके हैं। सीरीज के गीतकार आरजीआर बागी ने न सिर्फ गीत लिखे हैं, बल्कि अभिनय भी किया है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन से अपूरणीय क्षति : अश्विनी तिवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने मंगलवार सुबह भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चोरी के निवासी अरुण सिह का पिछले दिनों निधन का खबर सुन उनके घर जाकर परिवार के सदस्यों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि अरुण बाबू बहुत ही नेक दिल इंसान थे। वे 2011 में पत्नी को सरपंच बनाया और 2016 में पत्नी को पंचायत समिति सदस्य बनवाया। वे सभी जाति सभी धर्म के लोगों से अच्छा रिश्ता रखते थे। समाज में उनका बहुत अच्छा पैठ था। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। पार्टी को सिचने में भी उनका बड़ा योगदान रहा है वे वह भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड मंत्री उपाध्यक्ष व कार्यसमिति के सदस्य रह चुके थे। उनका उम्र 56 वर्ष का था। वे अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर युवा नेता अंकुश राय, सतीश राय, भाजपा नेता रामबाबू प्रसाद, परीक्षित सिह, श्याम सुंदर सिह, पप्पू चौरसिया, नारायण शमार्, पूर्व मुखिया राजकुमार शमार्, नागेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय शमार्, खेदु राम, अयोध्या सिह सहित दर्जनों लोगों ने उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दिया है।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर जदयू की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। जनता दल यूनाइटेड ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अंबा में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने की। इस मौके कुटुंबा विधानसभा प्रभारी प्रमिला सिंह ने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलने का निर्देश दिया और बीएलओ टू के माध्यम से योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और अयोग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाने की बात कही। उन्होंने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कमेटी बनाने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक ललन भुईयां, राजीव नयन, वीरेंद्र पांडेय, श्याम जी कुमार मेहता, लक्ष्मण कुमार सिंह, आरती कुमारी, रूबी देवी, अवधेश भुईयां, मोहन भुईयां आदि लोग शामिल थे।

# कर्मचारियों की हड़ताल से ठप हुए काम अधिवक्ता-मुवक्किल लौट रहे मायूस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के प्रशासनिक कर्मचारियों की हड़ताल से आमजनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। हड़ताल को दस दिन बीत चुके हैं और अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता तथा एसडीएम कोर्ट सहित अन्य न्यायालयों में सुनवाई पूरी तरह ठप पड़ी है। इससे जमीन और राजस्व विवाद से जुड़े मामलों में पक्षकारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि रोजाना बड़ी संख्या में मुवक्किल कोर्ट पहुंचते हैं लेकिन कार्य नहीं होने के कारण हताश और निराश लौट जाते हैं। उन्होंने कहा कि एसडीएम कोर्ट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 और 163 सहित कई मामलों की सुनवाई लंबित हो गई है। अधिवक्ता ने आगे कहा कि कई विभागीय कार्यो के लिए प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष शपथपत्र देना आवश्यक होता है, लेकिन 9 अगस्त से यह प्रक्रिया बाधित है। इसके कारण लोगों को अपने जरूरी कामकाज पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हड़ताल लंबी खिंचने से न्याय और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों ठप हो गई है। सभी की निगाहें अब कर्मचारियों की हड़ताल टूटने पर टिकी हुई है।

# जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र जहानाबाद में जॉब कैम्प 25 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र जहानाबाद में 25 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक जॉब कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब कैम्प में आमधनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रिक्तियों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। अधिसूचित रिक्तियों में पदनाम सीनियर एसोसिएट/एसेंबली ऑपरेटर है जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता - आईटीआई/10वीं/12वीं/स्नातक रखी गई है। इस पद के लिए वेतनमान 15,500 से 18,000 तक होगा साथ ही फ्री ड्यूटी टाइम, फूड, पीएफ एवं ईएसआईसी बीमा की सुविधा उपलब्ध होगी।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति : सरिता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड नंबर 31 अंतर्गत गंगटी - तिवारी बिगहा के बजरंग बली के प्रांगण में सोमवार को पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचिका सरिता शास्त्री ने प्रवचन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ती हो जाती है। संसार दुःखों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। कोई स्वास्थ्य से दुखी है, कोई परिवार, कोई धन, तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधुकारी का भी उद्धार हो गया। कथा व्यास ने बताया कि धुंधुकारी अति दुष्ट था। उसके पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चले गए थे। कथा के बाद प्रसाद के वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में पारस यादव, बच्चू यादव, संतोष यादव, मनोज कुमार, श्रवण कुमार आदि सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

# उद्घाटन के छह माह बाद भी सदर अस्पताल के नए भवन में नहीं शुरू हुई ओपीडी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन हुए छह माह हो गए है परंतु अबतक पुराने भवन में ही ओपीडी चल रहा है। छह माह बीतने के बावजूद सदर अस्पताल के नए भवन में ओपीडी प्रारंभ नहीं हो सका है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 11 फरवरी 2025 को प्रगति यात्रा के दौरान सदर अस्पताल परिसर में माडल अस्पताल का उद्घाटन किया था। इस क्रम में नौ मंजिला ओपीडी और चार मंजिला मातृ-शिशु वार्ड का लोकार्पण किया गया था। उद्घाटन छह महीने से अधिक हो गए, लेकिन अब तक नए भवन में इलाज शुरू नहीं हो सका। मरीजों को अब भी पुरानी व्यवस्था में इलाज कराना पड़ रहा है। बता दें कि नौ मंजिला भवन को पूरी तरह हाईटेक बनाया गया था। कहा गया था कि नए भवन में यहां हर तरह की जांच और सामान्य ओपीडी की सुविधा मिलेगी। मरीजों को उम्मीद थी कि अब इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मदनपुर के शिवगंज निवासी प्रदीप कुमार, अंकित सिंह, बराटपुर के जीतेंद्र सिंह ने कहा कि अधूरे भवन का उद्घाटन किया गया था। भवन में लिफ्ट लगाने का कार्य अंतिम पायदान पर चल रहा है। भवन के प्रथम तल पर टीकाकरण, गैर संचारी रोग, दांत और आंख के चिकित्सक बैठते हैं। कुत्ते के काटने की सुई यहीं दी जाती है। दूसरे तल से ऊपर की सभी मंजिलें बंद हैं। आई क्लिनिक के सामने दीवार में दरार आ गई है। ग्राउंड फ्लोर अस्त-व्यस्त है। चार मंजिला मातृ-शिशु वार्ड का उद्घाटन भी उसी दिन हुआ था लेकिन वह भवन उद्घाटन के दिन से बंद है। अब तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। पुरानी भवन में ओपीडी चलने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। अस्पताल के केवल एक तल्ले पर आंख और दांत के चिकित्सक बैठते हैं। अब देखना है कि आखिर कब तक नए भवन में ओपीडी का शुरुआत होती है। लोग सिर्फ यही आस लगाए हुए हैं।

# जहानाबाद नियोजनालय में टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राज्य के श्रम संसाधन विभाग, के अंतर्गत संचालित जहानाबाद जिला नियोजनालय, द्वारा मंगलवार को शहर के श्याम नगर स्थित जिला नियोजनालय परिसर में बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने हेतु टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नियोजनालय में निबंधित एवं मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित कुल 23 अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड का टूल किट तथा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर कुल 31 अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें स्टडी किट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में उप निदेशक (नियोजन), पटना प्रमण्डल, पटना एवं जिला नियोजन पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा संयुक्त रूप से टूल किट एवं स्टडी किट का वितरण किया गया। उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि टूल किट योजना तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है, वहीं स्टडी किट योजना से आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी जिससे वे सरकारी सेवाओं में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने यह भी आश्वस्त किया कि जिला नियोजनालय, जहानाबाद द्वारा आगे भी इस प्रकार के वितरण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने आधा दर्जन दवा दुकानों में की छापेमारी

## डेढ़ लाख की दवा जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पुनपुन बाजार में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर की जांच के लिए मंगलवार को ड्रग इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में जांच टीम पुनपुन पहुंची। इसके साथ ही पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी भी टीम में शामिल रही। जहां उन्होंने आधा दर्जन से अधिक दुकानों में रखे दवाईयों की जांच की। जहां तकरीबन डेढ़ लाख की दवाएं जप्त की गई। ड्रग इंस्पेक्टर के पहुंचने के बाद अवैध रूप से संचालित दर्जनों दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर मौके से फरार हो गए। अचानक ड्रग इंस्पेक्टर के साथ मेडिकल टीम के पहुंचने पर अवैध रूप से संचालित दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद ड्रग इंस्पेक्टर संजीव ने बताया कि यह रूटीन जांच था। जिसमें दवा दुकानों में जीवनरक्षक दवाईयों के साथ प्रतिबंधित मेडिकल ड्रग्स की जांच की गई। उन्होंने बताया कि करीबन आधा दर्जन मेडिकल स्टोर में जांच की इस दौरान डेढ लाख की दवाईयां जब्त की गई है। खास कर एक अवैध नर्सिंग होम मे दवाईयां जब्त की गई है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि विभाग और वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पुनपुन स्थित मेडिकल स्टोर में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ड्रग इंस्पेक्टर ने जांच के लिए आने पर अवैध रूप से संचालित दवा दुकानों के बंद कर दुकानदार के फरार होने की बात बताई।




# केस कंप्रमाइज को लेकर हरवे हथियार के साथ की पिटाई

## दो गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के दाउदपुर मोहल्ले के सामुदायिक भवन के पास मंगलवार की सुबह हरवे हथियार के साथ केस को उठाने और कंप्रोमाइज करने को लेकर हरवे हथियार के साथ करीब दर्जन पर लोग घेर कर जमकर मारपीट की। जहां पर लाठी डंडे और लोहे के रॉड से मारपीट मे दो लोगों को गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। दरअसल घटना के संदर्भ में पिडित ने बताया कि दाउदपुर मोहल्ले के समुदायिक भवन के पास में 15-20 लोग ने हथियार के साथ आये और घेर कर मुझे मारपीट करने लगे और पिस्तौल के बट से मार कर जख्मी कर दिया। वही मारपीट की घटना में बचाने आए हमारे मेरे भाई विमलेश को भी पिस्टल के बरसे जख्मी कर दिया। पीड़ित राहुल कुमार पिता राजू चौधरी ने बताया की मसौढी थाना कांड संख्या 458/ 21 और 637/ 22 के तहत एससी एसटी और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कराया गया था। जिसमें केस को उठाने और कंप्रोमाइज करने के लिए हमारे घर के पास में सुबह में आए और हथियार के साथ लोहे के रोड और लाठी से मारपीट करने लगे।मारपीट करने वालों में से अमरनाथ कुमार उर्फ बंटी उम्र 22 वर्ष, चंदन कुमार उर्फ अर्जुन, सूरज कुमार उर्फ करण तीनों पिता सिद्धनाथ यादव, सिद्धनाथ यादव पिता मुल्ला यादव, आदित्य कुमार छेदी यादव और ललमुनी यादव पति सिद्धनाथ यादव सबों ने घेरकर मारपीट कर गंभीर रूप में जख्मी किया है पुलिस विभिन्न मामलों में छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### महिला आईएएस ने संभाला एसडीएम का पद



**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पालीगंज अनुमंडल के नए एसडीएम के रूप में गरिमा लोहिया ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर निवर्तमान एसडीएम अमन प्रीत सिंह से कार्यभार संभाला। इस मौके पर अनुमंडल दंडाधिकारी राजमती पासवान, डीसीएलआर जनक कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि पालीगंज में पहली बार किसी महिला आईएएस को एसडीएम पद पर नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 की यूपीएससी परीक्षा में गरिमा लोहिया द्वितीय टॉपर रही थीं। स्थानीय लोगों में उनके पदभार ग्रहण करने को लेकर खासा उत्साह है। लोगों को उम्मीद है कि नई एसडीएम पालीगंज के प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता लाएंगी, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएंगी और आम जनता को दफ्तरों के चक्कर काटने से राहत दिलाएंगी। इस अवसर पर कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### बिक्रम में बंद पड़े घर में चोरी

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में सोमवार को बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। गृहस्वामी संतोष कुमार ने स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि वे अपने पूरे परिवार के साथ पटना में रहते हैं। सोमवार को बीती रात उनके खपरैल छत को तोड़कर चोर अंदर घुस गए और कमरे में रखे जेवरात एवं अन्य सामग्रियों की चोरी कर ली। वहीं घर के पूरे छत को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। गृहस्वामी ने लगभग 17 लाख की संपत्ति चोरी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अपने नजदीकी रिश्तेदार सहित अन्य दो को नामजद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि थाने में चोरी को लेकर आवेदन दिया गया है जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आवेदक द्वारा पूर्व में भी प्रताड़ना को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### 20 बीस सूत्री की बैठक संपन्न

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीस सूत्री की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक रंजन उर्फ मोंटी एवं संचालन सुरेश वर्मा ने किया। बैठक में शिक्षा विभाग एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारी रवि रंजन, स्वास्थ्य विभाग से डॉ जयबोध, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, एसबीआई, कैनरा बैंक, पीएनबी सहित अन्य बैंक के कर्मी शामिल थे। मौके पर सरकार की चल रही योजनाओं को विस्तार से बताया गया एवं उसे सही रूप से लागू करने की बात कही गई। पूर्व वार्ड पार्षद महफूज अहमद ने बिक्रम नगर पंचायत, अंचल कार्यालय एवं बिक्रम थाना, रानीतालाब थाना, बिजली विभाग के किसी भी प्रतिनिधि के शामिल नहीं होने पर विभागीय करवाई की मांग की। वही बैठक के समाप्ति के दौरान मंडल अध्यक्ष अभिषेक रंजन मोंटी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचना है। बिजली विभाग से सम्बन्धित 125 यूनिट फ्री, उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन, वृद्धा पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, जनवितरण प्रणाली,प्रधानमंत्री सोलर योजना सहित अन्य योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचने की बात कही। बैठक में सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, बीस सूत्री के सदस्य सुब्रत वासुदेव, सतीश कुमार, अविनाश कुमार उपाध्याय, नीरज तिवारी, महफूज आलम, सुजीत सिंह, गुनी लाल वर्मा, राज कुमार, जनार्दन ठाकुर, मिथिलेश सिंह, नीरज, राजकुमारी देवी आदि उपस्थित थे।

# बूथों पर चिपकायी गई हटाए गए वोटरों की सूची



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों एवं सरकारी कार्यालयों में एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों की श्रेणीवार सूची बुथों को चिपका दी गई। आयोग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद उठाया है। इन नामों को प्रखंड, पंचायत एवं नगर निकाय कार्यालयों में भी आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाना है। लिस्ट में अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हैं। ये नाम सूची के पुनरीक्षण के पूर्व मतदाता सूची में थे, लेकिन इन्हें ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है।मसौढी विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर हटाए गए वोटरों के नामों की सूची चिपकाई गई। जिनके नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, अपने ईपिक नंबर से कारण सहित प्रवृष्टि की सूचना एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बहरहाल खासकर मृत वोटर और स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले वोटरों को हटाए गए हैं जिन्हे बूथ स्तर पर उसकी सूची को चिपका दी गई है।

# मसौढ़ी के उस्मानचक मुसहरी में फैला डायरिया, दो दर्जन से अधिक आक्रांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के उस्मानचक मुसहरी में इन दिनों डायरिया का प्रकोप फैल गया है। जिससे दो दर्जन से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। करीब एक हफ्ते से डायरिया की बिमारी फैली है। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। संक्रमित लोगो का इलाज कर हालात पर काबू पाने में सफलता पाई है। अब तक इस गांव में करीब दो दर्जन से अधिक लोग डायरिया का शिकार हो चूके हैं। लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज सिंह ने बताया कि उसमानचक मुसहरी गांव में डायरिया फैलने की सूचना मिली थी। इसके बाद तुरंत मेडिकल टीम गठित की गई और लगातार गांव में मेडिकल टीम उपचार कर रही है। टीम में डॉ इरफान अख्तर, डॉ सिंह आनंद, शिल्पी कुमारी, कुमारी निशा, कमला कुमारी शामिल है। जो गांव पहुंच कर इलाज की प्रक्रिया शुरू कर स्थिति पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा प्रभावित गांव में चूना, ब्लिचिंग पाउडर एवं हैलोजिन टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही बिल्डिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हालत पर नजर रखी जा रही है तकी विशेष परिस्थिति में अस्पताल से भी डॉक्टर को भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि सर्दी-जुकाम और बुखार की तरह डायरिया भी आम रोग है लेकिन समय पर उपचार नहीं किया गया तो घातक भी सिद्ध हो सकता है। गर्मी और बरसात के मौसम में इसका प्रकोप सबसे ज्यादा होता है। इसके पीछे अहम कारण गंदगी है। बार-बार उल्टी और दस्त होना डायरिया का लक्षण हैं। अगर डायरिया का इलाज सही वक्त पर न किया जाए, तो इससे जान भी जा सकती है। लेकिन घबराने की भी जरूरत नहीं है। अगर किन्ही को इस तरह की समस्या आती है तो तुरंत उपचार कराएं। ओआरएस का घोल जरूर लें। पर्याप्त मात्रा में ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव करा दिया गया है। संक्रमित परिवारों में बिजली मांझी, छोटे मांझी, फुलवंती देवी, कलावती देवी, अर्जुन कुमार, अशोक कुमार, संतोष मांझी, रंजन कुमार, संजय मांझी, उदय मांझी, पुणे देवी, गोरख मांझी, सुरेश मांझी शंकर मांझी, सुनील कुमार, आकाश, तेजू समेत दो दर्जन से अधिक लोग संक्रमित हैं।



# कई मामलों में वांछित शूटर गौतम उर्फ चीनी को मसौढी पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कई मामलों में फरार चल रहे अपराधी गौतम कुमार उर्फ चीनी पिता जनक देव यादव उर्फ मनक देव यादव मरांची थाना, पुनपुन निवासी को मसौढ़ी पुलिस ने अनुमंडल कार्यालय के पास से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह मुकेश उर्फ छोटन पिता जगदीश प्रसाद के हत्याकांड में सरेंडर करने गया था, लेकिन दस्तावेज की कमी के कारण उसे दिन सरेंडर नहीं हो सका जिसे लौटते वक्त पुलिस ने उसे दबोच लिया था, इस पूरे मामले में एएसपी कोमल मीणा ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए बताया कि गिरफ्तार अपराधी गौतम उर्फ़ चीनी धनरूआ थाना कांड संख्या 118/ 25 दिनांक 18. 2. 2025 के कांडों में और रामकृष्ण नगर थाना कांड संख्या 653 /25 दिनांक 10..8.2025 को गोलीबारी करने और शराब एक्ट मामले में यह फरार चल रहा था। इसके अलावा मसौढ़ी में 12. 4 2025 को मुकेश उर्फ छोटन हत्याकांड में गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में फरार चल रहा था, इसके अलावा अन्य थानों में हत्या का प्रयास हत्या, गोलीबारी करने और मद्य निषेध एक्ट में मामले में संलिप्त रहा है। गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ की जा रही है इसके संलिप्त साथियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। फिलहाल इसे जुवेनाइल में भेज रहा जा रहा है। इसके अलावा उस केस में अन्य फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है। दरअसल बताया जाता है कि बिते चार माह पूर्व मसौढी थाना कांड संख्या 298/ 25 के तहत अशोक प्रसाद पिता सुरूढी प्रसाद पूरनचक के द्वारा अज्ञात पर हुए प्राथमिकी पर पुलिस अनुसंधान में जुटी है।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में प्रसूति महिलाओं को मिल रहा जच्चा-बच्चा किट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में जच्चा-बच्चा किट वितरण का शुरू कर दिया गया है। जच्चा-बच्चा किट में प्रिमिक्स खिचड़ी का चावल, प्रिमिक्स खीर का चावल, प्रिमिक्स दलिया, तीन बेसन की बर्फी, दो प्रोटीन बार, 200 ग्राम शुद्ध घी तथा कैल्शियम, आयरन, विटामिन-बी, विटामिन-सी और विटामिन-डी की एक महीने की दवा शामिल है।इस पहल का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले लोगों का भरोसा बढ़ाना है ताकि माताओं और बच्चों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सेवा मिल सके। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज सिंह ने का बताया कि स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने को प्रेरित करने के लिये जच्चा-बच्चा किट का शुभारंभ किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने वाली महिलाओं को कम से कम 48 घंटे तक इन संस्थाओं में रहना होता है, ताकि सभी मानकों को पूरा किया जा सकें। वहीं, डिलीवरी के तुरंत बाद महिलाओं को जच्चा-बच्चा किट दिया जाता है। किट में प्रिमिक्स खिचड़ी का चावल, प्रिमिक्स खीर का चावल और प्रिमिक्स दलिया, साथ ही तीन बेसन का बर्फी, दो प्रोटीन बार एवं 200 ग्राम शुद्ध घी के साथ कैल्शियम, आयरन, विटामिन-बी, विटामिन-सी एवं डी की दवा शामिल होती है। अस्पताल के प्रबंधक ललन कुमार सिंह एवं बीएम चंद्रभूषण प्रसाद ने बताया कि क्या कि अब तक 300 से अधिक है प्रसूति मरीजों के बीच में किट का वितरण किया गया है और लगातार सभी एएनएम को निर्देशित किया गया है की प्रसूति मरीजों को किट का वितरण करना है और उन्हें किट के बारे में जानकारी भी बतानी है।



# राजीपुर पंचायत भवन निर्माण पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** राजीपुर पंचायत सरकार भवन को नियमों की अनदेखी कर 4 किलोमीटर दूर बदूरी में बनाए जाने के खिलाफ ग्रामीणों ने पालीगंज अनुमंडल मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि न तो ग्राम सभा बुलाई गई और न ही पंचायत प्रतिनिधियों से राय ली गई। आंदोलन में शामिल विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने प्रतिनिधिमंडल के साथ एसडीओ और डीसीएलआर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पंचायत भवन जनता की सुविधा के लिए राजीपुर में ही बनना चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर मांगों को अनसुना किया गया तो वे आंदोलन को तेज करेंगे।




## ज्याउद्दीनचक हत्याकांड में एक महिला गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के जियाउद्दीन चक गांव में हुए हत्याकांड में 10 नामजद अभिलेखों में से एक आरोपी महिला को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रियंका कुमारी पति विजय यादव चेक है बाहर बताया जाता है कि बीते 10 अगस्त को जो दिनचक गांव में विद्या रात्रि को राजेंद्र पासवान और उसके बेटे विनोद पासवान को हरवे हथियार के साथ अगवा कर लिया था जहां अहले सुबह विनोद पासवान कश्यप दरहा नदीम से बरामद की गई थी लेकिन अब तक उसे कांड में राजेंद्र पासवान का कहीं भी कुछ अता-पता नहीं चला है पुलिस लगातार छानबीन और ताबातोड़ छापेमारी कर रही है। सभी नामजद अभियुक्त घर छोड़कर फरार हो चुके हैं ऐसे में उसी में से एक महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

# बिहार काव्य महोत्सव : साहित्य का स्वर, युवाओं ने दिखाई रचनात्मक उड़ान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक धरा पर साहित्य की नई गूंज सुनाई दी जब बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रांगण में आज उठी है आवाज़ एवं मोब्लिक्स इंटरप्राइजेज के सौजन्य से बिहार काव्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल साहित्य प्रेमियों का उत्सव था, बल्कि युवा रचनाकारों की सृजनात्मक ऊर्ज़ा का जीवंत प्रदर्शन भी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मृत्युंजय कुमार झा (अध्यक्ष, बिहार संस्कृत बोर्ड समिति), अति विशिष्ट अतिथि अप्सरा मिश्रा (अध्यक्ष, बिहार महिला आयोग), विशिष्ट अतिथि यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार, प्रदीप उपाध्याय, उद्घाटनकर्ता डॉ. अनिल सुलभ (अध्यक्ष, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन), तथा मोब्लिक्स एंटरप्राइजेज के फाउंडर मृणाल किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। दीप की पावन आभा ने वातावरण को साहित्यिक ऊष्मा से आलोकित कर दिया।




कार्यक्रम में देवाशीष जी, हिमांशु जी, डॉ. अर्चना त्रिपाठी सहित अनेक विद्वानों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। बिहारी फॉक की ब्रांड एंबेसडर निहारिका कृष्ण अखौरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मृणाल किशोर (फाउंडर, मोब्लिक्स एंटरप्राइजेज) ने कहा– मोब्लिक्स केवल तकनीकी नवाचार का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक उन्नति का वाहक भी है। साहित्य आत्मा की रोशनी है और इस रोशनी को हर घर तक पहुँचाना ही हमारा उद्देश्य है। मुख्य अतिथि मृत्युंजय कुमार झा ने कहा– कविता केवल भावनाओं का प्रकटीकरण नहीं, बल्कि समाज का सच बोलने वाला दर्पण है। बिहार की युवा प्रतिभाएं आज जिस जज़्बे के साथ लिख रही हैं, वह भविष्य में देश को नई दिशा देने वाली है। अति विशिष्ट अतिथि अप्सरा मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा– महिलाएं और युवा साहित्य की संवाहक शक्ति हैं। इस मंच पर प्रतिभाओं की विविधता देखकर गर्व होता है कि बिहार साहित्य की परंपरा को और भी समृद्ध कर रहा है। वरिष्ठ कवियों आनंद कुमार, अरुण श्रीवास्तव, अर्चना त्रिपाठी, कुंदन सिंह क्रांति, गौरव झा, संतोष सिंह राख ने अपनी सारगर्भित कविताओं से श्रोताओं को बांधे रखा। उनके बाद जब युवा कवियों की बारी आई तो मंच ने एक नया रूप ले लिया। तल्हा जिया गोड्डावी ने अपनी ग़ज़ल उदासियों का ये मौसम बदल भी सकता था सुनाकर तालियां बटोरीं। चांद कुमार की पंक्तियाँ ज़िंदगी भी खेल है जुए का श्रोताओं को गहरे चिंतन में ले गईं। वहीं सौरभ भारद्वाज समेत अनेक युवा कवियों की प्रस्तुतियों ने महोत्सव को ऊर्ज़ामय बना दिया। कार्यक्रम में शिशिर झा, मुर्शीदुल खैर, स्तुति झा, हसनैन रजा गोंडवी, रजनीश गौरव, रचना मजूमदार, साहिल कुमार, राहुल राज, कुमार प्रिंस, मुस्कान कुमारी, प्रीति कुमारी, रितेश अस्थाना, अंजू प्रकाश, श्रीकांत, रिंपी ऐश्वर्य आदि युवा रचनाकारों ने भी अपनी रचनाओं से मंच को जीवंत कर दिया। मंच संचालन प्रेरणा प्रिया ने सरस और आकर्षक ढंग से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सौरव भारद्वाज ने दिया। यह महोत्सव न केवल पीढ़ियों के बीच साहित्यिक सेतु साबित हुआ, बल्कि इसने यह भी सिद्ध किया कि बिहार की साहित्यिक परंपरा आज भी उतनी ही सशक्त और जीवंत है जितनी कभी रही

# एशिया कप : भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान

### सूर्यकुमार कप्तान, गिल उपकप्तान, जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितंबर से



**मुंबई (एजेंसी)।** 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव ही करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को दौरे के लिए उपकप्तान बनाया गया है।

इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होगा। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा।

गिल को उपकप्तान बनाया भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। सिलेक्शन से पहले मीडिया रिपोर्ट्स में गिल की टीम में जगह नहीं बताई जा रही थी। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि आईपीएल में गिल ने 650 रन बनाए थे।

सिराज और वाशिंगटन को मौका नहीं स्क्वॉड में अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हर्षित राणा को मौका मिला। हालांकि मोहम्मद सिराज और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह नहीं मिली हैं। यशस्वी जायसवाल और सुंदर टीम के रिजर्व प्लेयर होंगे।

बुमराह की टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वापसी जसप्रीत बुमराह की टी-20 टीम में वापसी हुई हैं। उन्होंने आखिरी टी-20 इंटरनेशनल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल खेला था। आईपीएल में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाने वाले श्रेयस अय्यर को भी टीम में नहीं चुना हैं।

### तेज गेंदबाजी और स्पिन अटैक का दमदार संयोजन

गेंदबाजी में तेज अटैक का नेतृत्व जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह करते नजर आएंगे। वहीं स्पिन विभाग में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया गया है, जिससे टीम का स्पिन अटैक भी मजबूत नजर आ रहा है।

### भारत-पाकिस्तान के 3 मुकाबले हो सकते हैं

- एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है।
- पहला मैच- 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।
- दूसरा मैच-एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है।
- तीसरा मैच - अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

### एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह

### भारत को ग्रुप-ए में रखा

भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है। उसके साथ पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीमें हैं। ग्रुप-बी श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग हैं।ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

## एशिया कप की टीम पर फैंस हुए हैरान, बाहर हुए 3 बड़े खिलाड़ी, बीसीसीआई पर उठे सवाल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन 15 खिलाड़ियों के नामों का खुलासा किया, जो यूएई में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लेकिन इस टीम में कुछ बड़े नामों की गैरमौजूदगी ने क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया है। खासतौर पर श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और मोहम्मद सिराज को टीम में जगह नहीं मिली।

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रेयस अय्यर का नाम लेकर कहा कि उनका टीम में न चुना जाना न उनकी गलती है, न सेलेक्टर्स की। उन्होंने साफ किया कि श्रेयस की टीम में जगह न बनने के पीछे कोई विवाद या असमंजस नहीं है। हालांकि, यह निर्णय फैंस के लिए एक बड़ा आश्चर्य रहा क्योंकि अय्यर का आईपीएल और चैंपियंस ट्रॉफी में प्रदर्शन अच्छा रहा था। अंतरराष्ट्रीय टी20 में श्रेयस ने 51 मैचों में 1104 रन बनाए हैं, जिनमें 8 अर्धशतक शामिल हैं।
टीम में शामिल न होने वाले दूसरे बड़े नाम यशस्वी जायसवाल का है। विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर पहचाने जाने वाले जायसवाल ने 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 164.31 की स्ट्राइक रेट से 723 रन बनाए हैं। बावजूद इसके सिलेक्टर्स ने उन्हें इस बार टीम में जगह नहीं दी। इंग्लैंड दौरे पर अपनी घातक गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज को भी एशिया कप टीम में शामिल नहीं किया गया है। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन इस बार टी20 टीम में उन्हें मौका नहीं मिला।

## नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिल गई है। इस बिल में भारत के खेल प्रशासन में सुधार का वादा किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति की मंजूरी सोमवार को मिल गई थी।इस बिल को 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया गया और 11 अगस्त को इसे वहां पारित कर दिया गया। इससे एक दिन बाद राज्यसभा ने दो घंटे से ज्यादा समय तक चली चर्चा के बाद इसे पारित कर दिया था।नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था।बीसीसीआई अब भी आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है। हालांकि विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं।खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 पेश किया था। इस बिल में खेलों के विकास के लिए नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बॉडी, नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल खेल इलेक्शन पैनल और नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल बनाने के प्रावधान हैं। संसद में इस बिल को जीपीसी में भेजने की मांग भी उठी है।

## साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मार्करम, बवुमा और मैथ्यू चमके



**केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 297 रन का टारगेट दिया है। ऑस्ट्रेलिया के कैर्न्स शहर में खेले जा रहे इस मुकाबले का टॉस कंगारू टीम ने जीता। कप्तान मिचेल मार्श ने गेंदबाजी करने का फैसला किया था।साउथ अफ्रीका की ओर से ओपनर ऐडन मार्करम, कप्तान तेम्बा बावुमा और मैथ्यू ब्रीट्जके ने अर्धशतकीय पारी खेली। मार्करम ने सबसे ज्यादा 81 बॉल पर 82 रन बनाए। इनमें 9 चौके शामिल रहे। रायन रिकेल्टन ने 33 और वियान मुल्डर ने नाबाद 31 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड ने चार विकेट झटके। बेन ड्वारशस को दो और एडम जम्पा को एक विकेट मिला।वनडे सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका को बड़ा झटका लगा। जब उसके तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा टखने की चोट के कारण बाहर हो गए। सोमवार को एक स्कैन में रबाडा के दाहिने टखने में सूजन की पुष्टि हुई। रबाडा ऑस्ट्रेलिया में टीम के साथ रहेंगे और रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। पिछले हफ्ते केवेना मफाका को रबाडा की जगह टीम में शामिल किया गया, हालांकि पहले वनडे के लिए उन्हें प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली।3 दिन पहले 16 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। कंगारुओं ने तीसरे और आखिरी मैच में को 2 विकेट से जीता था। इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ने फिफ्टी लगाई।

### हरमनप्रीत कौर कप्तान, स्मृति मंधाना उपकप्तान

# बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का किया ऐलान



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से शुरू होकर यह टूर्नामेंट 8 टीमों के बीच खेला जाएगा। नीतू डेविड की अगुवाई वाली महिला चयन समिति ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है। टीम की घोषणा के बाद नीतू डेविड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी स्क्वॉड का ऐलान किया। इस बड़े टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी।

### वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का स्क्वॉड

कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ टीम में शामिल हैं- स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष, क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह चरणी, यास्तिका भाटिया और स्नेह राणा।

### शेफाली वर्मा को टीम इंडिया में जगह नहीं मिली

आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है, जो लंबे समय से यह जिम्मेदारी निभा रही हैं। टीम में प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्स जैसी स्टार खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हालांकि, शेफाली वर्मा को इस बार टीम से बाहर रखा गया है। हाल के दिनों में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा और इसी कारण उन्हें स्क्वॉड में जगह नहीं मिल पाई। फिलहाल वह भारतीय ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं।

### टीम इंडिया का वर्ल्ड कप 2025 शेड्यूल घोषित

आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में भारत अपना पहला मुकाबला 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। 9 अक्टूबर को भारत का मैच साउथ अफ्रीका से, 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से, 19 अक्टूबर को इंग्लैंड से, 23 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से और 26 अक्टूबर को बांग्लादेश से होगा।

यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित होगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो के न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा, जबकि भारत में मुकाबले बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में होंगे।

भारतीय टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा।

## पाकिस्तान हॉकी एशिया कप से हटा

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी एशिया कप में 3 टाइटल जीत चुका है। टीम ने शुरुआती 2 खिताब जीते थे। टीम आखिरी बार 1999 में एशियन चैंपियन बनी थी। पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया था।हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने मीडिया को बताया- मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रॉ में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था। हालांकि, भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था।



## अल्काराज ने सिनसिनाटी मास्टर्स का खिताब जीता

### इस टूर्नामेंट में उनका पहला खिताब है, सिनर चोट के कारण फाइनल से हटे



**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपना पहला खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 1 जैनिक सिनर को पहले सेट के दौरान चोट के कारण रिटायर होना पड़ा, जिसके बाद अल्काराज को विजेता घोषित किया गया।यह अल्काराज का इस टूर्नामेंट में पहला खिताब है और 2025 में उनकी छठी ट्रॉफी।

पिछले तीन महीनों में यह चौथा मौका है जब सिनर और अल्काराज किसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़े। यह सिलसिला रोम से शुरू हुआ, फिर फ्रेंच ओपन और विम्बलडन में जारी रहा और अब सिनसिनाटी में एक और मास्टर्स 1000 फाइनल में दोनों आमने-सामने थे।

सिनर इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थे। पिछले साल के चैंपियन सिनर ने सिनसिनाटी में एक भी सेट नहीं गंवाया और अपने आठवें मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई। वह हार्ड कोर्ट पर लगातार 26 मैच जीत चुके हैं, जिसमें 2023 शंघाई मास्टर्स, एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स और 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताब शामिल हैं।

उन्हें आखिरी हार्ड कोर्ट फाइनल में हार पिछले साल अक्टूबर में बीजिंग में अल्काराज के खिलाफ मिली थी, जब अल्काराज ने तीन सेटों में वापसी करते हुए जीत हासिल की थी।

# पीसीबी ने बाबर आजम-रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाला



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बैटर बाबर आजम और विकेटकीपर-बैटर मोहम्मद रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाल दिया है। बोर्ड ने मंगलवार को नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की 30 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है। इसमें खिलाड़ियों की संख्या 27 से बढ़ाकर 30 कर दी गई है।

2025-26 सीजन में कैटेगरी-ए को शामिल नहीं किया गया है। पिछले साल बाबर और रिजवान ही कैटेगरी-ए में रखे जाने वाले खिलाड़ी थे। वहीं युवा खिलाड़ी हसन नवाज, मोहम्मद हारिस और सुफियान मोकिम को 2025-26 सीजन के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है।

### तीनों कैटेगरी में 10-10 खिलाड़ी

कैटेगरी-बी, सी और डी तीनों में 10-10 खिलाड़ियों को जगह मिली है। जबकि कैटेगरी-ए को इस सीजन हटा दिया गया है। यह कॉन्ट्रैक्ट 1 जुलाइ 2025 से 30 जून 2026 तक रहेगा।

### 12 खिलाड़ियों को पहली बार शामिल किया गया

12 युवा खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया। इसमें अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सलमान मिर्जा और सुफियान मोकिम के नाम शामिल हैं।

### पांच खिलाड़ियों को प्रमोट किया गया

पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पांच खिलाड़ियों को प्रमोट किया गया है। इसमें अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शादाब खान के नाम शामिल हैं। सभी को सी से बी कैटेगरी में प्रमोट किया गया है।

### आठ खिलाड़ी कॉन्ट्रैक्ट से चूके

इस साल आमिर जमाल, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मुहम्मद इरफान खान और उस्मान खान कॉन्ट्रैक्ट में शामिल होने से चूक गए।

### एशिया कप के लिए बाबर-रिजवान को टीम में जगह नहीं

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को एशिया कप 2025 और उससे पहले खेले जाने वाले यूएई ट्राई-सीरीज के लिए 17 मेंबर्स वाले टी-20 स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है। टीम की कप्तानी ऑलराउंडर सलमान अली आगा को सौंपी गई है। एशिया कप यूएई में 9 से 28 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं, इससे पहले होने वाली ट्राई-सीरीज में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई हिस्सा लेंगे।

# प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें राजस्व संबंधित कार्य : श्रीकांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आयोजित राजस्व विभाग आपके द्वार अभियान के तहत जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ओबरा प्रखंड के खरांटी एवं दाउदनगर प्रखंड के नोनार गांव में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में भूमि संबंधी अभिलेखों में विद्यमान त्रुटियों के त्वरित निराकरण तथा आमजन को पारदर्शी, सुलभ एवं जवाबदेह राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्व विभाग आपके द्वार अभियान का शुभारंभ 16 अगस्त से किया गया है। यह अभियान 20 सितंबर तक जिले के सभी अंचलों के पंचायत स्तर पर संचालित किया जाएगा, जिसके



माध्यम से आम नागरिकों को ग्राम एवं वार्ड स्तर पर ही राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान के क्रम में राजस्व विभाग की नामित टीम घर-घर जाकर भूमि संबंधी समस्याओं जैसे-ऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, छुटी हुई जमाबंदी का ऑनलाइन अंकन, उत्तराधिकारी नामांतरण, बटवारा नामांतरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त करेगी। इसके अतिरिक्त जिले के प्रत्येक पंचायत सरकार भवन में निर्धारित तिथियों पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा जहां पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को अनावश्यक रूप से अंचल कार्यालय अथवा जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि अभियान का मूल उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर ही राजस्व सेवाओं की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करना है। ऐसे में सभी अंचलाधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं संबंधित पदाधिकारी इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। इस अभियान से ग्रामीण जनता को समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह राजस्व सेवाएं प्राप्त होंगी और उनके भूमि संबंधी मामलों का स्थानीय स्तर पर ही समाधान संभव हो सकेगा।

## सड़क पर गिरने से छात्रा की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विद्यालय से पढ़ाई कर घर जाते समय संदिग्ध अवस्था में 10 वर्षीय एक छात्रा की मौत का मामला सामने आया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरथौली नहर के समीप की है। मृतका की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के बतवां गांव निवासी विजय यादव की पुत्री निधि कुमारी के रूप में हुई है। वह भरथौली गांव स्थित एक निजी विद्यालय के तृतीय वर्ग की छात्रा थी। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर निधि अपने विद्यालय से पढ़ाई कर पैदल घर लौट रही थी इसी दौरान वह अचेत होकर सड़क किनारे गिर गयी। काफी समय बाद राहगीरों की नजर जब उस पर पड़ी तो सड़क से उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। हालांकि निधि की मौत कैसे हुई है, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं है। वैसे निधि के आंख पर चोट के निशान भी मिले हैं। इस घटना के बाद से परिजनों में शोक व्याप्त है।

# मोदी-नीतीश की सभा को लेकर सुशील सिंह ने किया गांवों का दौरा

## ग्रामीणों से की कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 22 अगस्त, शुक्रवार को बोधगया के मगध विश्वविद्यालय मैदान में आगमन प्रस्तावित है। इस मौके पर होने वाली विशाल जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए एनडीए नेता और औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह लगातार गांव-गांव का दौरा कर रहे हैं। पूर्व सांसद ने देव प्रखंड के कटैया, बहुआरा तथा सदर प्रखंड के भोला बिगहा, चैन बिगहा सहित दर्जनों गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए विकास और कल्याणकारी योजनाएँ चलाई हैं और अब समय है कि हम सब मिलकर बिहार के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दौरा ऐतिहासिक साबित होगा और



बिहारवासियों को हजारों करोड़ की सौगात मिलने वाली है। सभा की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दौरे के दौरान कटैया गांव में ग्रामीणों ने रामरेखा नदी पर पुल निर्माण की मांग रखी। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों के साथ स्थल का निरीक्षण कर विभागीय कार्यपालक अभियंता से बात की और तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इस बीच विभाग के जूनियर इंजीनियर ने स्थल का निरीक्षण भी किया। इसी तरह गक्क-19 के ओरा गाँव से पहले पोइंवा-बघोई पचरुखिया रोड पर पोइंवा डिहरी मोड़ के पास कटाव से बाधित आवागमन की समस्या पर भी उन्होंने पहल कर संबंधित अभियंता से शीघ्र मरम्मत कराने को कहा। इस अवसर पर देव के उप प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह, मंझार पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संगेश सिंह, मुखिया पंकज कुमार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नेता भरत सिंह, राजू सिंह, उपेन्द्र सिंह, वार्ड सदस्य शिवनाथ राम, ललन सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के सदीपुर गांव के पास बाइक सवार अपराधियों ने युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी। गोली लगने से जख्मी युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ही गोड़तारा गांव निवासी प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक युवक बाइक से दूध बेचने जा रहा था। इसी क्रम में अज्ञात अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजन बेहतर इलाज के लिए अन्य जगह ले गए। इसके पूर्व सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी युवक ने बताया कि वह अपने घर से दूध बेचने के लिए निकला था। कुछ दूर पहले से ही बाइक सवार तीन लोग उसका पीछा कर रहे थे। जैसे ही सदीपुर गांव के पास पहुंचा तभी बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोली उसके पीठ में लगी। जख्मी युवक ने थाना क्षेत्र के ही गंगा बिगहा के मुनजी कुमार पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। हालांकि इसके पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# ऑनलाइन इंटर्नशिप प्रोग्राम से 500 छात्र-छात्रा हो रहे लाभान्वित : डॉ. सुधीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आइक्यूएसी, सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद एवं स्पोकन ट्यूटोरियल आईआईटी बॉम्बे के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ऑनलाइन माध्यम से स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 25 अगस्त से 25 सितंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें सभी विषयों के छात्र-छात्राओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा। स्पोकन ट्यूटोरियल की ट्रेनिंग मैनेजर रेनू सिंह ने छात्र-छात्राओं को परामर्श सत्र के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और छात्रों को इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इवेंट



कोऑर्डिनेटर बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नवाचार और स्किल बेस्ड एजुकेशन का अनुभव मिलेगा। उन्होंने बताया कि महीने भर में कई गतिविधियाँ निर्धारित की गई हैं, जो विद्यार्थियों को नई संभावनाओं से जोड़ेंगी। लगभग 500 छात्र-छात्रा इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में डॉली कुमारी, नीतू सिंह, सुशोभन आनंद, मनीष कुमार (एमबीए) समेत कई शिक्षकों और प्रशिक्षकों की सक्रिय उपस्थिति रही। महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस इंटर्नशिप से छात्र-छात्राओं के व्यावसायिक कौशल का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

### नये छात्रों के लिए इंडक्शन और मोटिवेशनल मीट आयोजित

सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को एसएससी और बीपीएससी की तैयारी कर रहे नव प्रवेशी ग्रीष्मकालीन छात्रों के लिए इंडक्शन एवं मोटिवेशनल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसऊद आलम के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रफुल्ल कुमार (एसडीडब्लूओ औरंगाबाद), अमरेंद्र कुमार (एसडीडब्लूओ दाउदनगर) तथा इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक सुनील कुमार शामिल हुए, जिन्हें पूर्व में बीपीएससी द्वारा ब्लॉक पंचायत राज अधिकारी पद पर चयनित किया गया था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन निदेशक मोहम्मद मसऊद आलम ने किया। इस मौके पर प्रेम शंकर गोंड, आर.के. बरियार, शशिकांत कुमार, अमित रंजन, चंदन कुमार, आमिर, तस्लीम, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# दावा-आपत्ति दाखिल करने के लिए मतदाताओं को करें जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत ओबरा प्रखंड के खरांटी गांव का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र (हाउस टू हाउस सर्वे फॉर्म) पूर्ण नहीं किया गया है, उन्हें किसी प्रकार की अनावश्यक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 अगस्त से 01 सितंबर तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने हेतु विशेष अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अपात्र नाम विलोपित करने, प्रविष्टियों में संशोधन कराने अथवा आपत्ति दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने इस सभी बीएलओ एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदाताओं को निर्धारित अवधि के भीतर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने हेतु अधिक से अधिक जागरूक करें तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक सूची में दर्ज हो, यह सुनिश्चित करें।

# क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में 8.73 करोड़ ऋण की स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार ग्रामीण बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकुल सहाय के निर्देशानुसार क्षेत्रीय कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा जिले में क्रेडिट आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों एवं जीविका दीदियों को बैंकिंग की मुख्य धारा से जोड़ने एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विशेष बल दिया गया। जिले के सभी 11 प्रखंडों में बिहार ग्रामीण बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केसीसी योजना के तहत कुल 962,




लखपति दीदी स्कीम के तहत कुल 121 एवं रिटेल योजना के तहत कुल 25 ऋण स्वीकृत किया गया। कार्यक्रम में कुल 8.73 करोड़ के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। जम्होर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक अपने स्थापना के समय से ही ग्रामीण विकास हेतु अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों एवं जीविका से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों ने इसे बैंक की अच्छी पहल बताया।

# जिउतिया लोकोत्सव का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** नगर परिषद बोर्ड की मासिक बैठक नप कार्यालय सभागार में मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक का संचालन स्टैंडिंग कमेटी सदस्य दिनेश प्रसाद ने किया। बैठक में छह एजेंडे पर चर्चा की गयी। विपक्षी पार्षदों की मांग पर जीआइएस बेस मैप एंड प्रॉपर्टी सर्वे के विषय सहित अन्य मुद्दों पर भी विमर्श हुआ। बैठक में तय किया गया कि दाउदनगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर जिउतिया पर्व पर नगर पर्षद द्वारा जिउतिया लोकोत्सव का आयोजन कराया जायेगा। इओ ऋषिकेश अवस्थी ने बताया कि कुछ पार्षदों ने शिकायत की थी कि उनके वार्डों में अन्य वार्डों की तुलना में कम कार्य हुए हैं। इस पर निर्णय लिया गया कि किसी भी वार्ड की उपेक्षा नहीं की जायेगी और सभी में समान रूप से कार्य होंगे। जिन वार्डों में कच्ची सड़कें हैं या नई बसावट हुई है, वहां विशेष ध्यान दिया जायेगा। इओ ने बताया कि ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स सर्वे बिहार सरकार की अद्यतन गाइडलाइन के अनुसार चल रहा है।

# महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड प्रथम वर्ष सत्र का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत देवकली स्थित बेहतर बीएड कॉलेज महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शैक्षणिक सत्र 2025-27 प्रथम वर्ष का सत्र आरंभ हो गया। इस उपलक्ष्य में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी नए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कालेज के अध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं संचालन प्राचार्य दुर्गेश कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सभी नए प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षक धीरज कुमार एवं पूनम प्रजापति द्वारा तिलक लगाकर एवं पठन-पाठन सामग्री का कीट देकर स्वागत किया



गया। इसके बाद सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से अपना परिचय देते हुए शिक्षक के आदर्श, गुण और उनकी गरिमा, समय की पाबंदी, शिक्षकों का कर्तव्य, भविष्य एवं वर्तमान शिक्षक आदि बिंदुओं से अवगत कराया। सभी छात्रों ने अपना परिचय दिया तथा एक उत्तम शिक्षक बनने की बात कही। मौके पर अर्पित कुमार, अमित कुमार, शुभम उपाध्याय, प्रमोद कुमार, यश कुमार, सतीश कुमार आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक श्रवण कुमार द्वारा दिया गया।

# वैश्विक हिंसा व सांप्रदायिकता मानव समाज के अस्तित्व के लिए खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में प्रधानाचार्य प्रो (डॉ) एम एस इस्लाम के निर्देशानुसार मंगलवार को आइक्यूएसी के अंतर्गत गांधी दर्शन की 21वीं सदी में प्रासंगिकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापिका डॉ रोज़ी कान्त ने वर्तमान सन्दर्भ में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता पर बोलते हुए कहा कि वैश्विक हिंसा और साम्प्रदायिकता मानव समाज




के अस्तित्व के लिए खतरा है। दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ बरुन कुमार चौबे ने महात्मा गांधी द्वारा दिए गये नई तालीम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जोड़ते हुए कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति गांधी के विचारों पर आधारित है। मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर शशांक मिश्र ने महात्मा गांधी के विचारों के वैश्विक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए शांति के मनोविज्ञान विषय पर अपनी बात रखी। अध्यक्षता करते हुए डॉ ज्योतिष कुमार ने महात्मा गांधी पर हुए हमलों की जानकारी देते हुए कहा कि गांधी के विचारों की हत्या संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधी जी को मारने की कोशिशें आज भी जारी हैं लेकिन गांधी मरते नहीं। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ देव प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण शोध एवं ग्रामीण विकास संस्थान, पटना द्वारा पूरे बिहार के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं स्कूलों में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता पर लेक्चर सीरीज एवं उनके जीवन पर बने मानचित्रों की प्रदर्शनी पूरे एक वर्ष आयोजित किया जाएगा जिसमें आम जनता खासकर नवयुवकों को गांधी जी के दर्शन से परिचित कराया जाएगा। मंच संचालन हिन्दी विभाग के डॉ आकाश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मतदान केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में नहीं होगा पार्टियों का कार्यालय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी निर्वाचन कार्य की सुदृढ़ एवं व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार को नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत सेक्टर पदाधिकारी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक संवैधानिक एवं राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता क्षम्य



नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी निर्वाचन कार्य में मतदान केंद्र एवं प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करते हैं और उनकी भूमिका केवल पर्यवेक्षण तक सीमित न रहकर निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, शुचिता एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण है। सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र का भौतिक निरीक्षण कर नजरी नक्शा एवं रूट चार्ट तैयार करेंगे तथा मतदान केंद्रों तक सुगम आगमन हेतु मार्ग की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्थानीय मतदाताओं, पंचायत प्रतिनिधियों अथवा सामाजिक कार्यकर्ताओं में से कम से कम 10 व्यक्तियों का नाम, पता एवं संपर्क सूत्र एकत्रित करेंगे जिससे निर्वाचन कार्य के समय त्वरित सहयोग प्राप्त किया जा सके। निर्वाचन कार्य की सुचारुता हेतु प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान भी तैयार किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी का कार्यालय स्थापित न हो। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल तथा जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली उपस्थित रहे।




CMYK